CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, मंगलवार 27 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 206 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान अधिकतम :33° C न्यूनतम: 21° C

सेंसेक्स 82,176.45 निफ्टी 25,001.15

सोना 98,555 चांदी 1,00,000



**इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध को पछाड़ नूर हुए आगे**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### विभाजन के बाद अस्तित्व में आए पाकिस्तान पर जमकर बरसे मोदी

# बहनों का सिंदूर मिटाने वालों का मिटना तय

■ दाहोद से किया पीएम ने 24 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

दाहोद, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर कहा है कि जो कोई 'हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, उसका मिटना भी तय है।'

श्री मोदी ने सोमवार को यहां विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो कोई हमारी बहनों का सिंदूर मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद अस्तित्व में आया देश भारत के प्रति नफरत पर जी रहा है। पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत से दुश्मनी करना और भारत को नुकसान पहुंचाना है, लेकिन भारत का लक्ष्य गरीबी हटाना, आर्थिक विकास लाना और विकसित राष्ट्र बनना है। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई नहीं, यह हम भारतीयों के संस्कारों, हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंक फैलाने वालों ने सपने में भी सोचा नहीं होगा कि 'मोदी' से मुकाबला करना कितना मुश्किल होता है। बाल-बच्चों के सामने पिता को गोली मार दी। आज भी वे तस्वीरें देखते हैं, तो खून खौल जाता है। ये 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी, इसलिए हमने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि हमने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारी -शेष पृष्ठ दो पर



### ऑपरेशन सिंदूर को मॉनिटर कर रहे थे तीनों सेना प्रमुख

**सेना ने बुकलेट जारी की, बीएसएफ के आईजी बोले- पाक ने राजस्थान में 413 ड्रोन अटैक किए**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने सोमवार को एक बुकलेट जारी की है। इसमें बताया गया कि 6-7 मई को लॉन्च किए ऑपरेशन सिंदूर की तीनों सेना प्रमुख मॉनिटरिंग कर रहे थे। बुकलेट में दिखाया गया है कि कैसे वॉर रूम से पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी जा रही थी। इसमें सेना चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और एयरफोर्स चीफ एयरचीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पार्लियामेंट्री कंसलटेटिव कमेटी की बैठक की। उन्होंने कहा कि डीजीएमओ ने पाकिस्तान को उसके क्षेत्र में टेरर कैंप पर भारतीय हमले की जानकारी तभी दी थी जब अटैक किया गया था। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान से कभी बात नहीं की। सेर्ना ऑपरेशन (सीजफायर) रोकने का फैसला पाकिस्तान की रिक्वेस्ट पर द्विपक्षीय लिया गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता का सवाल नहीं उठता है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद ही दी गई पाकिस्तान को जानकारी: जयशंकर

**नई दिल्ली।** सीमापार आतंकवाद के मुद्दे पर सोमवार को संसदीय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सरकार ने सीमापार आतंकवाद को लेकर अपनी रणनीति साझा की, जिसमें कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। सरकार ने संसद की सलाहकार समिति के साथ बैठक में बताया कि पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद का केंद्र थे। इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल पर चोट लगी है, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) स्तर पर दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को पहले से कोई सूचना नहीं दी गई थी और अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं, वे निराधार हैं।

### मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कमांडर मनीष ढेर

**लातेहार।** झारखंड में लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया तथा नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) वाईएस रमेश ने नक्सली कुंदन के मारे जाने की पुष्टि करते हुए सोमवार को यहां बताया कि लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को रविवार की रात सूचना मिली थी कि नक्सली कमांडर मनीष यादव अपने दस्ते के साथ महुआडांड थाना क्षेत्र के दौना और करमखाड के बीच जंगल में भ्रमणशील है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम गठित की गई और नक्सलियों की घेराबंदी का काम शुरू किया गया। इसी बीच पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई। रविवार देर रात से लेकर सोमवार सुबह तक चली पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नक्सली कमांडर मनीष यादव मारा गया है। मौके से दस लाख रुपये के इनामी नक्सली कुंदन खरवार को गिरफ्तार किया गया है।

## भाजपा विधायक आदेश चौहान को छह माह की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भांजी व तीन पुलिसकर्मियों को भी सीबीआई कोर्ट ने सुनाई सजा
■ हरिद्वार जनपद के रानीपुर क्षेत्र से भाजपा के विधायक हैं आदेश चौहान
■ सजा सुनाए जाने के बाद उन्हें जमानत भी मिल गई

**देहरादून/हरिद्वार।** पुलिस हिरासत में मारपीट के करीब 16 वर्ष पुराने एक मामले में बीजेपी के विधायक को सीबीआई कोर्ट ने 6 महीने की सजा सुनाई है।

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की रानीपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के विधायक आदेश चौहान सहित उनकी भांजी एवं 3 पुलिसकर्मियों को सीबीआई कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सीबीआई कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में की गई मारपीट से जुड़े मामले में सजा सुनाई है। सजा सुनाए जाने के बाद उनको सोमवार को ही जमानत भी मिल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक पर अपनी भांजी के पति को पुलिस हिरासत में मारने-पीटने का आरोप है। घटना का दोषी मानते हुए सीबीआई कोर्ट ने विधायक के साथ उनकी भांजी एवं तीन पुलिसकर्मियों को भी सजा सुनाई गई। सीबीआई के स्पेशल मजिस्ट्रेट संदीप भंडारी की अदालत ने पीड़ित -शेष पृष्ठ दो पर

## पाक को खुफिया जानकारी भेजने वाला CRPF जवान गिरफ्तार

■ आरोपी मोतीराम जाट को पाक अफसरों से मिले पैसे: एनआईए

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली से सीआरपीएफ के जवान मोती राम जाट को गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों को भारत की संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है।

एनआईए के मुताबिक, 2023 से पाकिस्तान खुफिया अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी डिटेल शेयर कर रहा था। मोती राम को पीआईओ से अलग-अलग तरीकों से पैसे भी मिल रहे थे। मोती राम को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 6 जून तक की कस्टडी में भेजा गया है। एनआईए उससे पूछताछ कर रही है। 24 मई को गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया था। गोहिल बीएसएफ -नेवी की मौजूदा सेना यूनिट्स की फोटो- वीडियो व्हाट्सएप के जरिये पाकिस्तानी एजेंट को भेजा करता था।

### यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।

### भूषण स्टील के परिसमापन कार्यवाही पर यथास्थिति का आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के परिसमापन कार्यवाही पर पुनर्विचार याचिका दायर करने की समय सीमा समाप्त होने तक यथास्थिति बनाए रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने जेएसडब्ल्यू स्टील की याचिका पर यह आदेश पारित किया।

### सुप्रीम कोर्ट बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड टीडीआर विवाद पर आज करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अधिग्रहित बेंगलुरु पैलेस ग्राउंड की 15 एकड़ से अधिक अधिग्रहित भूमि के लिए श्रीकांतदत्त नरसिंहराजा वाडियार और अन्य के कानूनी उत्तराधिकारी के पक्ष में 3,400 करोड़ रुपये से अधिक के हस्तांतरणीय विकास अधिकार प्रमाण पत्र (टीडीआर) जारी करने के अदालती फैसले को चुनौती देने वाली कर्नाटक सरकार की नई याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा।

### एटीएस नागपुर की महिला से करेगी पूछताछ

**मुंबई।** बहु-एजेंसी जांच के अलावा महाराष्ट्र पुलिस का आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) नागपुर की महिला सुनीता भालेश्वर जामगड़े से भी पूछताछ करेगा, जिसे पाकिस्तानी अधिकारियों ने रविवार को भारतीय अधिकारियों को सौंपा था। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि सुनीता इस महीने की शुरुआत में करगिल के हुंदरमन गांव से नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान चली गई थी। 43 वर्षीय सुनीता के 14 मई को लापता होने की सूचना मिली थी। पुलिस के अनुसार वह दस दिन पहले अपने बेटे को छोड़कर भूलवश सीमा पार चली गई थी और बाद में उसे पाकिस्तानी बलों ने पकड़ लिया और महिला को 24 मई को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया।

### नेहा सिंह राठौर के मामले में सुनवाई 29 मई को

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने पहलगाम हमले पर टिप्पणी के मामले में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की याचिका पर अगली सुनवाई 29 मई को नियत की है। उधर, राठौर ने लखनऊ के हजरतगंज थाने में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। याचिका पर न्यायाधीश विवेक चौधरी व न्यायाधीश बृजराज सिंह की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से सरकारी वकील ने कहा कि मामले की केस डायरी की पूरी जानकारी उनके पास है। इस पर, याची के अधिवक्ता ने कहा कि अभियोजन ने याची के खिलाफ जो साक्ष्य पाए हैं उन्हें याची को सौंपा जाए।

## पटना में एम्स डाक्टर सहित दो कोरोना पॉजिटिव

■ बिहार में पहला मामला, बंगाल में चार नए केस, दिल्ली में 104, देश में अब तक 1009 एक्टिव मामले

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत में** कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। बिहार में सोमवार को एम्स पटना के एक डाक्टर और एक 31 साल के व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई। यह कोरोना की मौजूदा लहर में राज्य का पहला मामला है।

वहीं पश्चिम बंगाल में चार और लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है, जिसके बाद सक्रिय मामलों की संख्या 12 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मरीजों को सांस संबंधी समस्याएं हैं। अधिकतर मामले कोलकाता और उसके आसपास से सामने आए हैं। पिछले एक सप्ताह में कोविड-19 के 752 नए मामले सामने आए हैं? देश में कुल मामलों की संख्या 1,009 हो गई है। पिछले एक सप्ताह में केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में सबसे ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में 335 नए मामले सामने आए हैं, जिसके साथ ही कुल एक्टिव मामले 430 हो गए हैं। महाराष्ट्र में 153 और दिल्ली में 99 नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में इस वक्त कुल 104 एक्टिव मामले हैं। इन शहरों के बाद गुजरात में 83 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15 मामले दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना के बढ़ते नए मामलों के बीच अब तक 7 लोगों की मौत भी हुई है। रविवार को महाराष्ट्र के ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज कलवा अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के कोविड मरीज की मौत हो गई। युवक का 22 मई से इलाज चल रहा था। राज्य में अब तक 4 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर के कारण हुई। हालांकि, 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

### राज्यसभा की आठ सीटों के द्विवार्षिक चुनाव 19 जून को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने राज्यसभा के लिए असम से उन दो तथा तमिलनाडु से उन छह सीटों के लिए 19 जून को चुनाव कराने की सोमवार को घोषणा की जिनके लिए निर्वाचित वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल जून-जुलाई में पूरा हो रहा है। इन सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचना दो जून को जारी की जाएगी। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार इन सीटों के लिए निर्वाचित सदस्यों का वर्तमान कार्यकाल आगामी 14 जून और 24 जुलाई को पूरा होने जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए नामांकन पत्र सोमवार नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 12 जून रखी गई है। इन सीटों के लिए मतदान 19 जून को पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न चार बजे तक कराया जाएगा। मतों की गिनती मतदान पूरा होने के एक घंटे बाद उसी दिन शाम पांच बजे की जाएगी। आयोग ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी असम से राज्यसभा के सदस्य मिशन रंजन दास और बीरेन्द्र (दोनों भाजपा) का कार्यकाल 14 जून को पूरा हो रहा है।

## मुंबई में भारी बारिश, अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में भरा पानी

■ लोकल ट्रेनें भी प्रभावित, हजारों लोग फंसे, आठ फ्लाइट्स प्रभावित, पुणे में बादल फटा, घरों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मुंबई में सोमवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। हाल ही में शुरू हुए वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने एक मई को ही इसका उद्घाटन किया था।

इधर, घने बादलों की वजह से विजिबिलिटी लो है। इस वजह से 8 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। सड़कों पर भी लोग गाड़ियों की लाइट ऑन करके ड्राइव कर रहे हैं। बारिश के साथ मुंबई में 70 से 80 किमी की रफ्तार से हवा चली, जिससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए हैं। बारिश के बाद कई जगह 7-8 किमी लंबा जाम लगा हुआ है। हार्बर, सेंट्रल लाइन पर लोकल ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। हजारों लोग अभी भी फंसे हुए हैं। इधर पुणे में रविवार की तेज बारिश की वजह से -शेष पृष्ठ दो पर



### देश के कई हिस्सों में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून मुंबई, बेंगलुरु और पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि मानसून मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अलावा, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी मानसून पहुंच गया है। असम और मेघालय के कुछ हिस्सों में भी सोमवार को मानसून की बारिश हुई। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और यह जल्द ही अरब सागर के मध्य भाग, महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में सक्रिय हो जाएगा।

### कोच्चि तट पर लाइबेरियाई जहाज डूबा, सार्वजनिक परामर्श जारी

**कोच्चि।** केरल में कोच्चि तट पर अरब सागर में लाइबेरिया के कंटेनर जहाज के डूबने के बाद एक सार्वजनिक परामर्श जारी किया गया है, जिसमें लोगों को किसी भी तैरते या किनारे पर पड़े कंटेनर या मलबे के पास न जाने या उनसे संपर्क न करने का निर्देश दिया गया है, क्योंकि उनमें खतरनाक पदार्थ हो सकते हैं। जहाज पर कुल 643 कंटेनर थे, जिनमें से 73 खाली थे और 13 में खतरनाक सामान थे, जिनमें कैल्शियम कार्बाइड भी शामिल था। एक ऐसा रसायन जो पानी के साथ हिसक रूप से प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस छोड़ता है। कंटेनर जहाज 24 मई को दोपहर करीब 1:25 बजे एमएससी एल्सा 3 विझिंजम से कोच्चि बंदरगाह के रास्ते में अरब सागर में पलट गया और बाद में डूब गया। तिरुवनंतपुरम जोन के सीमा शुल्क के मुख्य आयुक्त के कार्यालय द्वारा जारी परामर्श के अनुसार घटना के समय जहाज पर मौजूद सभी सामान पर शुल्क नहीं चुकाया गया था और ऐसे सामान को किसी भी तरह से अनधिकृत तरीके से हटाना या चुराना अवैध है।

## मोदी ने 11 साल में कर दी देश की दुर्दशा

### कहा: देश में बेरोजगारी बढ़ी और अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई
■ अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 साल के दौरान देश बर्बाद हो गया है और इस दौरान देश मे बेरोजगारी बढ़ी, अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई और विदेश नीति के स्तर पर भारत की साख कमजोर हुई है।

श्री खड़गे ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि 11 सालों में बड़े-बड़े 'वादों' को खोखले 'दावों' में बदलकर मोदी सरकार ने देश की ऐसी दुर्दशा कर दी, कि 'अच्छे दिन' की बात अब एक 'डरावने सपने' की तरह साबित हुई। युवा, सालाना दो करोड़ नौकरियों का वादा, असलियत में करोड़ों की गायब। किसान, न आय हुई दोगुनी, ऊपर से खानी पड़ी रबर बुलेट, महिला, आरक्षण पर शर्तें लागू, सुरक्षा तार-तार, कमज़ोर वर्ग एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक पर भयावह अत्याचार, हिस्सेदारी खत्म। उन्होंने पिछले 11 साल में देश की अर्थव्यवस्था तथा विदेश नीति को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि अर्थव्यवस्था, महंगाई की पराकाष्ठा, बेरोजगारी की बाढ़, खपत ठप्प, मेक इन इंडिया रहा फ्लॉप और असमानता चरम पर। विदेश नीति, वादा था 'विश्वगुरु' बनने का, बिगाड़े हर देश से सम्बन्ध। लोकतंत्र, हर स्तंभ पर आरएसएस का हमला, ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग, संस्थानों की स्वायत्तता दी उजाड़ और 140 करोड़ जनता का हर तबका परेशान, 11 सालों में ऐसा रहा कमल का निशान।



### मध्यम उद्योगों की जीडीपी में 29 % की हिस्सेदारी: नीति आयोग

**नई दिल्ली।** सकल घरेलू उत्पादन – जीडीपी में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग- एमएसएमई क्षेत्र का योगदान 29 प्रतिशत है, जबकि यह 60 प्रतिशत लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है। नीति आयोग की सोमवार को यहां मध्यम उद्यमों के लिए नीति तैयार करना पर रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि मध्यम उद्यम भविष्य के बड़े उद्यम हैं और 2047 के विकासशील भारत के चालक हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 29 प्रतिशत का योगदान देता है और 60 प्रतिशत से अधिक कार्यबल को रोजगार देता है। इसके अलाव निर्यात में 40 प्रतिशत की हिस्सेदारी है रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों को भारत की अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक योजना पेश की है।



## संक्षिप्त समाचार

### 5000 इंजीनियर्स को यूपीपीसीएल ने दिया नोटिस

**लखनऊ।** यूपी के पूर्वांचल और दक्षिणांचल इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कारपोरेशन के निजीकरण होने के खिलाफ बिजली कर्मचारियों की 29 मई से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की चेतावनी की घोषणा के बाद पावर कारपोरेशन ने प्रदेश के 5000 से ज्यादा इंजीनियर्स को नोटिस भेजते हुए इसमें शामिल न होने की चेतावनी दी है और कहा है कि यदि काम बंद किया, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों को डराने और उनकी आवाज को दबाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने नोटिस भेजते हुए बहिष्कार में शामिल न होने के लिए कहा है।

### पिता और दो पुत्रों की हथौड़ा मार कर हत्या

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जफराबाद क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग और उसके दो पुत्रों की सिर पर हथौड़ा मार कर हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी (62) उसके पुत्र गुड्डू कुमार (32) व यादवीर (28) की लाल जी बेल्डिंग वर्कशॉप के नाम से दुकान क्षेत्र के नेवादा बाईपास पर थी। रविवार की रात लाल जी अपने दो पुत्रों के साथ दुकान पर था कि देर रात अज्ञात बदमाशों ने हथौड़े से सिर पर मार कर तीनों की हत्या कर दी और सीसीटीवी कैमरे के डीबीआर को भी चाबी से खोलकर लेकर चले गए। मौके पर चार मोबाइल फोन मिले हैं। घटना की सूचना गुड्डू कुमार के बहनोई ने पुलिस को दिया है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमों का गठन किया है।

### मधुबनी गोंड कला के कलाकारों ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस (घरेलू जीवन के कलाकार) कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को मधुबनी चित्रकार और गोंड लोक-कला के कलाकारों के एक समूह ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति में बताया गया राष्ट्रपति ने इस कार्यक्रम में प्रदर्शित लोक-चित्रकारों की कलाकृतियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने भारत की महत्वपूर्ण पारंपरिक कलाओं के इन दो रूपों में उनके योगदान की सराहना की और उनके भविष्य के कलात्मक प्रयासों में सफलता की कामना की।

### केरल से कश्मीर तक चलो एलओसी यात्रा एक जून से

**तिरुवनंतपुरम।** केरल से कश्मीर तक 'चलो एलओसी' यात्रा आगामी एक जून को आदि शंक. राचार्य के जन्मस्थान कलडी से शुरू होगी और 12 जून को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास टीटवाल में शारदा मंदिर पहुंचेगी। अभिनवगुप्त उन्नत अध्ययन संस्थान के निदेशक एवं 'चलो एलओसी' के राइड कैप्टन आर. रामानंद ने बताया कि 100 बुलेट मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ, 'बुलेट अगेंस्ट बुलेट्स' के नारे के तहत विरोध यात्रा शुरू की जाएगी, जिसका उद्देश्य आतंकवाद के पीड़ितों को सम्मानित करना और न्याय और शांति का आह्वान करना है।

# पाक को सम्मान कांग्रेस ने नहीं, भाजपा ने दिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने वर्तमान संकट के लिए उसे जिम्मेदार ठहरने पर भाजपा नेता निशिकांत दुबे को आड़े हाथ लेते हुए सोमवार को कहा कि इतिहास का ज्ञान नहीं होने पर भी उन्हें समझना चाहिए कि पाकिस्तान को सम्मान देने का काम कांग्रेस ने नहीं, बल्कि भाजपा के नेताओं ने ही किया है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि निशिकांत दुबे कांग्रेस पर हमला करने के लिए भुट्टो का हवाला दे रहे हैं। अब बताइए, पाकिस्तान के नेताओं को सम्मान कौन दे रहा है, लेकिन इसमें हैरानी की कोई बात नहीं है, अडवाणी और श्री जसवंत सिंह ने सार्वजनिक रूप से जिन्ना की तारीफ की थी और मोदी ने पठानकोट एयरबेस पर आतंकी हमले की जांच के लिए आईएसआई को बुलाया था। उन्होंने कहा कि और ये



■ कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बीजेपी पर किया पलटवार

बिचौलिए से नकली इतिहासकार बना व्यक्ति यह भी जान ले कि सरदार स्वर्ण सिंह और भुट्टो के बीच 1963 में छह दौर की वार्ताएं हुई थीं, लेकिन वो सारी बातचीत भारत और पाकिस्तान में हुई थी, किसी 'तटस्थ स्थान' पर नहीं, जैसा कि 10 मई 2025 की संघर्षविराम घोषणा में डा. जयशंकर के मित्र और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था।

गौरतलब है कि दुबे ने इतिहास का हवाला देते हुए कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि आयरन लेडी इंदिरा जी और उनके पिताजी नेहरु जी कश्मीर के अवैध कब्जे़ पाकिस्तान के द्वारा 1948 के बाद दुबारा मध्यस्थ अमेरिका और ब्रिटेन के दबाव में भारत सरकार के मंत्री स्वर्ण सिंह जी व जुल्फिकार अली भुट्टो की लगातार बैठक 1962 से 1964 के बीच हुई, भारत ने पुंछ तथा उरी पाकिस्तान के द्वारा जबरदस्ती हथियाए भूभाग को पाकिस्तान को देने का फ़ैसला ही कर लिया था, इतने पर ही मामला नहीं रुका गुरेज़ में पूरी नीलम और किशनगंगा घाटी के साथ लाइन ऑफ कंट्रोल को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा। भारत की आज की समस्या का एकमात्र कारण कांग्रेस का हाथ, किसके साथ।

### महिलाओं के साथ जघन्य अपराध नहीं रोक पा रही मप्र सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटनाएं लगातार बढ़ रही है, अपराधी बेधड़क घूम रहे हैं और राज्य सरकार अपराधों को रोकने में पूरी तरह असमर्थ साबित हो रही है। आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख डा. विक्रांत भूरिया ने कहा कि मध्य प्रदेश में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के साथ लगातार अत्याचार की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार इसे नियंत्रित नहीं कर पा रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव गृह मंत्रालय का कार्य भी संभाल रहे हैं, इसलिए राज्य में सबसे पहले पूर्णकालिक गृह मंत्री होना चाहिए।

# कृषि सब्सिडी किसान के खाते में मिले

**नई दिल्ली, वार्ता**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में भेजने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है।

धनखड़ ने सोमवार को मध्य प्रदेश के नरसिंह पुर में 'कृषि उद्योग समागम' का उद्घाटन करते हुए कहा कि किसानों को हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में मिलनी चाहिए। इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यदि ये सब सीधी किसानों को दी जायें, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा



■ कृषि उद्योग समागम में बोले उपराष्ट्रपति जगदीप

कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए। इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसान को हर तरीके से सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, लेकिन अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है। कृषि का उद्योग से व्यापक स्तर पर जुड़ाव-लगाव है। देश की आर्थिक प्रगति पर धनखड़ ने कहा कि पिछले दशक में भारत ने बड़ी आर्थिक छलांग लगाई है। आज भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। बहुत ही जल्दी भारत दुनिया की तीसरी बड़ी महाशक्ति बनने वाला है। कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि क्षेत्र में उद्यमियों के रूप में उभरना चाहिए। देश में 730 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की अनेक संस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योगों, सांसदों, विधायकों और प्रमुख गैर सरकारी संगठनों को किसान बहुल गांवों को गोद लेना चाहिए। गांवों में किसान उद्यमियों का बढ़ावा देना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि किसान को उद्योग और व्यापार में आने के लिए प्रेरित किया जाएगा, तो देश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 से पहले हासिल हो जाएगा।

# आयुष विभाग में 4350 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में आयुष विभाग की बैठक में विभिन्न रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक विभाग में रिक्त कुल 4,350 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें से कुछ पद पदोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग के माध्यम से भरे जाएंगे। वहीं कुछ पदों के लिए अधियाचन भेजा जा चुका है।

प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में आयुष चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन होना चाहिए। इसी क्रम में निदेशक, उप निदेशक, प्राचार्य, प्रोफेसर, लेक्चरर, चिकित्साधिकारी, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, मैट्रन, रीडर जैसे महत्वपूर्ण पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं में कुल 7,233 स्वीकृत पदों



■ कुछ पद पदोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग के माध्यम से भरे जाएंगे

में से 4,208 पद भरे हुए हैं, जबकि 3,025 पद रिक्त हैं। इसी तरह यूनानी चिकत्सा सेवाओं में कुल 462 स्वीकृत पदों में से 301 भरे हुए हैं, जबकि 161 पद खाली हैं। इसके अलावा होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाओं में कुल 3,818 स्वीकृत पदों में से 2,654 भरे हुए हैं, जबकि 1,164 पद रिक्त हैं। इन पदों में से कई पर प्रोन्नति, सीधी भर्ती, लेखा व वित्तीय संगर्व, पीएसएस संवर्ग तथा अधियाचन भेजे जाने के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी। प्रमुख सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जबकि कुछ पदों के अधियाचन प्रेषित कर दिए गए हैं।

## हर विद्यालय में तय होगा शिक्षक-छात्र अनुपात: योगी

# हर विधानसभा में खुलेंगे कंपोजिट स्कूल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा को समाज और राष्ट्र की आधारशिला बताते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर विद्यालय में शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे। मुख्यमंत्री ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 25-30 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ये विद्यालय प्री-प्राइमरी से सीनियर सेकेंडरी तक एक ही कैंपस में सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे।

लोकभवन सभागार में सोमवार को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम उन्होंने 3300 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। योगी ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में हुए अभूतपूर्व बदलावों की सराहना की और भविष्य के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के कार्यों के एक नए मॉडल की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के भविष्य को संवारने का सबसे मजबूत हथियार है। योगी ने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय और



■ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षकों की कमी नहीं होने देंगे: मुख्यमंत्री

निपुण आकलन जैसे कार्यक्रमों के साथ उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है। उन्होने बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत प्रदेश के 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों व अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण किया। साथ ही 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास भी किया। इस दौरान उन्होंने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपए की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में जर्जर भवन, गंदगी और अव्यवस्था का बोलबाला था। छात्रों की कमी और ड्रॉपआउट दर अधिक थी, लेकिन ऑपरेशन कायाकल्प ने इस तस्वीर को बदल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के लगभग सभी विद्यालय इस अभियान से जुड़ चुके हैं और शेष 2.3 प्रतिशत विद्यालय भी इस वर्ष कायाकल्प के दायरे में आ जाएंगे। इन स्कूलों में अब शौचालय, पेयजल, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्कूलों में छात्रों की संख्या 800-1200 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा का एक नया मॉडल है, जो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के अवसर प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षक और छात्र का अनुपात हर हाल में बनाए रखा जाएगा। शिक्षकों की कमी नहीं होगी। हर विद्यालय में पर्याप्त शिक्षक होंगे, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बीएड और एमएड के छात्रों को निपुण आकलन कार्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें फील्ड अनुभव मिले और वे स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाओं से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक नया अनुभव होगा और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगा। योगी ने समर कैंप को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बताते हुए इसमें खेल, संगीत, नृत्य, नाटक और योग जैसी गतिविधियों को शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए हर विद्यालय में अभी से प्रशिक्षण शुरू हो।

### यूपी में रेपिडो चालकों का बाइक प्रशिक्षण आज

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लिए अब आम नागरिकों को भी जीवन रक्षक बना रही है। इस कड़ी में राजधानी लखनऊ में 27 मई को विश्व इमरजेंसी मेडिसिन दिवस के अवसर पर रैपिडो बाइक टैक्सी के 1200 चालकों को कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन और फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण मेदांता हॉस्पिटल (शहीद पथ) में आयोजित होगा, जिसमें देश के 16 राज्यों से आए डॉक्टर्स और विशेषज्ञ भाग लेंगे।सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क सुरक्षा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है। इसी के तहत यह अनूठा अभियान चलाया जा रहा है, जो 'हर नागरिक एक रक्षक' की भावना को मजबूती देगा। प्रशिक्षण के बाद रैपिडो कैप्टन सिर्फ सवारी नहीं पहुंचाएंगे, बल्कि जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाने में भी सक्षम होंगे। भारत में हर साल 1.5 लाख से ज्यादा लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाते हैं। यानी हर दिन औसतन 400 से ज्यादा मौतें, जिनमें से कई सिर्फ इसलिए होती हैं, क्योंकि समय रहते उन्हें प्राथमिक इलाज नहीं मिल पाता। रैपिडो बाइक चालकों की गिनती हजारों में है और ये हर रोज सड़कों पर रहते हैं। ऐसे में यह प्रशिक्षण उन्हें आपातकालीन स्थिति में पहला मददगार बना देगा। इस अभियान का संचालन सोसाइटी आफ एक्यूट केयर, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन और रैपिडो मिलकर कर रहे हैं। सेक्टम के फाउंडर डा. लोकेन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह मिशन एक दिन, एक राष्ट्र, एक लक्ष्य के संकल्प के साथ शुरू किया जा रहा है, जो न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि देशभर में सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## अर्थ व्यापार

# व्यापार तनाव घटने की उम्मीद, चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समय सीमा बढ़ाए जाने के वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन चढ़ गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर चार कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,176.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के पार 25001.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत उछलकर 45,111.47 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51,766.72 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4267 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2301 में लिवाली जबकि 1772 में बिकवाली हुई, वहीं 194 में कोई बदलाव नहीं



हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2982 कंपनियों के शेयरों में से 1735 में तेजी जबकि 1173 में गिरावट रही, वहीं 74 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस कदम से संभावित नए व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है, जिसने हाल के दिनों में वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ा दी थी।

विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला विश्व बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा और निवेशकों की भावना को सहारा देगा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संकेत देता है कि अमे. रिका फिलहाल विवाद के बजाय समाधान की दिशा में बढ़ना चाहता है। इनके अलावा भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह न केवल वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि घरेलू स्तर पर भी निवेश भावना को मजबूत करेगा। विशेषज्ञों के अनुसार भारत की यह प्रगति मजबूत आर्थिक बुनियाद, सतत सुधारों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर विकास दर का परिणाम है। ऐसे समय में जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं, भारत की रैंकिंग में यह उछाल देश को वैश्विक निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बना सकता है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सरकार को वित्त वर्ष 2023.24 के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपए का लाभांश देने की घोषणा ने आर्थिक जगत में हलचल मचा दी है। यह आंकड़ा बाजार की अपेक्षाओं से कहीं अधिक है और सरकार के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। इससे बीएसई में सर्विसेज में 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में तेजी रही।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा आठ रिंगिट की बढ़त के साथ 3832 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट चढ़कर 49-35 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया,



जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई, जबकि मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500- 7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बहनों का...** सेना ने वह कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमा पार चल रहे आतंक के नौ सबसे बड़े आतंकी ठिकानों को ढूंढ़ निकाला। अता-पता पक्का कर लिया और 22 अप्रैल को जो खेल खेला गया था, छह मई की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाई पाकिस्तानी सेना में दुस्साहस दिखाया, तो उसे भी सेना ने धूल चटाई। श्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव विनिर्माण संयंत्र सहित 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने अहमदाबाद-वेरावल वंदे भारत सेवा और वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने ऐसे अभूतपूर्व और अकल्पनीय निर्णय लिए हैं, जो दशकों पुरानी बाधाओं से मुक्त हुए हैं और हर क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश निराशा और अंधकार के युग से निकलकर आत्मविश्वास और आशावाद के नए युग में प्रवेश कर चुका है। श्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय एक विकसित भारत के निर्माण में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत अब स्मार्टफोन, ऑटोमोबाइल, खिलौने, रक्षा उपकरण और दवाओं सहित कई तरह के उत्पादों का निर्यात कर रहा है। भारत न केवल रेल और मेट्रो तकनीक का निर्माण कर रहा है, बल्कि इसे वैश्विक स्तर पर निर्यात भी कर रहा है। श्री मोदी ने पिछले 10-11 वर्षों में भारत के रेलवे क्षेत्र के तेजी से विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेनें अब लगभग 70 मार्गों पर चल रही हैं, जो भारत के परिवहन नेटवर्क को और मजबूत बनाती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोच और इंजन अब घरेलू स्तर पर निर्मित होते हैं, जिससे आयात पर निर्भरता कम होती है। श्री मोदी ने कहा कि भारत रेलवे उपकरणों के एक प्रमुख निर्यातक के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच और इंग्लैंड, सऊदी अरब और फ्रांस को ट्रेन कोच निर्यात करता है। मैक्सिको, स्पेन, जर्मनी और इटली भी भारत से रेलवे से संबंधित घटक आयात करते हैं। उन्होंने कहा कि यह 'मेक इन इंडिया' पहल के निरंतर विस्तार को दर्शाता है तथा राष्ट्रीय गौरव को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के कई क्षेत्रों को पिछले दशक में पहली बार रेलवे कनेक्टिविटी मिली है। उन्होंने कहा कि गुजरात के कई इलाकों में पहले केवल छोटी, धीमी गति वाली ट्रेनें थीं, लेकिन अब कई नैरो-गेज मार्गों का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि दाहोद की रेल फैक्ट्री 9,000 हॉर्स पावर के इंजनों का निर्माण करेगी, जिससे भारत की ट्रेनों की शक्ति और क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, उन्होंने कहा कि दाहोद में बनने वाले हर इंजन पर शहर का नाम होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में सैकड़ों इंजन बनाए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह कारखाना रेलवे के पुर्जे बनाने वाले छोटे उद्योगों को भी समर्थन देगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर फैक्ट्री से परे भी फैले हुए हैं, जिससे किसानों, पशुपालकों, दुकानदारों और मजदूरों को लाभ मिलता है तथा व्यापक आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होती है। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि विक. सित भारत के निर्माण के लिए आदिवासी क्षेत्रों का विकास आवश्यक है। आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। गुजरात के आदिवासी क्षेत्रों में काम करने के उनके लंबे अनुभव ने राष्ट्रीय स्तर की पहल में योगदान दिया है। श्री मोदी ने उस समय को याद किया जब गुजरात में आदिवासी बच्चों को विज्ञान की पढ़ाई करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज, पूरे आदिवासी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध है, अच्छे कॉलेज, आईटीआई, मेडिकल कॉलेज और इन समुदायों की सेवा करने वाले दो समर्पित आदिवासी विश्वविद्यालय हैं।

**भाजपा विधायक...** को अवैध तौर से हिरासत में रखना, मारपीट व अन्य धाराओं में रानीपुर के भाजपा विधायक आदेश कुमार चौहान, उनकी भतीजी दीपिका चौहान को 6-6 महीने एवं पुलिस विभाग से रिटायर्ड आरके चमोली, इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह रौतेला एवं दिनेश कुमार को एक-एक साल की सजा सुनाई है। ज्ञात रहे कि दोषी करार दिए गए आरोपी पुलिसकर्मियों में से एक पुलिसकर्मी का पहले ही देहांत हो चुका है। गौरतलब है कि ये घटना वर्ष 2009 की है। विधायक की भांजी दीपिका चौहान ने अपने पति मनीष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। पीड़ित पक्ष की तरफ से सहारनपुर निवासी रिटायर्ड प्रवक्ता धीर सिंह चौहान ने शिकायत की थी कि 11 जुलाई 2009 को उनको, पत्नी शकुंतला एवं बेटे मनीष को थाने में बुलाया गया और जबरन अवैध रूप से हिरासत में रखकर मारपीट व उत्पीड़न किया गया। मामला आगे बढ़ा तो पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट की शरण ली, जिस पर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई जांच की गई। मामला काफी दिनों से सीबीआई कोर्ट में चल रहा था।

**मुंबई में...** नदी-नाले अचानक उफान पर आ गए। पुणे-सोलापुर हाईवे पर पाटस इलाके में बादल फटने से पुणे के बारामती और इंदापुर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। बारिश के बाद यहां सड़कें पानी में डूब गईं। करीब 200 घरों में पानी भर गया और कई गाड़ियां बह गईं। एनडीआरएफ की 2 टीमें रेस्क्यू के लिए तैनात की गई हैं। मुंबई, ठाणे, पालघर समेत महाराष्ट्र के कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि मुंबई और उपनगरीय क्षेत्रों में दिन भर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मुंबई के सांताक्रूज के सुपारी टैंक और नारियल वाड़ी में सबसे ज्यादा 25 मिमी, पाली हिल में 24 मिमी, विले पार्ले और अंधेरी फायर स्टेशन ने 15 मिमी और 14 मिमी बारिश दर्ज की। चकल नगर निगम विद्यालय और मालवणी फायर स्टेशन में 14 मिमी और 12 मिमी बारिश हुई, जबकि वर्सोवा पंपिंग स्टेशन पर 11 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। चेंबूर की कलेक्टर कालोनी में 13 मिमी जबकि चेंबूर फायर स्टेशन में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध प्रदेश बन गया है उत्तर प्रदेशः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा भाजपा सरकार की गलत नीतियों से उत्तर प्रदेश अपराध प्रदेश बन गया है। श्री यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि कानून-व्यवस्था पर भाजपा सरकार का जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है। अपराधी खुले आम गोलियां चला रहे है, हत्याएं कर रहे है। उनको कानून का डर नहीं रह गया है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में राजधानी लखनऊ तक में लोग सुरक्षित नहीं है। लखनऊ में दिन दहाध्े गोलियां चल रही है। गैंगवार हो रही है। राजधानी लखनऊ के सर्वोदय नगर में सध्क पर दौघ कर गोली मारी गयी। लखनऊ के ही पारा में पापर्टी डीलर के दफ्तर में दबंगों ने लाठी-डंडो से हमलाकर पिटाई की। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जब उत्तर प्रदेश को एक स्थायी डीजीपी नहीं दे सकती है तो वह कानून व्यवस्था क्या संभालेगी। यह कैसी भाजपा सरकार है जहां चारों तरफ अराज. कता ही अराजकता है। भाजपा राज में महिलाएं, बच्चियां आए दिन अपमानित होती ही रहती है। अभी दो दिन पहले अपनी इज्जत बचाने के लिए एक बच्ची को ऑटो से कूदना पघ। वह बुरी तरह घायल हो गयी। कई छात्राओं ने छेघ्खानी से तंग आकर फांसी भी लगा ली।

### जालौन में डाक्टरों ने बीमार पत्रकार को पीटा

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले मेंमाधौगढ़ साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे पत्रकार के साथ डाक्टर और सहयोगी स्टाफ ने मारपीट की। पत्रकार कुलदीप अपने पिता राजकुमार के साथ कोंच से लौटते समय तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचे थे। बताया गया कि डॉक्टर हरिशंकर प्रजापति अपने कक्ष में मोबाइल फोन में व्यस्त थे। जब राजकुमार ने बेटे को देखने की बात कही और मोबाइल चलाने से मना किया, तो डॉक्टर भड़क गए। इसके बाद डॉक्टर और अन्य स्टाफ ने मिलकर कुलदीप की पिटाई कर दी, जिससे वह लहूलुहान हो गए। घायल पत्रकार काफी देर तक अस्पताल परिसर में पड़ा रहा। पिता राजकुमार ने बीच-बचाव की को. शिश की, लेकिन बदसलूकी का शिकार बने। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम मनोज सिंह और सीओ राम सिंह मौके पर पहुंचे और घायल पत्रकार से बातचीत कर मामले की जानकारी ली। पत्रकारों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। घायल पत्रकार का इलाज चल रहा है।

### कुशीनगर में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के कोटवा- घुघली मार्ग पर कौवासार में तेज रफ्तार बाइक के पेड़ से टकराने से दो युवकों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बतया कि नेबुआ नौरंगिया थाना के ग्राम सभा बिहारी छपरा निवासी परीक्षन प्रसाद के बेटे की बारात रविवार देर रात कोटवा जा रही थी जिसमें शामिल होने के लिये दोनों युवक बिहार छपरा से बाइक पर सवार होकर निकले थे कि कौवासर पुल के पास उनकी बाइक और नियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने घायल युवकों को कोटवा स्थित सीएचसी केन्द्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान खड्डा थाना क्षेत्र के सुकरौली निवासी कबीर प्रसाद (22) और रामकोला थाना क्षेत्र के फरना निवासी सतीश (25) के रूप में हुई है।

# हर पीड़ित के पास पहुंचे सीएम योगी

## पीड़ितों को दिलाया भरोसा, हर समस्या में साथ खड़ी है सरकारः योगी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित श्जनता दर्शनश में प्रदेशभर से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उन्हें त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री स्वयं प्रत्येक पीड़ित के पास जाकर उनकी बात सुनी, प्रार्थना पत्र लिया और उन्हें यह अहसास कराया कि सरकार उनकी हर समस्या में साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों को न्याय दिलाना और जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, फीस माफी, पेंशन, आवास, आंगनबाड़ी आदि से जुड़े करीब 65 से अधिक मामलों को लेकर लोग पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने सभी आवेदनपत्र लेकर तत्काल संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय स्तर की शिकायतों का समाधान जिले में ही हो जाना चाहिए और शासन स्तर की समस्याओं को ही राजधानी भेजा जाए। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से बात. चीत की, पढ़ाई की जानकारी ली और उन्हें चॉकलेट व टॉफी देकर आशीर्वाद दिया। दिव्यांगजनों सहित अन्य जरूरतमंदों की समस्याओं पर भी उन्होंने संवेदनशीलता से ध्यान दिया और अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताया कि पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लें, और उनका समाधान इस तरह हो कि शिकायतकर्ता संतुष्ट हों। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का कोई भी व्यक्ति खुद को अकेला न समझे,सरकार हर कदम पर उसके साथ है।

## यूपी बना भूजल संरक्षण का मॉडल राज्य, योगी सरकार की नई जल नीति से भूजल स्तर में व्यापक सुधार

- राज्य के 566 विकासखंडों में सुधरा भूजल स्तर, लखनऊ, बलरामपुर, बहराइच, रायबरेली समेत अनेक जिलों में दिखा प्रभाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अब भूजल संरक्षण के क्षेत्र में पूरे देश के लिए उदाहरण बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की नई जल नीति और तकनीकी नवाचारों के चलते जल प्रबंधन में ऐतिहासिक सुधार दर्ज किए गए हैं। जल संरक्षण की दिशा में किए गए मिशनरी प्रयासों का प्रतिफल है कि राज्य के आठ सौ छब्बीस विकासखंडों में से पांच सौ छियासठ विकासखंडों में भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृ( हुई है। नई नीति के पहले तक प्रदेश के बयासी विकासखंड अतिदोहित श्रेणी में थे, जो अब घटकर केवल पचास रह गए हैं। इसी प्रकार सेमी-क्रिटिकल की श्रेणी वाले कई विकासखंड अब सुरक्षित श्रेणी में आ गए हैं। यह प्रगति तकनीकी निगरानी, जल संरचनाओं के निर्माण, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, जनसहभागिता और शासकीय प्रतिब द्धता का सम्मिलित परिणाम है। भूजल की सटीक निगरानी और आंकलन के लिए प्रदेश में बीते एक वर्ष के भीतर पांच सौ नए पीजोमीटर तथा छह सौ नब्बे डिजिटल वॉटर लेवल रिकॉर्डर लगाए गए हैं।

इन अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से जल स्तर की पारदर्शी व निरंतर निगरानी की जा रही है, जिससे स्थानीय स्तर पर प्रभावी निर्णय लिए जा सकें। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने राज्य के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूजल के स्थायी और संतुलित प्रबंधन हेतु एक सुसंगठित और तकनीकी दृष्टिकोण पर आधारित नीति तैयार की है।

## बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा

### किसानों ने ली राहत की सांस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** जिले के लहरपुर वन रेंज में बीते कई माह से एक बाघ आतंक का पर्याय बना हुआ था। इस बाघ के हमले से दो किसान घायल हो चुके हैं। पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था। वन विभाग बाघ को जहां ट्रैक कर रहा था, वही टाइगर रिजर्व दुधवा नेशनल पार्क से भी मदद मांगी गई। इसके बाद दुधवा नेशनल पार्क से विशेषज्ञों की टीम सीतापुर पहुंची।

सोमवार को वन विभाग को लहरपुर क्षेत्र के रावल अंदेसर गांव के निकट बाघ की लोकेशन मिली। इसके बाद डीएफओ नवीन खंडेवाल, वन क्षेत्र अधिकारी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। यहां पर वन विभाग की टीम ने बाग को ट्रेंकुलाइज किया। बाघ के बेहोश होने पर उसे पिंजरे में डाला गया। डीएफओ नवीन खंडेवाल ने बताया की बाघ पूरी तरह से स्वस्थ है, उसे दुधवा नेशनल पार्क के जंगल में छोड़ा जाएगा। बाघ के पकड़े जाने के बाद ग्राम रावल के प्रधान नरेंद्र त्रिवेदी और ग्राम निबोरी के प्रधान तीरथ राज वर्मा ने बताया कि बाघ की मौजूदगी से क्षेत्र में खेतीबाड़ी और अन्य कार्य



प्रभावित थे। अब इसके पकड़े जाने से ग्रामीण राहत महसूस कर रहे हैं। बाघ के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। इधर जिलाधकारी अभिषेक आनन्द ने बाघ को पकड़ने वाली टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा की।

## काम की दुनिया में बढ़ता नारी कदम

- निर्माण से वाणिज्य तक हर मोर्चे पर छा रही है 'आधी आबादी'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाएं अब केवल घर की दहलीज़ तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वे ईंट, सीमेंट, कल-कारखानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक अपने परचम फहरा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा लागू की गई नवाचारपूर्ण नीतियों और मजबूत इच्छाशक्ति के चलते राज्य में महिला सशक्तिकरण ने एक नया अध्याय रच दिया है।

यह बदलाव केवल सांख्यिकी का मामला नहीं, बल्कि एक सामा. जिक क्रांति की दस्तक है, जिसमें महिलाएं आत्मनिर्भरता, आत्मगौरव और सामर्थ्य का नया इतिहास लिख रही हैं। जो कभी पुरुष प्रधान माने जाने वाले इस क्षेत्र में उनकी सशक्त उपस्थिति को दर्शाता है। वहीं, असंगठित क्षेत्र में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों में प्रतिशत महिलाएं हैं, जो यह बताता है कि वे हर कठिनाई से जूझने को तत्पर हैं और श्रम के सम्मान में बराबर की भागीदार बन रही हैं। जो औद्योगिक विकास में उनकी हिस्सेदारी को प्रमाणित करती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नीतियों ने यह सुनिश्चित किया है कि महिलाएं अब रात्रिकाल. ीन पाली में भी कार्य कर सकें। दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में चौबीसों घंटे कार्य की अनुमति, प्रति. बंधित प्रक्रियाओं में सशर्त कार्य की छूट, और सुरक्षित कार्य वातावरण की गारंटी यह सब मिलकर महिला कार्यबल के लिए एक भरोसेमंद माहौल तैयार कर रहे हैं। 'समान कार्य के लिए समान वेतन' की नीति अब कागज़ों से निकलकर हकीकत बन चुकी है। योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि महिलाओं को उनके परिश्रम के अनुपात में उचित पारिश्रमिक मिले। इससे न केवल आर्थिक असमानता कम हो रही है, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में भी यह एक सशक्त कदम है। मुख्यमंत्री स्वयं बार-बार यह दोहराते रहे हैं कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी आर्थिक भागीदारी के बिना समग्र विकास की कल्पना अध. ूरी है। यही कारण है कि सरकार की प्राथमिकताओं में महिला सशक्ति करण अब केवल विभागीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन की आत्मा बन चुका है। आज की उत्तर प्रदेश की महिला श्रमिक हो या तकनीकी विशेषज्ञ, दुकानदार हो या फैक्ट्री वर्कर हर जगह अपना स्थान बना रही है। यह नया युग उस 'आधी आबादी' का है, जो अब पीछे नहीं, बल्कि प्रदेश को आगे ले जाने की प्रेरणा बन रही है। यह परिवर्तन न केवल महिलाओं की ज़िंदगी बदल रहा है,

### कानपुर को विकास परियोजनाओं की सौगात देने आएंगे मोदी

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मई को औद्योगिक नगरी कानपुर में विकास परियोजनाओं की सौगात देने आएंगे। अधिकृत सूत्रों ने सोमवार को बताया कि श्री मोदी का कानपुर दौरा 30 मई को प्रस्तावित है। इस दौरान वह कानपुर मेट्रो के दूसरे चरण की सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे जो मोतीझील से घंटाघर के बीच होगा। प्रधानमंत्री इसके अलावा करीब 20 हजार करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी के कानपुर दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे है। इस सिल. सिले में आज मुख्य सचिव मनोज सिंह एवं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया।

### मऊ में तीन करोड़ का गांजा बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जांच के दौरान तीन करोड रुपए मूल्य का करीब 20 कुंतल गांजा बरामद किया है। गांजा मिलिट्री जवानों द्वारा प्रयोग में ले जाने वाले 17 अलग अलग स्टील बॉक्स (कंटेनर) में भरकर ट्रक में रखा था। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि बीती रात पुलिस चेलकग के दौरान मऊ बलिया हाईवे पर स्थित पटेल ढाबा के पास खड़े मिनी ट्रक से 20 कुन्तल 420 किलो गांजा 17 लोहे के बाक्स में बरामद किया गया। ड्राइवर ने पूछताछ के दौरान बताया कि ट्रक में रखें सभी बक्सों में ट्रान्सफर का सामान रखा है। पूछताछ के दौरान बताया गया कि तेजपुर गोल्डेन ट्रान्सपोर्ट सर्विस तेजपुर से ट्रान्सफर सामान लोडकर लखनऊ जा रहा है। जांच के दौरान इन बक्सों में गांजा भरा पाया गया। बरामद गांज की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। इस मामले में ड्राईवर सभाजीत चौहान निवासी दुल्हापुर, थाना दोस्तपुर, सुल्तानपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होने बताया कि अभियुक्त एक शातिर अपराधी है।

## रालोद महासचिव अनिल दुबे का मैनपुरी में भव्य स्वागत



- पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/मैनपुरी।** राष्ट्रीय लो. कदल के संगठन एवं सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर चलाए जा रहे राज्यव्यापी प्रवास कार्यक्रम के तहत रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे रविवार को मैनपुरी जनपद के करहल पहुंचे। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्थानीय रालोद कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और नारों के साथ अपने नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया। दुबे ने कार्यकर्ताओं एवं पदा. धिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का एक साधन है।

उन्होंने अपील की कि कार्यकर्ता जनपद के हर गांव, हर कस्बे तक पहुंचें और पार्टी से नई सदस्यता जोड़ें। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि राष्ट्रीय लोकदल आगामी जिला पंचायत चुनाव में पूरी ताक़त से हिस्सा लेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की अगुवाई में पार्टी पश्चिम उत्तर प्रदेश की तर्ज पर पूर्वांचल, बुंदेलखंड और मध्य उत्तर प्रदेश में भी संगठन को सशक्त बना रही है, और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी आज से ही शुरू हो चुकी है। दुबे ने बताया कि सोमवार, मई को मथुरा में रालोद की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित है, जिसमें वे शामिल होंगे। इस बैठक में राजनीतिक परिस्थितियों, आर्थिक सवालों, जातीय जनगणना, महिला आरक्षण और सक्रिय सदस्यता अभियान पर व्यापक विचार-विमर्श होगा। बैठक के मुख्य अतिथि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी होंगे। करहल प्रवास के दौरान अनिल दुबे के साथ रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## पूरी दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा रहा नया भारत : योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया एक नए भारत का दर्शन कर रही हैं जहां विरासत और विकास दोनों ने भारत को वैश्विक पहचान दी है। नया भारत पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास करा रहा है। संतकबीरनगर जिले के प्रसिद्ध शिव मंदिर तामेश्वरनाथ धाम में पूजा अर्चना के बाद एक सार्वजानिक सभा को संबोधित करने से पहले योगी ने जिले में 1515 करोघ् रूपये की 528 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया और विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा आज हमारा देश बदल चुका है, एक नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं। भारत जो एक भी है और श्रेष्ठ भी है। एक ऐसा भारत जो बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके अपनी विरासत की यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर उन्होने तामेश्वरनाथ में कॉरीडोर बनाए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मैं जिला प्रशासन और यहां के जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देता हूं। मेरी बहुत दिनों से इच्छा थी कि मैं तामेश्वरनाथ धाम के दर्शन करूं जो आज कर सका।

योगी ने कहा आज से 10 साल पहले लोगों को विश्वास नहीं होता था कि भारत भी सीना तान कर खड़ा हो पाएगा। हमारे पास भी वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के हाईवे होंगे, रेलवे, मेट्रो, वाटर वे या एयर-वे हमारे पास भी होंगे, ये कल्पना थी। लेकिन आज इसका साकार रूप देखने को मिल रहा है। भारत का सबसे बड़े एक्सप्रेसवे का नेटवर्क यूपी के पास है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे अंबेडकर नगर संत कबीर नगर और गोरखपुर को जोड़ते हुए बढ़िया कनेक्टिविटी दे रहा है। सबसे बड़ा सड़क-रेलवे का नेटवर्क यूपी के पास है। देश की पहली रैपिड रेल भी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित हो रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के सामने एक लक्ष्य तय किया है कि 2047 में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाना है। यह तभी होगा जब 140 करोड़ लोग ईमानदारी से अपना काम करेंगे। दस साल पहले कोई सोच सकता था क्या कि राम लला अयोध्या में विराजमान हो पाएंगे, काशी विश्वनाथ नाथ मंदिर इतना भव्य होगा, मां विंध्यवासिनी धाम इतना भव्य होगा। प्रयागराज का कुंभ इतना अच्छा होगा, लेकिन आज देखिए देश-विदेश से लोग अयोध्या आ रहे हैं और कुंभ में 66 करोघ् लोग स्नान करने आए। कौन ऐसा भारतीय होगा जिसे इस पर गर्व न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या 2017 से पहले कैसी थी, आज लोग अभिभूत होते हैं। काशी धाम कैसा था, 50 लोग नहीं जा पाते थे जबकि आज दर्शन करने 50 हजार लोग एक साथ जा सकते हैं। मां लवध्यवासिनी के धाम में 10 लोग एक साथ नहीं जा पाते थे, आज 10 हजार लोग एक साथ जा सकते हैं। अगर यही कुंभ 2017 के पहले लगा होता तो क्या हाल होता, प्रयागराज का और संगम का आशीर्वाद लेकर लोग अपने घर भी वापस आए यह व्यवस्था का अंतर होता है। ये हमारी जिम्मेदारी होती है कि लोगों को सुरक्षित माहौल मिले। मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं आज बाबा तामेश्वरनाथ का दर्शन कर पाया। दर्शन करने के साथ 1500 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात देने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि यह नया भारत दुनिया के अंदर अपनी ताकत का अहसास करा रहा है। आपने 10 साल में बदलता भारत देखा है। सभी को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज ही सुबह आपने देखा होगा हमने डेढ़ करोड़ छात्रों को डीबीटी के माध्यम से पैसा भेजा है। एक करोड़ 65 साल लोगों को ओडीओपी से रोजगार मिला है। नया उप्र बिना किसी बाधा के अपने नागरिकों को सुरक्षा दे रहा है।

### 50 लाख की हेरोइन बरामद, दो गिरफ्तार

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के घोरावल थाना क्षेत्र में पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 500 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बरामद हेरोइन की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 50 लाख रूपये आंकी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने सोमवार को बताया कि एसओजी व घोरावल थाने की पुलिस को बीती रात सूचना मिली कि दो तस्कर लखनऊ से हेरो. इन लेकर सोनभद्र आ रहे हैं। पुलिस टीम ने घोरावल थाना के करींबरांव मोघ् के पास नाकाबंदी कर दो संदिग्ध लोगों को हिरासत मे लेकर जांच किया तो दोनों के पास से 250-250 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने इस मामले में राबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के जैत निवासी बाबूलाल यादव व बहुअरा निवासी आफताब को गिरफ्तार किया है।- पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि उन्हे लखनऊ अकबरी गेट के पास से अंकल उर्फ मोहम्मद फैजान निवासी बाराबंकी ने हेरोइन दिया था जिसे लेकर वे अपने ठिकाने रॉबर्ट्सगंज पर जा रहे थे।

## गोरखपुर में दस हज़ार से अधिक बेटियों के हाथ पीले कर चुकी है योगी सरकार

- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में मंगलवार को भी बारह सौ जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी की चिंता अब बीते दिनों की बात हो चुकी है। योगी सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने इन परिवारों को राहत की बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केवल गोरखपुर जिले में अब तक दस हज़ार से अधिक बेटियों का विवाह इस योजना के माध्यम से सम्पन्न हो चुका है। मंगलवार को खाद कारखाना परिसर में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लगभग बारह सौ जोड़े एक साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे। यह आयोजन इसलिए भी खास है क्योंकि जिन परिवारों के लिए शादी के खर्च उठाना कठिन था, उनके लिए यह एक सम्मानजनक और उल्लासपूर्ण अवसर बन गया है।

जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के अनुसार ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के बाद बारह सौ से अधिक पात्र जोड़े इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। योजना के अंतर्गत अब प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये व्यय किए जा रहे हैं। इसमें साठ हज़ार रुपये की धनराशि सीधे कन्या के खाते में अंतरित की जाएगी, जबकि शेष राशि उपहार सामग्री, भोज और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च होगी। उपहार में वधू को विवाह के लिए कढ़ाई की साड़ी, डेली यूज़ की साड़ी, श्रृंगार सामग्री, चांदी की पायल-बिछुआ आदि और वर को कुर्ता-पायजामा, माला- पगड़ी जैसी सामग्री दी जाती है। मुस्लिम जोड़ों के लिए वस्त्रों की अलग व्यवस्था है।

## बाइक टैक्सी कैप्टन बनेंगे जीवन रक्षक

### योगी सरकार देगी सीपीआर और प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने सड़क सुरक्षा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुख्रढ़ करने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए राजधानी में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है।

विश्व इमरजेंसी मेडिसिन दिवस के अवसर पर सात्वीं मई को लखनऊ के शहीद पथ स्थित मेदांता अस्पताल में बारह सौ से अधिक रैपिडो बाइक टैक्सी कैप्टनों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) और फर्स्ट एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह आयोजन सोसाइटी ऑफ एक्यूट केयर, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन (सैक्टेम) और मोबिलिटी सेवा प्रदाता रैपिडो के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण अभियान न केवल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की भयावहता को कम करने का प्रयास है, बल्कि 'हर नागरिक एक रक्षक' की भावना को भी व्यवहार में उतारने की दिशा में एक ठोस कदम है। कार्यक्रम में देश के सोलह राज्यों से विशेषज्ञ डॉक्टर भाग लेंगे और प्रशिक्षुओं को तत्काल चिकित्सा सहायता देने के लिए व्यावहारिक जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्थाओं को नई दिशा देने की यह योजना, जनसहभागिता के माध्यम से सामा. जिक उत्तरदायित्व को सशक्त बनाएगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष डेढ़ लाख से अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से अधिकांश की मृत्यु केवल इस कारण होती है कि समय पर प्राथमिक चिकित्सा नहीं मिल पाती।

ऐसे में यदि टैक्सी कैप्टनों जैसे ज़मीनी स्तर पर हर रोज सक्रिय व्यक्तियों को यह प्रशिक्षण मिल जाए, तो अनगिनत जीवन बचाए जा सकते हैं। सरकार का मानना है कि ये कैप्टन सड़क पर सबसे पहले पहुंचने वाले नागरिकों में होते हैं और उनकी सजगता अनेक जिंदगियों को नई उम्मीद दे सकती है। सीपीआर एक अत्यंत उपयोगी चिकित्सा तकनीक है, जो किसी व्यक्ति के दिल की धड़कन या सांस रुकने की स्थिति में मस्तिष्क तक ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करती है। यदि यह तीन से पांच मिनट के भीतर दिया जाए, तो व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षण में ब्लीडिंग कंट्रोल, फर्स्ट एड किट का उपयोग, आपातकालीन नंबरों की जानकारी और यातायात सुरक्षा जैसे विषयों को भी शामिल किया गया है। जानकारों के अनुसार यह अभियान 'एक मिशन, एक दिन और एक राष्ट्र' की परिकल्पना पर आधारित है और योगी सरकार द्वारा जनहित में प्रारंभ की गई योजनाओं की एक सशक्त कडी है!

## सरकार ने उद्योग के लिए खोली नई राह

- आठ वर्षों में बेहतर कानून व्यवस्था, आधारभूत ढांचा और वैश्विक निवेशक सम्मेलन जैसे प्रयासों ने उत्तर प्रदेश को दी नई ऊंचाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते आठ वर्षों में औद्योगिक विकास की दिशा में जो प्रयास हुए हैं, उनका प्रत्यक्ष प्रभाव अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी दिखाई देने लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेहतर कानून व्यवस्था, सुदृढ़ अधोसंरचना और निवेशकों के अनुकूल नीति-प्रवर्तन से प्रदेश में उद्योगों के लिए सकारात्मक माहौल बना है। वैश्विक निवेशक सम्मेलन (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) जैसे आयोजनों से हुए निवेश के परिणामस्वरूप वाराणसी में लगभग ग्यारह सौ इक्यासी करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े अड़तालीस औद्योगिक प्रकल्प प्रारंभ हो चुके हैं, जिनसे लगभग तीन हज़ार चार सौ बहत्तर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिला है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के सहायक आयुक्त विनोद वर्मा के अनुसार, उक्त निवेश के अतिरिक्त पांच हज़ार सात सौ दो करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले अड़तालीस और प्रकल्प शीघ्र प्रारंभ होंगे, जिनसे बारह हज़ार से अधिक रोज़गार सृजित होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि काशी में कार्यरत इकाइयों में प्रमुख रूप से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ.डी.आई. ) वाली सास्वाद हीट ट्रांसफर एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड तथा हिल्टन होटल समूह की फेंचाइजी 'डबल ट्री होटल' शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त गोदाम (वेयरहाउस) क्षेत्र में फ्लिपकार्ट के लिए मोंटीकार्लो की सहायक इकाई ओडब्ल्यूएम लॉजिस्टिक्स का केंद्र चालू हो चुका है। इसी तरह माधवन एलएलपी की साझेदारी में अमेज़न के लिए वेयरहाउस संचालन में है। टाटा समूह के इंडियन होटल्स लिमिटेड के साथ मिलकर बनारस बीड्स का जिंजर बजट होटल निर्माणाधीन है, जबकि रोमा एंटरटेनमेंट सिटी का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। गारमेंट निर्माण क्षेत्र में अरविंद लिमिटेड शीघ्र निर्यात और घरेलू बिक्री आरंभ करेगी। खाद्य और पेय निर्माण क्षेत्र में बीडी फूड्स एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड 'कैम्पा कोला' का उत्पादन करेगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0522-4041004

**मुख्यालयः**

मोबाइल-9720007290

RNI No. UPHIN/2009/31463

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्कूल से लौट रही छात्रा के कपड़े फाड़े

## छेड़छाड़ के विरोध पर भड़का शोहदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। स्कूल से घर जा रही नाबालिक छात्रा के साथ छेड़छाड़ करते हुए आरोपी युवक ने छात्रा का हाथ पकड़ लिया और फिर कपड़े भी फाड़ दिए। इसके बाद आरोपियों ने छात्रा के घर पर चढाई कर दी घर मे घुसकर नाबालिक छात्रा और उसके भाई के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। इस पूरे मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का आरोप है कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिक बेटी पास के ही दूसरे गांव में एक इंटर कॉलेज की छात्रा हैं। स्कूल से आते-जाते समय गांव का ही रहने वाला मनीष उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करता है। घटना बीती 20 मई की हैं जब 14 वर्षीय नाबालिक छात्रा स्कूल से घर लौट रही थी इसी दौरान रास्ते मे गांव के ही रहने वाले मनीष ने उनकी बेटी का हाथ पकड़ लिया और कपड़े फाड़ दिये इसके बाद उसी दिन मनीष अपने परिजनों व अन्य संजीव, आकाश, अनुज, विनेश और खुशी के साथ घर आया घर मे घुसकर उनके बेटे व बेटी के साथ गालीगलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर पास का ही रहने वाला युवक बचाने आया तो उसपर फाबड़े से वार कर घायल कर दिया। नाबालिक छात्रा की माँ ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर गांव के ही रहने वाले मनीष, संजीव, आकाश, अनुज, विनेश और खुशी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# विधवा के आधार कार्ड पर लिया एक लाख 12 हजार का लोन

## पूर्व राशन डीलर समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** पूर्व राशन डीलर ने विधवा के बैंक कर्मियों से साठगांठ कर विधवा के आधार कार्ड पर 50 हजार की जगह एक लाख का ऋण निकाल लिया। विधवा को मात्र पचास हजार रूपये दिये गये। बेटी को साथ लेकर बैंक पहुंची विधवा हकीकत जानकर सदमें में है। जबकि उसका पति व बेटा भी आर्थिक तंगी से परेशान होकर फांसी लगाकर जान दे चुके है। पुलिस ने पूर्व राशन डीलर समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रहरा निवासी कमलेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 जून वर्ष 2016 को उसके बेटे की शादी के लिए आधार कार्ड पर पूर्व राशन डीलर नन्हें से ऋण के लिए सिफारिश की थी। पूर्व राशन डीलर कमलेश को बैंक ले गया तथा आधार कार्ड पर पीड़िता का अंगूठा लेने के बाद उसे घर भेज दिया। कुछ समय बाद पूर्व राशन डीलर नन्हें ने विधवा को पचास हजार रूपये दे दिये। अचानक वह अपनी बेटी के साथ गैस सब्सिडी के रूप में आये पैसे लेने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक पहुंची तो उसे मैनेजर द्वारा बताया गया कि जो धनराशि आयी थी वह केसीसी के लोन में कट गयी है। यह सुनकर कमलेश हक्का बक्का रह गयी। कमलेश की बेटी ने कहा कि उनके पास कोई सम्पत्ति नहीं है न ही उसके पति जयवीर के नाम कोई जमीन है। तभी मैनेजर द्वारा जयवीर के नाम से सत्य प्रतिलिपि प्रार्थनी को दी। जो मात्र अभिलेख में दर्ज है। इस पर प्रार्थिनी का कब्जा भी नहीं था। जब उसने यह बात अपने पति को बतायी तो वह सदमे में पड़ गया तथा उसने चकबंदी अधिकारियों से जमीन की पैमाइश की मांग की परन्तु उसकी बात को अनसुना कर दिया गया। आर्थिक तंगी के कारण दो माह पूर्व जंगल में जाकर जयवीर ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली जबकि एक साल पहले उसका बेटा भी फांसी लगाकर जान दे चुकी है। पीड़िता ने मामले में हल्का लेखपाल, बैंक कर्मचारियों व पूर्व राशन डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रार्थिनी के चक के पूर्व सरकारी अभिलेख में दर्ज खाता संख्या 19 व गाटा संख्या 50 है बैंक मैनेजर द्वारा बताये गये खेत के अभिलेख के अनुसार पीड़िता ने अधिकारियों से ऋण की राशि माफ करने की गुहार भी लगायी है।

■ आर्थिक तंगी से परेशान पति व बेटा दे चुका है जान

# आबकारी सिपाही ने सेल्समैन को धमकाया

## बीयर फ्री न देने पर दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सरकारी शराब की दुकान के सेल्समैन ने आबकारी विभाग में तैनात सिपाही पर बियर ना देने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाही न करने पर सेल्समेन द्वारा नाराज की जाहिर की गई है।

सरकारी शराब की दुकान पर कोतवाली क्षेत्र के गांव झकड़ी निवासी गजेंद्र पुत्र नरेश सेल्समेन का कार्य करता है। सेल्समैन के अनुसार रविवार की रात्रि लगभग 10:30 बजे हसनपुर आबकारी विभाग में तैनात एक सिपाही की कॉल आई और बियर भेजने को कहा जिस पर उसके द्वारा दुकान बंद करने की बात कही गई। जिससे नाराज आबकारी सिपाही ने नगर स्थित एक पेट्रोल पंप पर अपने साथियों के साथ पहुंचकर सेल्समेन गजेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे सेल्समेन घायल हो गया। कुछ व्यक्तियों द्वारा बीच बचाव किया गया। इसके बाद आरोपी सिपाही सेल्समैन को फिर से पीटने एवं शराब की तस्करी के आरोप में जेल भेजने की धमकी देता हुआ चला गया। पीड़ित सेल्समैन द्वारा बताया गया कि पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई है। सोमवार की सुबह पीड़ित सेल्समैन हसनपुर कोतवाली पहुंचा ओर आरोपी आबकारी सिपाही के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा कि मामला संज्ञान में है विभागीय जांच कराई जा रही है जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# रामलीला कमेटी के विशाल बने अध्यक्ष

## शारदुल अग्रवाल को मंत्री, विनीत को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री धार्मिक रामलीला कमेटी का विशाल गोयल को अध्यक्ष, शारदुल को मंत्री व कुंवर विनीत अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

बिजनौर रोड स्थित बैंकेट हाल में श्री धार्मिक रामलीला कमेटी की बैठक हुई। सबसे पहले श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान अगले तीन साल के लिए कमेटी का विशाल गोयल को अध्यक्ष, शारदुल अग्रवाल को मंत्री, विनीत अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष विशाल गोयल ने कहा कि पिछले 80 वर्षो से इसी संस्था के नीचे नगर में रामलीला होती आयी है। आदर्श रामलीला महोत्सव 2025 धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसकी शुरूआत 23 सितम्बर से होगी। यह कार्यक्रम में तीन अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर अजय चतुर्वेदी, सौरव गुप्ता, रमेश कलाल, अवनीश सरन बंसल, चैन सुख गोले, मनोज अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, मनोज माहेश्वरी, विकास प्रजापति, मनोज वर्मा, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# थाने के सामने सड़क पर लेटी महिला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला व नगर निवासी एक व्यक्ति के बीच चल रहे विवाद के चलते पुलिस ने दोनों पक्षों को जांच के लिये बुलाया था, लेकिन तभी महिला थाने से बाहर निकलकर धनौरा बिजनौर मार्ग पर लेट गई और बेहोश हो गई। उसे लोगों की मदद से सड़क से हटवाया गया। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला व नगर के एक व्यक्ति से विवाद को लेकर पुलिस ने सोमवार को दोनों पक्षों को जांच के लिये बुलाया था। दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दौरान महिला अचानक बाहर निकली और सड़क पर लेट गई। वह बेहोश भी हो गई। उसे आसपास एकत्र हुए लोग सड़क से हटाकर फुटपाथ पर ले गए। बता दें कि व्यक्ति द्वारा महिला के विरूद्ध हाल ही में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

■ महिला व एक व्यक्ति के बीच चल रहा है विवाद

# पुलिस ने हत्यारोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना पुलिस ने युवक को फंदा लगाकर मारने के आरोप में नामजद आरोपी को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। बता दें कि नगर के मोहल्ला मायापुरी के चामुंडा रोड निवासी ऋतिक की 18 मई को मृत्यु हुई थी, उसका शव फंदे पर लटका मिला था। इस प्रकरण में उस समय नया मोड़ आ गया जबकि ऋतिक के परिजनों ने नगर के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी अजय व उसके दोस्त सोनू समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ऋतिक के पिता हरिगोपाल का आरोप था कि इन युवकों ने ऋतिक के साथ मारपीट करके उसे फंदा लगाकर मार दिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि एक आरोपी अजय को गिरफ्तार करके चालान कर दिया, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिये पुलिस जुटी है।



■ फंदा लगाकर हत्या करने का है आरोप

# चरण सिंह की पुण्यतिथि पर 29 को कव्यांजलि

## अभिनय चौधरी ने कार्यक्रम को सफल बनाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने कहा कि 29 मई को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर कव्यांजलि कार्यक्रम कर श्रद्धांजलि दी जायेगी।

जोया रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते युवा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिनय चौधरी ने कहा कि गांव शाहपुर में स्थित एक बैंकेट हाल में 29 मई को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर काव्यांजलि कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें देश के जाने माने कवि कविता तिवारी समेत हस्तियां शामिल होंगी। पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों के लिए संघर्ष किया। उनका सपना था कि जब तक देश का किसान खुशहाल नहीं होगा भारत तरक्की नहीं कर सकता। जापान को पछाड़कर देश की चौथी अर्थव्यवस्थ बनने के सवाल पर उन्होने बताया कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही संभव हुआ। केन्द्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उस पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। रालोद को पश्चिमी यूपी में मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है।



# दो दर्जन गांव के ग्रामीण जलभराव से परेशान

## सड़क पर दो फिट भरा है पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** धनौरा-शेरपुर मार्ग पर स्थित नबाबपुरा गांव में मुख्य मार्ग पर पानी भरने के कारण दो दर्जन गांवों के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक गावो के तीन हजार ग्रामीणों और स्कूली छात्रों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।

नबाबपुरा गांव में मुख्य मार्ग पर पानी की निकासी का प्रबंध नहीं होने की वजह से गंदा पानी सड़क पर ही भरा रहता है। स्कूल जाने वाले बच्चे गंदे पानी से होकर गुजरते हैं। दिन में बाइक सवार पानी में गिरते हैं। जिला पंचायत सदस्य पति मनीराम सिंह ने कहा मार्ग से लगभग 50 गांव के तीन ग्रामीण प्रतिदिन गुजरते हैं लेकिन ग्रामीणों की समस्या को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क नाले से काफी नीची बनी हुई है। इस वजह से पानी की निकासी नहीं हो पाती है। पहले भी शिकायत होने पर लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ने गांव जाकर स्थिति देखी थी। उनका कहना था कि नालों का गंदा पानी किसी भी उचित स्थान पर ले जाने की व्यवस्था नहीं है। करीब दो दर्जन गांवों के तीन हाजर लोग रोजाना इस मार्ग से होकर गुजरते हैं। जिला पंचायत सदस्य मनीराम सिंह, दयाराम, सरदार ब्रहम सिंह, राजपाल सिंह, संदीप केश, रवि आदि ग्रामीणों से एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है

## एक नजर

### ब्लाक एवं मनरेगा कार्यालय का उद्घाटन

**हसनपुर।** नवनिर्मित ब्लॉक एवं मनरेगा कार्यालय का प्रभारी मंत्री केपी मलिक द्वारा फीता काट कर उद्घाटन कर जनता को समर्पित कर दिया गया। भाजपा सरकार की उपलब्धियों के विषय में भी विस्तार से बताया। नगर के विकासखंड परिसर स्थित ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर के दिशा निर्देशन में ब्लॉक एवं मनरेगा कार्यालय भवन का निर्माण कराया गया है। जिसका उद्घाटन सोमवार को जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचते ही प्रभारी मंत्री का जिला अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, विधायक एवं पालिकाध्यक्ष द्वारा फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री द्वारा ब्लाक परिसर में पौधारोपण भी किया गया। ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री द्वारा भाजपा सरकार की उपलब्धियो के विषय में विस्तार से बताया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी,विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी, सीडीओ अश्वनी कुमार,एसडीएम विभा श्रीवास्तव,सीओ दीप कुमार पंत, खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल,शुभम चौधरी, मुदित गुर्जर,उदित गुर्जर,बंटी चौहान, संदीप गुप्ता, मयंक अग्रवाल, राजीव शुक्ला, देवेंद्र खड़गवंशी, मुन्ना चौहान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रिपब्लिकन पार्टी उठा रही शोषितों की आवाज

**उझारी।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया शोषित समाज को उनका हक दिलाने के लिए प्रयासरत है। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाना आवश्यक है। जिससे पार्टी का जन आधार बढ़ सके। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता जैसे ही उझारी पहुंचे तो जिला अध्यक्ष नजीर अब्बास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम लोग संविधान को मानने वाले लोग हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान में सभी को समानता का अधिकार प्रदान किया है। पार्टी का भाजपा सरकार से गठबंधन है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामदास आठवाले लगातार शोषित वर्ग को न्याय दिलाने के लिए अग्रसर रहते हैं। सरकार में रहते अनेक कार्य किए हैं जिससे समाज का विकास हो सके। यही वजह है कि आज बड़ी संख्या में लोग रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से जुड़ रहे हैं। आने वाले चुनाव में उत्तर प्रदेश में भी पार्टी मजबूत होकर उभरेगी। सभी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहचाने का कार्य में जुट जाएं। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। जनता तक अपनी नीतियां पहुंचाई जाए ताकि आम जनता का विश्वास जीता जा सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से सलीम मलिक, कामरान सिद्दीकी, कुमारी मन्तशा, जिला अध्यक्ष नजीर अब्बास, बिट्टू बाकरी, गुफरान अहमद, वसीम अहमद पटवारी, वसीम अहमद सलमानी, रिफाकत चौधरी, शोएब जैदी आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### घर में घुसकर जान से मारने की धमकी

**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के डियोढ़ी उर्फ हादीपुर में एक युवक के घर में घुसकर चार लोगों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित संजीव कुमार ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रविवार को शाम गाँव के ही लाल सिंह ऊदम सिंह, राजेन्द्र और योगेश ने संजीव के घर में घुस आए। इनका विवाद संजीव की बहन को लेकर थाद्य पहले भी कहा. सुनी हो चुकी थी। चारो लोगों ने संजीव की बहन के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। जब घर की अन्य महिलाएं बचाव में आईं, तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार और मारपीट की गई। मारपीट में संजीव की बहन को सिर पर चोट आई है।जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। संजीव की शिकायत पर डिडौली पुलिस ने गाँव के ही चारो लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### घरेलू विवाद में महिला ने पिया नशीला पदार्थ

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में शनिवार को घरेलू कलह से परेशान एक विवाहिता ने घर में रखे नशीले पदार्थ का सेवन कर लिया।स्वजनों ने आनन फानन में समय रहते एक निजी अस्पताल पहुंचाने पर उसकी जान बच गई। चिकित्सकों के अनुसार महिला की हालत अब ठीक है।और स्वजनों के साथ अपने घर चली गई है।

# सास बहु को घर में घुसकर लाठी डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों ने सास बहु को लाठी डंडे से मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पाल निवासी 18 मई की शाम को गांव निवासी चंद्रपाल सिंह की पत्नी लीला देवी परचून की दुकान से सामान लेने गई थी। वापस लौटते समय पुरानी रंजिश के चलते गांव के कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। जब लीला ने विरोध किया तो वे लोग मारपीट करने लगे। लीला देवी किसी तरह इनके चंगुल से निकलकर भागकर घर पहुंची, लेकिन आरोपी पक्ष के लोग भी दौड़कर उसके घर पहुंच गए और लीला को घर में घुसकर पीटा, चीख पुकार सुनकर लीला की पुत्रवधु नेहा बचाने दौड़ी तो उसके साथ भी मारपीट की गई। हमलावर दोनों को अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए। सोमवार को पुलिस ने चंद्रपाल सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपी बबलु उर्फ श्री चंद्र, राजकुमारी, सचिन व सुरजीत के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

■ चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

## सड़क हादसे में युवक की मौत में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** 22 मई कोटद्वार से वापस लौटते समय अपने वाहन में सवार दो भाईयों को विपरीत दिशा से आती कार ने टक्कर मार दी थी, हादसे में कालाखेड़ा थाना हसनपुर निवासी राजकुमार (25) पुत्र होतेराम की मौत हो गई थी जबकि उसका सगा भाई विशाल (23) गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका उपचार एक निजी अस्पताल में जारी है। इस मामले में मृतक के भाई अक्षय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने संबधित कार के चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## युवती को बहला फुसलाकर ले गए दो युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती को खतौली निवासी दो युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। युवती के पिता की ओर से आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज लिया है और युवती की तलाश में पुलिस जुट गई है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती को 23 मई को खतौली निवासी दो युवक बहला फुसलाकर ले गए। युवती के पिता को जब इस बारे में पता चला तो उसने अपनी बेटी की काफी तलाश की मगर उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# सैलून कारीगर ने ओवरब्रिज से छलांग लगाई



## घायल को सीएचसी में कराया भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दिल्ली से घर लौट रहे सैलून कारीगर ने अचानक जोया ओवरब्रिज से छलांग लगा दी। आत्महत्या के प्रयास में गंभीर घायल युवक को पुलिस ने जोया सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव दाऊद सराय निवासी चांद खां का बेटा शुएब दिल्ली में रहकर सैलून का काम करता है। सोमवार को वह दिल्ली से घर लौट रहा था। दोपहर में बस से उतरने के बाद वह जोया ओवरब्रिज पर पहुंच गया और फिर देखते-देखते उसने ओवरब्रिज से छलांग लगा दी। ओवरब्रिज से युवक को कूदता हुआ देख राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल शुएब को पास में जोया सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि ओवरब्रिज से कूदने वाले घायल युवक की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है, गंभीर चोट होने के कारण अभी पूछताछ नहीं की जा सकी है। परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। युवक से पूछताछ के बाद ही आत्महत्या के प्रयास के पीछे कारण का पता चल पाएगा

## कार-ट्रक की टक्कर से मैनेजर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली।** कार-ट्रक की टक्कर में जिला सहकारी बैंक का मैनेजर घायल हो गया। जिसे हायर सैंटर रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार चंदौसी के सुभाष रोड निवासी संजय वर्मा कस्बे में स्थित जिला सहकारी बैंक में मैनेजर है। सोमवार को वह कार द्वारा बैंक जा रहे थे। सैदनगली के पास पैट्रोल पम्प के नजदीक हसनपुर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें मेनेजर संजय वर्मा घायल हो गये। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पहुंची एम्बूलेंस से मैनेजर को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर हायर सैंटर रैफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बीमे की धनराशि ब्याज सहित अदा करने के निर्देश

## उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला, पांच लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज से देने होंगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीमा कंपनी ने पॉलिसी क्लेम का दावा निरस्त कर दिया। मामले में किसान की पत्नी ने उपभोक्ता फोरम की शरण ली। दोनों पक्षों को सुनने के बाद फोरम ने बीमा कंपनी को बीमा की कुल धनराशि पांच लाख रुपये नौ प्रतिशत ब्याज के देने का आदेश दिया। बीमा कंपनी पर आर्थिक व मानसिक क्षतिपूर्ति के अलावा और वाद खर्च के रूप में 15 हजार रुपये जुर्माना लगाया। बीमा कंपनी को धनराशि एक महीने में अदा करनी होगी।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी कर्मवीर सिंह की 3 मार्च 2019 को अपने खेत पर ट्यूबवेल चलाते समय करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। कर्मवीर सिंह का मुख्यमंत्री किसान और सर्वहित बीमा योजना के तहत बीमा भी था। कर्मवीर सिंह की पत्नी मीनाक्षी ने 14 अप्रैल 2019 को क्लेम का दावा किया था लेकिन द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी ने उनका दावा निरस्त कर दिया था। मीनाक्षी ने बाद में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए फोरम के अध्यक्ष ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। तर्क रखा कि मृतक कर्मवीर सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं है लिहाजा कंपनी बीमा पॉलिसी का भुगतान नहीं कर पाएगी। वहीं, पुलिस के पंचनामा रिपोर्ट और ग्राम प्रधान से जारी प्रमाण पत्र में करंट लगने से मौत की बात कही गई थी। घटना खेत में फसल की सिंचाई करते समय हुई थी। मामले की सुनवाई के दौरान फोरम ने माना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कर्मवीर सिंह की हत्या किए जाने या अन्य किसी प्रकार का कोई लक्षण नहीं दर्शाया गया है। इस स्थिति में पंचनामे में पंचों की राय, जीडी रिपोर्ट, प्रधान की आख्या और थाने पर तत्काल सूचना रिपोर्ट में मौत का कारण करंट ही अंकित है। वहीं, मामले में बीमा कंपनी की ओर से भी कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट है कि कर्मवीर की मौत करंट लगने के कारण हुई है। साक्ष्य के आधार पर फोरम के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने कंपनी को बीमा की कुल धनराशि पांच लाख रुपये नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देने का आदेश दिया।

# 43 पुलिस कर्मियों को किया इधर से उधर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए थानों, सीओ कार्यालयों और विभिन्न पटलों व शाखाओं से जुड़े स्टाफ में बड़ा फेरबदल किया है। रविवार रात पुलिस कार्यालय से जारी सूची में 43 पुलिस कर्मियों के तबादले किए गए हैं। एसपी ने बीते महीने करीब 400 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव किया था तो वहीं अपराधिक घटनाओं को रोकने में नाकाम कई थाना प्रभारियों को चार्ज छीनकर उनकी रवानगी शाखाओं में कराकर अपने सख्त इरादे जाहिर कर दिए थे। इसी कड़ी में रविवार रात जारी तबादला सूची में गोपनीय कार्यालय में तैनात मुख्य आरक्षी संदीप कुमार, अतर सिंह, दीपक चौधरी को पुलिस लाइन भेजा तो वहीं वाचक कार्यालय से सुमित कुमार को डीसीआरबी में तैनाती दी।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित करता हूं कि मुन्तजीम पुत्र अकिल अहमद ने अपने मकान स्थित मोहल्ला कुशक अमरोहा सड़क से दूर तहसील व जिला अमरोहा को बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है। जिससे संबंधित एक मूल विक्रय पत्र दिनाक 29.06.2015 वही संख्या-1 जिल्द संख्या-7622 पेज 237/252 क्रमांक 10891 जो अमानत नबी पुत्र फरहत अली ने मोहम्मद तारिक पुत्र जीनुस अली के पक्ष में निष्पादित किया था वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है। भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति, विक्तीय संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे।

**राजीव चौधरी एडवोकेट** विधिक सलाहकार उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड चैंबर नम्बर 88/सी कचहरी परिसर मुरादाबाद। मो. नंबर 921953872

# स्मृति ईरानी का जोरदार स्वागत, हुई फूलों की बारिश



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**इन्हौना अमेठी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी का लखनऊ हवाई अढे पर भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला सहित भाजपा नेताओ ने जोर दार स्वागत किया। स्मृति ईरानी अमेठी के एक दिवसीय दौरे पर है वे अमेठी में अहिल्याबाई होलकर जन्म शताब्दी वर्ष के मौके पर रणंजय इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगी और लोगों को संबोधित करेंगी। स्मृति ईरानी आज अमेठी जाने के लिए लखनऊ हवाई अढे पहुंची जहां पर भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू भाजपा के जिला अध्यक्ष अमेठी सुधांशु शुक्ला सहित भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया इसके बाद स्मृति सड़क मार्ग से अमेठी के लिए रवाना हो गई।

लखनऊ की सड़कों पर भी स्मृति ईरानी का जोरदार स्वागत दिखाई दिया अमौसी एयरपोर्ट से लेकर सुल्तानपुर रोड तक भारी की संख्या में कट आउट होल्डिंग और स्वागत द्वार बनाए गए थे। अमौसी एयरपोर्ट से स्मृति के साथ सैकड़ो गाड़ियों का एक लंबा काफिला रवाना हुआ जगह-जगह फूलों की बारिश हो रही थी मोदी योगी स्मृति जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विषु मिश्रा, भौसिंहपुर के ग्राम प्रधान रज्जू उपाध्याय सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री का इन्हौना में जोरदार स्वागत

**लोकसभा** चुनाव में मिली हार के बाद सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री इसमृति इरानी अपने एक दिवसीय दौरे पर निकली तो अमेठी जिले की सीमा पर पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, दुर्गेश त्रिपाठी, सिंहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, प्रधान अश्वनी कुमार सिंह, सुनील पासी, राम किशोर त्रिवेदी, पिंटू सिंह, राज. ेश कुमार मौर्य ने राहुल पाठक, जगन्नाथ सिंह, शिव कुमार तिवारी उर्फ पुत्ती महराज ने पूर्व मंत्री का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गौरतलब हों कि पूर्व मंत्री का हजारी गंज से लेकर इन्हौना चिलौली समेत तमाम जगहों पर किया गया।

# एक साल बाद अमेठी लौटीं पूर्व सांसद

**● गंगा हादसे में खोए परिजनों से मिलकर छलक पड़े आंसू, कहा, अमेठी मेरी आत्मा है, मैं कहीं नहीं गई थी**

**राम धीरज यादव**
**अमेठी।** लोकसभा चुनाव 2024 में पराजय के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी सोमवार को पहली बार अमेठी पहुंचीं। यह दौरा सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि एक भावनात्मक पुनर्मिलन, जनसरोकार की पुनर्पुष्टि और भाजपा संगठन को पुनः सक्रिय करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। इनहौना, उतेलवा, जायस, जगदीशपुर और गौरीगंज में हुए स्वागत समारोहों में ढोल-नगाड़ों, नारों और पुष्पवर्षा के साथ कार्यकर्ताओं ने यह संदेश दिया कि स्मृति ईरानी आज भी उनके लिए ष्दीदीष हैं। अपना दौरा शुरू करते हुए स्मृति सबसे पहले पालपुर गांव पहुंचीं, जहां रविवार को गंगा नदी में डूबकर एक ही परिवार के तीन



सदस्योंख्रचंद्र कुमार कौशल, उनके भाई बालचंद्र और 13 वर्षीय अर्याशिख्रकी मृत्यु हो गई थी। शोकग्रस्त परिवार से मिलते समय जब एक छोटी बच्ची फूट-फूटकर रोते हुए उनके गले लग गई, तो स्मृति की आंखें भी भर आईं। उन्होंने प्रशासन को परिवार को त्वरित आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया और भरोसा दिलाया कि वे हमेशा उनके साथ हैं।

उन्होंने कहा, ष्मैं दिल्ली में थी, लेकिन दिल अमेठी में ही धड़कता रहा। इसके बाद वे मेदन मवई स्थित अपने आवास पहुंचीं, जहां फरवरी 2024 में गृह प्रवेश कर उन्होंने अमेठी से आत्मिक जुड़ाव का सार्वजनिक संकेत दिया था। लंबे अंतराल के बाद कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने दो टूक कहा, ष्चुनाव आते-जाते हैं, लेकिन अमेठी मेरी आत्मा हैख्रइससे जुदा होना मेरे लिए संभव नहीं।ष दोपहर में गौरीगंज स्थित रणंजय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी संगोष्ठी में उन्होंने नारी शक्ति और सामाजिक चेतना पर केंद्रित भाषण दिया। उन्होंने कहा, ष्जो शक्ति अहिल्याबाई में थी, वही शक्ति अमेठी की बेटियों में है।ष इस कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों और महिलाओं की बड़ी भागीदारी दिखी। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह दौरा स्मृति ईरानी की सक्रिय राजनीति में पुनःवापसी की शुरुआत है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ने बताया कि दीदी का पूरा दिन कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच संवाद और विश्वास निर्माण में बीता। वहीं कांग्रेस के कुछ नेताओं ने दौरे को ष्संवेदना की राजनीतिष बताया, परंतु यह भी माना कि कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा स्पष्ट देखी गई। उधर, स्मृति ईरानी के आगमन से पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शुभम सिंह को पुलिस द्वारा घर में नजरबंद कर देना भी चर्चा का विषय बना रहा। शुभम ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया और एक वीडियो जारी कर कहा कि भाजपा कांग्रेस के शांतिपूर्ण विरोध से घबरा गई है। 2019 में राहुल गांधी को हराकर ऐतिहासिक विजय दर्ज करने वाली स्मृति ईरानी को 2024 में कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा से हार का सामना करना पड़ा था। परंतु अब उनकी यह वापसी बताती है कि वे मैदान छोड़ने वाली नेता नहीं हैं। अमेठी की राजनीति में इस दौरे को एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें पराजय के बाद भी प्रतिबद्धता, संवेदनशीलता और संगठन के प्रति निष्ठा की झलक स्पष्ट है।

### बालू खनन और परिवहन में लगे दो डंफर पानी में डूबे

**गोंडा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के दत्तनगर गांव में घाघरा के कछार पर बड़े पैमाने पर बीते एक सप्ताह से बालू खनन और परिवहन किया जा रहा है। रविवार को बालू खनन में लगे दो डंफर और एक ट्रैक्टर-ट्राली अचानक बढे घाघरा के जल स्तर में डूब गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार को बालू भरने के लिए दो डंफर और ट्रैक्टर-ट्राली खड़े थे जिनपर जेसीबी से बालू भरी जा रही थी। तभी नदी का जल स्तर तेजी से बढने लगा जिससे डंफर, ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी किनारे की ओर जाने लगे लेकिन अचानक आगे के डंफर में खराबी आ गयी। माना जाता है कि दो बैराजों से एक साथ पानी छोड़ने के कारण जल स्तर इतना तेजी से बढा की शाम तक दोनों डंफर और ट्रैक्टर-ट्राली पानी में समा गये। इस संबंध में ढेमवा घाट चौकी प्रभारी उत्कर्ष पांडे ने बताया कि लगभग एक हफ्ते से बालू खनन हो रहा है। जिसके संबंध में खनन कर्ताओं से दस्तावेज मांगे गये हैं फिलहाल अभी तक कोई वैध कागजात नहीं मिले हैं। सूत्रों की मानें तो बालू खनन का ठेका घाघरा नदी के उस पार अयोध्या जनपद में हुआ है लेकिन खनन गोंडा के नवाबगंज की सीमा में किया जा रहा है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना ने कहा कि बालू खनन की जांच के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**संभावित आत्महत्या या साजिश? परिजनों ने जताई शंका**

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**संग्रामपुर अमेठी।** भौसिंहपुर ग्राम पंचायत में सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब एक युवक का शव महुआ के पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान 25 वर्षीय संजीत गुप्ता पुत्र प्रदीप कुमार गुप्ता के रूप में हुई है, जो मल्लूपुर, थाना संग्रामपुर का निवासी था।घटना की जानकारी सबसे पहले वन विभाग के दैनिक श्रमिकों को हुई,

जो वृक्षारोपण के लिए खुदाई किएग्र्गों में दवा डालने पहुंचे थे। शव को देखकर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। संग्रामपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिवार के अनुसार, संजीत शनिवार



को सांगीपुर थाना क्षेत्र के अठेहा में अपनी पत्नी से मिलने गया था और रविवार रात करीब 8 बजे घर लौटा था।

सोमवार सुबह करीब 7रू30 बजे वह बाइक लेकर निकला, जिसके बाद उसका फोन बंद हो गया। संजीत प्रतापगढ़ में ठेकेदारी प्रथा के अंतर्गत दैनिक मजदूरी करता था। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी भी उसी पर थी। पिता ई-रिक्शा चलाकर घर खर्च में सहयोग करते हैं। मां उर्मिला देवी, बहन और छोटा भाई शोकाकुल हैं उप निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि अभी तक आत्महत्या का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है, जिसमें हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता ग्रामीणों और परिजनों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक संपन्न

## जनप्रतिनिधियों की शिकायतों एवं प्रस्तावों को गंभीरता से लेकर निस्तारण करें अधिकारी: सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गौरीगंज अमेठी।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ष्दिशाष की बैठक आज विकास भवन के प्रेरणा सभागार में सांसद अमेठी किशोरी लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में मा. विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, विधायक अमेठी महाराजी प्रजापति, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व जनप्रति. निधिगण उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के उठाए गए मुद्दे/सुझावों पर की गई कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समिति के समझ प्रस्तुत किया जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति दी गई। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण



रोजगार गारंटी योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन योजना (शहरी/ग्रामीण), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय ख्रषि विकास योजना परंपरागत ख्रषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री ख्रषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना, जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रक नियंत्रण कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मा. सांसद ने कहा कि सभी योजनाएं सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं सभी अधिकारीगण योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें जो लाभार्थीपरक योजनाएं हैं उनमें गांव-गांव कैंप लगाकर पात्र लोगों को लाभान्वित करें तथा उन कैंपों के बारे में जनप्रतिनिधियों को भी सूचित करें जिससे जनप्रतिनिधिगण वहां पर उपस्थित हो सके इसके अतिरिक्त जो निर्माण से संबंधित योजनाएं हैं उसमें जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त करें तथा उसी के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराएं, सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत् संवाद बनाए रखें तथा जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर शासन की योजनाओं को बेहतर दिशा दें तथा उन्हें धरातल पर उतारे और पात्र लोगों को लाभान्वित करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी मा. जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लाभार्थीपरक योजनाएं हैं उन्हें अपना कर्तव्य समझकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें। बैठक में उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि ख्रष्ण कुमार सिंह, नगरपालिका जायस अध्यक्ष मनीषा सिंह, ब्लॉक प्रमुख शाहगढ़ सदाशिव यादव, ब्लॉक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी सहित अन्य ब्लाक व ग्राम स्तर के जनप्रति. निधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# तेरहवें दिन जिंदगी की जंग हार गई शिवानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गोंडा।** नवाबगंज थानाक्षेत्र क्षेत्र के जफरापुर गांव स्थित कस्तूरबा आवास विद्यालय में बीते 14 मई को हैंडवाश की दीवार गिरने से घायल छात्रा की इलाज के दौरान रविवार की रात 12 बजे मौत हो गई है। मृतक छात्रा की मां ने विद्यालय वार्डन को बिटिया का मौत का जिम्मेदार ठहराया है। कटरा शिवदयालगंज के जफरापुर गांव स्थित कस्तूरबा आवासीय बालि. का विद्यालय में बीते 14 मई को हैंडवाश की दीवार गिरने से तीन छात्राएं घायल हो गईं थीं। जिनमें से कक्षा 07 की घायल छात्रा शिवानी (12) की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब एक हफ्ते पहले विद्यालय की वार्डन आशा पांडे ने छात्रा को पीजीआई से डिस्चार्ज कराके अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। घटना के तेरहवें दिन रविवार को शिवानी पुत्री सूर्यनाथ की रात 12 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मृतक छात्रा का पोस्टमार्टम अयोध्या में होगा।फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने पर कारवाई की जाएगी।

### शिवानी की मां ने वार्डन को ठहराया बिटिया की मौत का जिम्मेदार

**मृतक** छात्रा की मां सुमित्रा ने बताया कि जब शिवानी लखनऊ पीजीआई में भर्ती थी तब वह भी गई थी।

विद्यालय की वार्डन आशा पांडे मेरी बेटी को डिस्चार्ज कराके जब अयोध्या मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने लगीं तो मैने कहा कि मैं अपनी बेटी को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराऊंगी तो उन्होंने साफ मना कर दिया है। वार्डन ने धमकी देते हुए कहा कि चाहे जिससे सिफारिश करा लो लेकिन मैं तुम्हें बेटी नहीं सौपूंगी। मृतका की मां का आरोप है कि करीब एक हफ्ते से शिवानी का इलाज अयोध्या मेडिकल कॉलेज में चल रहा था।

इस बीच मैंने कई बार बेटी का इलाज प्राइवेट अस्पताल में करवाने की बात की तो वार्डन नहीं मानी लेकिन जब शिवानी की तबीयत रविवार को बिगड़ी तो वार्डन ने कहा कि लिखित रूप में दे दो फिर बेटी को ले जाओ।

### 'वार्डन कराती हैं बच्चों से साफ-सफाई

मृतका की मां ने कहा कि जब हैंडवाश और दीवाल गिरी तब वार्डन मेरी बेटी से और अन्य छात्राओं से हैंडवाश कि सफाई करवा रहीं थी।वहीं दीवाल गिरने से घायल हुई छात्रा मीनाक्षी ने बताया कि वार्डन हर हफ्ते अलग-अलग छात्राओं का समूह बनवाकर हैंडवाश, झाडू-पोछा, बर्तन धुलवाने का काम करातीं थी। यदि कोई छात्रा मना करती तो बड़ी मैडम (वार्डन) डांटती मारती हैं। इन आरोपों के संबंध में जब वार्डन आशा पांडे से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन एक बार उठा। सवाल पूछने पर फोन काटकर उन्होंने स्विच आफ कर लिया। इस मामले की जांच उपजिला. धिकारी तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि छात्रा की मौत की घटना दुखद है। दीवाल गिरने के मामले में निर्माण की गुणवत्ता की जांच के लिए सैमपलिंग कराई गई। घटना से जुड़े हर पहलु की बारीकी से जांच कर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मृतक छात्रा** चार भाई-बहनों सितारा (23)साधना (19),कौशल्या (16),रामकरन (14)में सबसे छोटी थी। पिता गुजरात में रहकर मजदूरी करते हैं। बिटिया की मौत की सूचना मिलने के बाद वह घर के लिए निकल गए हैं। वहीं घर की सबसे छोटी सदस्य की मौत के बाद मां और बहनें रो-रो कर बेहाल हैं

### शादी समारोह में अवैध हथियार लहराता युवक कैमरे में कैद

**अमेठी।** जिले के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गणेश शुक्ल का पूरवा ककवा गांव में एक शादी समारोह के दौरान लापरवाही और कानून की अनदेखी का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक भोजपुरी गाने पर डांस करते हुए हाथ में अवैध हथियार लहरा रहा है। हैरानी की बात यह है कि उस दौरान वहां कुछ लड़कियां भी डांस कर रही थीं, जिससे माहौल और भी संवेदनशील हो गया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। अमेठी के इंस्पेक्टर रवि सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने वीडियो में नजर आ रहे युवक की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया योजनाओं का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सीतापुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षा क्षेत्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सीता. पुर जनपद में योजनाओं के क्रियान्वयन की शुरुआत की। मुख्यमंत्री द्वारा 'मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय', 'मुख्यमंत्री अभ्युदय मॉडल विद्यालय' समेत विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन डिजिटल माध्यम से किया गया, जिसे कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षक समुदाय ने सजीव रूप में देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा को सर्वांगीण रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है। अब प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में न केवल आधारभूत संरचनाएं सुख्रढ़ हुई हैं, बल्कि वहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। आज प्रदेश के विद्यालयों में छात्र हैं, शिक्षक हैं, समुचित भवन हैं, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है, और शिक्षण के लिए समर्पित वातावरण है। यह सब राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और संकल्प का परिणाम है। शिक्षा के क्षेत्र में यह एक 'साइलेंट रिवोल्यूशन' है।

बालकों की शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों, ग्राम पंचायतों तथा स्थानीय प्रशासन से नैतिक भागीदारी की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष तक के बच्चों को विद्यालय भेजना प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्राम पंचायत शिक्षा समितियों से अपील की कि वे ढोल-नगाड़ों के साथ 'स्कूल चलो अभियान' को जन-आंदोलन का रूप दें। कार्यक्रम में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजना के अंतर्गत बच्चों के लिए यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर, स्कूल बैग और पाठ्यपुस्तकों के बजट को विद्यार्थियों के बैंक खातों में भेजा गया। साथ ही, जिन बच्चों का नामांकन आगामी दिनों में होगा, उन्हें भी डीबीटी लाभ सुलभ कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में आज मुख्यमंत्री योगी जी द्वारा कई महत्वकांक्षी योजनाओं की शुरूआत की गयी है, जिनका उद्देश्य छात्रों की बेहतर सुविधाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समावेशी देना है। उन्होंने कहा कि 1200 रूपये की धनराशि उनके माता-पिता के बैंक के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरण की गयी है, जिससे बच्चे ड्रेस, स्वेटर स्कूल बैंग, जूता मोजा एवं स्टेशनरी का क्रय कर सकेंगे।

# गंगा घाट पर अस्थि विसर्जन के दौरान दर्दनाक हादसा

## तीन की डूबने से मौत, सांसद किशोरी लाल शर्मा ने जताया शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**जगदीशपुर अमेठी।** डलमऊ रायबरेली गंगा नदी में अस्थि विसर्जन के दौरान रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। कस्बा जगदीशपुर निवासी कौशल परिवार के नौ सदस्य अपने स्वर्गीय पिता की अस्थियों का विसर्जन करने डलमऊ घाट पहुंचे थे। इसी दौरान नदी की तेज धारा में संतुलन बिगड़ने से चार लोग डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन अफसोस की बात है कि दो लोग एक नाबालिगख्रगहरे पानी में समा गए।

गोताखोर ने एक को बचा लिया घटना के बाद एक घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में रायबरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा दिल्ली से सीधे अमेठी जगद. ीशपुर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। सांसद ने घायल व्यक्ति के इलाज की जानकारी लेने के लिए डॉक्टरों से भी बातचीत की। इस दौरान कांग्रेस के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद रहे। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा, ष्यह हादसा बेहद दुखद है। पूरा प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ

# अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सीतापुर।** कोतवाली लहरपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदेसुआ निवासी रामसागर पुत्र चंद्रभाल को गिरफ्तार किया । पुलिस ने आरोपी रामसागर के कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने रामसागर के खिलाफ लहरपुर कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

# सुहागिनों ने की वट वृक्ष की पूजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सीतापुर।** अमावस्या के शुभ अवसर पर पांच मंदिर में वट सावित्री व्रत के तहत सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। पूजा कर अपने पतियों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही महिलाओं ने नहा-धोकर निर्जला व्रत रखा और पारंपरिक परिधानों में सजकर मंदिरों में पहुंचीं। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की सात परिक्रमा कर कलावा बांधा और रक्षा कवच तैयार किया।

मान्यता है कि वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवों का वास होता है, इसीलिए इसकी पूजा का विशेष महत्व है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प और बुद्धिमत्ता से अपने मृत पति सत्यवान को यमराज से जीवनदान दिलवाया था।उसी की स्मृति में यह व्रत किया जाता है, जो प्रेम, निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर पूजा में रूची मिश्रा गुजन मिश्रा रानी तिवारी सोनी बाजपेयी सुनीता मिश्रा समेत बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाएं शामिल रहीं।



# स्विमिंग पूल में आनंद ले रहे बच्चे

## समर कैम्प के तीसरे दिन थिएटर में देखी मूवी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल धामपुर में समर कैंप का तीसरा दिन रहा है, जिसमें बच्चों ने पिकनिक तथा थिएटर का आनंद लिया।

कक्षा प्ले से कक्षा 3 तक के बच्चों ने थिएटर में जंगल मूवी व डोरीमोन मूवी देखी। बच्चों ने मूवी में बहुत ही आनंद लिया। कक्षा 4 से 12 तक के बच्चों के लिए स्कूल की तरफ से धामपुर जंक्शन (माइक्रो फैक्ट्री) में पिकनिक का आयोजन किया गया। जहां पर बच्चों ने पूल में स्विमिंग, झूला व बैडमिंटन, म्यूजिकल चेयर आदि खेलों का भरपूर आनंद लिया। तत्पश्चात अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ लंच किया। जिसके बाद सभी बच्चों ने वहीदा रहमान की स्टूडियो में भ्रमण किया। स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता ने बताया कि पिकनिक का उद्देश्य बच्चों में खेलकूद के साथ मस्ती करना एवं व्यावहारिकता व संगठन की भावना का विकास करना होता है। जिसमें हिन्दू रक्षा सेना महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी ने बच्चों को वहीदा रहमान के बारे में बताया। प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता ने भी बच्चों के साथ पिकनिक पर जाकर उनका मनोबल बढ़ाया तथा एंजॉय किया। शिक्षकों में पंकज, दीपक, हिमांशु, एवं शिक्षाओं में कुसुम, अंशु छाबड़ा, रविता, कंचन, तरन्नुम, ईशा, नसरीन, आंचल, प्रिया, जैनब, वंदना, अंशु पाल, शिवानी, खनक, अनीता, अमिता आदि ने भी अपना पूर्ण सहयोग देकर बच्चों के साथ समर कैंप का आनंद लिया।

## बजरंग दल नेता पर फायर झोंका बाल-बाल बचे

**हल्दौर।** मोहल्ला रईसान निवासी बजरंग दल कार्यकर्ता पर देर रात कुछ अज्ञात हमलावरों ने तमंचे से दो बार फायर किया। वह बाल-बाल बच गए। पीड़ित की ओर से थाने में तहरीर दी है।

नगर के मोहल्ला रईसान निवासी बजरंग दल के विभाग सहसंयोजक शिवम वर्मा रविवार की रात बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से निकले। आरोप है कि थाने के निकट बल्दिया मार्ग के पास एक आम के बाग के निकट हमलावरों ने उन तमंचे से फायर कर दिया। हमलावरों द्वारा दो बार फायर करने के बावजूद वह बाल-बाल बच गए। फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आरोपी बजरंग दल नेता को भुगत लेने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए कांबिंग की। लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सके। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नगीना में मौसम की मार, कहीं बिजली गुल, तो कहीं पानी के लिए हाहाकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर सहित तहसील क्षेत्र में रविवार सुबह एकाएक बदले मौसम के बाद आंधी आई। इसके थमते ही तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। करीब पौना घंटे तक रुक-रुक कर बारिश होती रही। इस दौरान शहरी और ग्रामीण इलाकों में पेड़ों और बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचा। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शहरी व ग्रामीण सर्कल के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति अस्त व्यस्त रही। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण बिजली निगम कार्यालयों में फोन घनघनाते रहे। हालांकि कितने खंभों और पेड़ों को नुकसान पहुंचा इसकी पुष्टि नहीं हो सकी।

नगर में सुबह हल्के बादल नजर आए, लेकिन अचानक तेज हवा चलने लगी और बूंदाबांदी शुरू हो गई। हवा तेज होने के साथ ही मोटी बूंदे गिरने लगी। इससे पहले बिजली विभाग ने एहतियात के तौर पर बिजली आपूर्ति को बंद कर दिया।



कुछ स्थानों पर पेड़ व टहनियां बिजली तारों पर गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग के कर्मचारी सारा दिन इधर उधर लाइनें दुरुस्त करने में लगे रहे।

उधर जल निगम मुरादाबाद द्वारा नगर में बिछाई गई नई पाइप लाइनों के टेस्टिंग का काम चल रहा है, जिसके कारण पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। इसके अलावा गर्मियों में पानी की अधिक मांग के चलते सप्लाई संसाधन ओवरलोड होने के कारण बार बार खराब होने और उनके मरम्मत का कार्य चलने के कारण कई दिन से कुछ क्षेत्रों में लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

इधर कुछ दिनों से एक इत्तेफाक और नजर आया कि कई बार पानी सप्लाई के टाइम पर अचानक बिजली चले जाने से लोग पानी भरने से महरूम रहे।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर युवक का पैर कटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील फाटक के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक का बायां पैर कट गया। घटना बीती रात करीब 11 बजे की है। घायल युवक की पहचान स्योहारा के रहटौली गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची। टीम ने एंबुलेंस की मदद से घायल को धामपुर सीएचसी पहुंचाया।

डॉ. मानस चौहान ने युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बिजनौर रेफर कर दिया। युवक के सिर में भी गंभीर चोट आई है। जांच में पता चला कि घटना के समय वह शराब के नशे में था। स्योहारा से धामपुर तक वह कैसे पहुंचा, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना की खबर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे।

# दिशा के छात्रों ने किया शैक्षिक भमण

## बीएचईएल में हासिल की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन्स धामपुर के प्रबंधन विभाग के छात्रों ने बीएचईएल (हरिद्वार) का शैक्षिक भ्रमण किया। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा आयोजित किया गया। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने छात्रों को भ्रमण के लिए बीएचईएल (हरिद्वार) रवाना किया।

महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा और वे उद्योग जगत की बेहतर समझ विकसित कर सकेगें।



संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने बताया कि बीएचईएल जैसे प्रतिष्ठित उद्योग का भ्रमण छात्रों के कैरियर के लिए लाभकारी साबित होगा। रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व, विकास और भविष्य की तैयारियों में सहायक होते है। अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई ने बताया कि शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी छात्रों की सफलता की कुंजी है, इस भ्रमण से उन्हें वह अवसर मिला। छात्रों ने बीएचईएल के मुख्य निमार्ण संयंत्र हीप का अवलोकन किया, जहाँ ट्रेनर राजकमल ने उन्हें निर्माण प्रक्रिया, मशीन शॉप्स एवं उत्पादन कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। लाइट मशीन शॉप में छात्रों ने शिफ्ट समय, कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं आदि से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका उन्हे संतोषजनक उत्तर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख डा. समीर अहमद, विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया एवं फैकल्टी नाजिश भी उपस्थित थे। इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

# 28वां हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह 30 मई को

## समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** प्रगतिशील पत्रकार एसोसिएशन पंजीकृत नगीना के बैनर तले होने जा रहे 28 वे हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण हो गई।

यह जानकारी वरिष्ठ पत्रकार अध्यक्ष डॉ. रतेंद्र बिश्नोई व महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी व कार्यक्रम संयोजक मनोज वाल्मीकि ने जारी एक संयुक्त बयान मे दी। जारी बयान में बताया गया कि प्रगतिशील पत्रकार संघ पंजीकृत के बैनर तले होने जा रहे 28वे हिंदी पत्रकारिता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने जा रहा है। इस अवसर पर मीडिया का बदलता स्वरूप विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन 30 मई शुक्रवार की शाम सात बजे से हर वर्ष की भांति एमएम इंटर कॉलेज नगीना के मैदान में आयोजित किया जा रहा है। विचार गोष्ठी समारोह के मुख्य अतिथि राजेंद्र चौधरी सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन एवं पूर्व संपादक अमर उजाला, सुधीर कुमार चौहान सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन एवं रिटायर्ड डीआईजी रहेंगे। मुख्य वक्ता डॉ. पंकज भारद्वाज संपादक सांध्य दैनिक पब्लिक इमोशन तथा ज्योति लाल शर्मा ब्यूरो चीफ राष्ट्रीय सहारा समूह एवं जिला अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत उत्तर प्रदेश होंगे। विशिष्ट अतिथि शेख शाहनवाज खलील जिला अध्यक्ष नगर पालिका संघ बिजनौर, अनूप वाल्मीकि क्षेत्रीय मंत्री भाजपा एवं भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी भाजपा जिला अध्यक्ष समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उपरोक्त तीनों पत्रकारों डॉ. रतेन्द्र विश्नोई, धर्मेंद्र चौधरी व मनोज वाल्मीकि ने जनपद बिजनौर के समस्त पत्रकार साथियों से कार्यक्रम में शामिल होकर उसे सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील पत्रकार संघ पंजीकृत के बैनर तले पिछले 27 सालों से हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह मनाते चले आ रहे हैं और इस 28वे हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह को और भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

# आधार कार्ड ठीक कराने को भटक रहे लोग: मुजीबुल हसन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में बढ़कर हिस्सा लेने वाले वरिष्ठ समाजसेवी मुजीबुल हसन ने नगर के लोगों की चिंता करते हुए कहा है कि आधार कार्ड नगर के लोगों के लिए एक ऐसी समस्या बन गई है जिसको लेकर नगर वासी लगातार लाइन लगाकर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। लेकिन संबंधित विभाग व सरकारी कर्मचारी इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

मुजीबुल हसन ने कहा कि नगर से सटे ग्राम खलीलपुर में डाकघर में ही एकमात्र आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं लेकिन वहां नगर में क्षेत्र के लोगों की लंबी-लंबी कतारे लगी रहती है और लोगों को 20 दिन से लेकर एक महीने तक का समय मिलता है। उसके बाद जाकर लोगों की समस्याओं का हल होने की कोई संभावना बनती है, जो बहुत ही चिंता का विषय है।



मुजीबुल हसन ने कहा कि आज बिना आधार कार्ड के कोई भी काम नहीं हो सकता। आधार के बिना हर कोई मानो आधारहीन है, इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि आधार बिन सब सून। सरकारी अर्द्धसरकारी और निजी संस्थाओं में हर जगह आधार कार्ड अनिवार्य बना दिया गया है। मगर आधार कार्ड में नाम, जन्म तारीख या अन्य छोटी-मोटी गलतियों में सुधार कराने में दिक्कत होती है। इसके लिए लोग परेशान रहते हैं। कई बार वे आधार केंद्र पर भटकते रहते हैं। कोई भी सुनने और मदद करने वाला नहीं होता। आधार में जो भी त्रुटियां हैं उन्हें समय-सीमा में दुरुस्त करने के लिए साफ्टवेयर को अद्यतन किया जाना चाहिए ताकि नागरिक परेशान न हों। जब सरकार ने इसे हर काम में अनिवार्य कर दिया है तो आधार कार्ड में सुधार सहजता से होना चाहिए। नगर स्योहारा में एक डाकघर हुआ करता था लेकिन लगभग 3 वर्ष पूर्व से वह डाकघर भी ग्रामीण क्षेत्र में चला गया और आधार कार्ड डाकघर में ही नाम में परिवर्तन एवं नए आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। शहर के लोगों को वहां तक पहुंचने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुजीबुल हसन ने कहा कि आधार कार्ड बनाने के लिये और स्थान पर मशीन लगाई जाए तो नगर व क्षेत्र के लोगों को होने वाली परेशानियों से बचाया जा सकता है।

# प्रो. डॉ. आफताब आलम रिजवी का निधन

## शिक्षकों और शिक्षण संस्थाओं में छाया शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मोहल्ला सरायरफी फीना कॉलोनी निवासी डॉ. आफताब आलम रिजवी (गुलाब सिंह हिंदू महाविद्यालय चांदपुर के पूर्व प्रोफेसर) का आज इंतकाल हो गया है। उनके निधन का समाचार सिटी मे आते ही बड़ी संख्या मे उनके साथी जूनियर सीनियर शिक्षकों, शिष्यों एवं उनके बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने अपने रंजोगम का इजहार करते हुए मरहूम की मगफिरत के लिए दुआएं मगफिरत की।

गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षक गणों एवं समस्त स्टाफ ने भी अपने गहरे रंजा. 'गम का इजहार किया। उधर शहर में कांग्रेस नेता शेरबाज पठान, डा. विकास तोमर, डॉ. लाखन सिंह चौधरी, डॉ. विपिन तोमर, हाजी



अफजल कुरैशी, आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर, बसपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रत्याशी डॉ. शकील हाशमी, एमएम इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल हाजी मोहम्मद ताहिर, शिक्षक काजी फिरोज अहमद, मसूद उल हसन उर्फ असद मियां, नजमुल हसन रिजवी, सपा नेता आमिर सिद्दीकी, मोहम्मद आरिफ एडवोकेट, मनोज कुमार अग्रवाल एडवोकेट पंप वाले, मास्टर खलीलुर रहमान, प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार, पंकज चौधरी, जुबेर अहमद ठेकेदार, सपा वरिष्ठ नेता जिला सचिव शेख रईस अहमद, भारत विकास समिति के अध्यक्ष कुलदीप सिंह एडवोकेट, अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक हाजी मोहम्मद इल्तिफात, इफ्तिखार कुरैशी, पूर्व सभासद फुरकान उल हक हाशमी, रालोद वरिष्ठ नेता इरफानुद्दीन अहमद, सैयद कौसर अली मैनेजर मुस्लिम फंड ब्रांच चांदपुर, मोहसिन भूटानी, वसीम सैफी जिम वाले, मोहम्मद असलम मलिक ठेकेदार, मोहम्मद हनीफ पत्रकार, नसीमुद्दीन मनिहार, हाजी मोहसिन अंसारी, अजीम अहमद ठेकेदार, सपा नगर अध्यक्ष नाजिम खान, बहार आलम आदि सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, व्यापारियों, समाजसेवियों, नेताओं आदि ने भी प्रो. डा. आफताब आलम रिजवी के निधन पर गहरे रंजोगम का इजहार करते हुए मरहूम के लिए दुआएं मगफिरत की।

उनके जनाजे मे बड़ी तादाद मे लोगों ने शिरकत की बाद नमाज ए जौहर उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

## एक नजर

### भाकियू कार्यकर्ताओं का धरना समाप्त



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत का ब्लॉक जलीलपुर के उलेढ़ा बिजलीघर पर बिजली कटौती का विरोध करते हुए समय पर बिजली आपूर्ति करने व कई अन्य समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन आज विभाग के अधिकारियों द्वारा किसान यूनियन नेताओं के बीच पहुंचकर आश्वासन दिए जाने के बाद समाप्त हो गया। यूनियन के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ ने बताया कि आज बिजलीघर उलेढ़ा पर मनदीप कुमार, मोनू चौधरी, विपुल कुमार, जोगिंदर सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष, आनंदपाल, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, विनीत कुमार, संदीप कुमार, नितेंद्र सिंह, मोनू चौधरी, जितेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह धरने पर उपस्थित रहे। दिस इस इसी बीच विद्युत विभाग के अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर यूनियन नेताओं की मांग को पूरी करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

### एसबीडी में योगाभ्यास कार्यक्रम




**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में शासन द्वारा निर्देशित योगा अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कु. नगमा परवीन असि.प्रो., शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा योगाभ्यास कराया गया। महाविद्यालय में उपस्थित शिक्षक वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं छात्रओं ने विभिन्न प्रकार के भ्रमरी, कपाल भाति, पदमासन, सूर्य नमस्कार जैसी योग क्रियाओं का अभ्यास किया। साथ ही महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने छात्राओं को योग से होने वाले स्वास्थ लाभ से भी अवगत कराया तथा सभी से 'योग व स्वस्थ्य जीवन शैली' चर्चा करते हुए योग अपनाने पर बल दिया। छात्राओं में दीपिका, फिजा अन्जुम, सफिया, मीनाक्षी, सना रब, सुमायला, मुस्कान, फायजा, सफिया आदि उपस्थित रही।

### ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

**धामपुर।** आज सुबह गांव हबीबवाला के पास स्थित रेलवे लाइन के निकट से कुछ ग्रामीण गुजर रहे थे। इस बीच उन्होंने रेलवे लाइन पर एक लगभग 50 वर्षीय महिला का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना उन्होंने जीआरपी को दी। इस पर जीआरपी मौके पर पहुंची। लेकिन मामला सिविल पुलिस क्षेत्र का होने के चलते थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि महिला की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि महिला रात में किसी समय ट्रेन से गिर गई थी। महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

# मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्र एवं छात्राओं के लिए पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम,कोऑर्डिनेटर शालिनी एवं सतेंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। समर कैंप में पूल पार्टी, डांस, क्रिकेट, योगा, लूडो, ताइक्वांडो, म्यूजिक, स्केटिंग, कबड्डी, खो खो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी रुचि के अनुसारगतिविधियों में हिस्सा लिया। श्रीमती मीना सिंह छात्र-छात्राओं की गतिविधियों की सहाराना करते हुए बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के लिए ठंडे फलों व जूस का अधिक सेवन करने तथा बच्चों को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का आयोजन संचिता वर्मा एवं वैशाली कश्यप की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर सोनवीर सिंह, गजेय सिंह, सतीश कुमार, अर्शी अबरार, शिल्पी, अनु चौधरी, बालेश कुमार, रिंकू वर्मा, केशव कुमार आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने बैंकों में किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण



## ग्राहकों से भी लिया फीडबैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** क्षेत्राधिकारी पुलिस अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने सोमवार को नगर के बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सीओ के नेतृत्व में चौकी लाल सराय प्रभारी उप निरीक्षक सोहन सिंह पुंढीर व पुलिस टीम के जवान बैंक, एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्र एवं गोल्ड लोन कार्यालयों पर पहुंचे, जहां उन्होंने संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

टीम ने भारतीय स्टेट बैंक की शाखा का दौरा कर बैंक की सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच की। पुलिस ने बैंक के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद खाताधारकों से भी बातचीत की। उनसे बैंक की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। टीम ने बैंकों के अंदर-बाहर खड़े संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी और नई उम्र के युवकों से पूछताछ की गई। पुलिस ने बैंक प्रबंधकों से सीसीटीवी कैमरे, सायरन और सुरक्षा गार्ड की जानकारी ली। बैंक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई। उन्हें सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। यह निरीक्षण बैंकों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए किया गया।

# भाजपा सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम: राज्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड के सभागार में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी स्मृति अभियान के तहत विधानसभा का पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन सोमवार को आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ओम प्रकाश गोला प्रजापति ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश की सरकार महापुरुषों का हमेशा सम्मान करने का काम कर रही है तथा सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।

विकासखंड के सभागार में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी स्मृत अभियान विधानसभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री माटी कला बोर्ड के ओम प्रकाश गोला प्रजापति ने अहिल्याबाई होल्कर के



चित्र पर दीप प्रज्वलित करके पुष्पांजलि करके किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार डबल इंजन के रूप में जनमानस के लिए बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। साथ ही सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। प्रदेश में केंद्र की सरकार ने देश के महापुरुषों का सम्मान हमेशा किया है। साथ ही आज भी कर रही है। अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बड़े स्तर पर अभियान के रूप में मना रही है। साथ ही अहिल्याबाई होल्कर के जीवन संबंधित अनेक जानकारी दी। उन्होंने बताया अहिल्याबाई होल्कर ने अपने पुत्र को पुत्र मोह में ना आकर सजा देने का भी काम किया था, उनके जीवन से सीख लें तथा देश में प्रदेश ग्राम पंचायत के विकास में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनमानस तक पहुंच करके क्रियान्वयन में पूर्ण सहभागिता करने का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से पूर्व भारतीय थल सेना की मुस्लिम महिला को बिना किसी भेदभाव के जिम्मेदारी दी। साथ ही जिम्मेदारी के तहत उस अभियान में निष्ठा व लगन से कार्य किया। सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर सतत प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, राजीव सिसोदिया, अतुल मारवाड़ी, राकेश सैनी, दानवीर, पीयूष चौहान, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल सिंह, उदित चौधरी, तस्लीम अहमद, नरेश कुमार, अजहर अली, प्रशांत कुमार आदि ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख तथा संचालन दर्पण रावल ने किया। राज्य मंत्री के पहुंचने पर फूल मालाओं से व स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया गया

# किला क्षेत्र में नहीं चला भय का सिक्का

- मुखबिर के बेटे को पुलिस ने भेजा सलाखों के पीछे
- सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाला विक्की चढ़ा पुलिस के हत्थे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र में पुलिस की सख्ती के आगे अब अपराधियों का खौफ नहीं, चाहे वह किसी का भी बेटा हो। थाना किला की सक्रिय पुलिस टीम ने सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाले विक्की कश्यप को धर दबोचा। चौंकाने वाली बात यह रही कि गिरफ्तार युवक एक मुखबिर का बेटा है। पुलिस ने उसे मौके से तमंचे समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत थाना किला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। चौकी गढ़ी प्रभारी उप निरीक्षक आनन्द प्रकाश ने अपनी टीम के साथ रविवार को चौधरी तालाब चबूतरे के पास घेराबंदी कर विक्की कश्यप पुत्र श्रवण कुमार निवासी चौधरी मोहल्ला, गुलाबनगर को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर बरामद हुआ।

विक्की सोशल मीडिया पर अवैध तमंचे के साथ अपनी तस्वीरें पोस्ट कर रहा था, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बनने लगा था। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की और उसे सलाखों के पीछे पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने थाना किला पुलिस की इस कार्रवाई की खुले दिल से तारीफ की। लोगों का कहना है कि अब चाहे कोई भी हो, कानून से ऊपर कोई नहीं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक आनन्द प्रकाश, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार शामिल रहे।

# सीएम योगी ने बेसिक शिक्षा विभाग को बांटी सौगात

## प्रदेश में 3276 करोड़ रुपये की योजनाओं का किया लोकार्पण, शिलान्यास व शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से आज बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण/ शिलान्यास/ शुभारम्भ लोकभवन सभागार लखनऊ से किया गया।

जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में किया गया, इस अवसर पर मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री सहकारिता विभाग एवं प्रभारी मंत्री जनपद बरेली जेपीएस राठौर, सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, महापौर डा. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, विधायक नवाबगंज डा. एमपी आर्य, अधिकारियों में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अनेकों लाभार्थियों के कलेक्ट्रेट में उपस्थित रहकर मुख्यमंत्री के संबोधन को देखा और सुना।



इस अवसर मुख्यमंत्री योगी ने बेहतर शिक्षा उन्नत भविष्य के तहत 139 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों/अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण, 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का शिलान्यास तथा ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा रुपए 1,200 की धनराशि उनके माता-पिता, अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण, 7409 विद्यालयों में स्मार्ट क्लॉस 5,258 विद्यालयों में आईसीटी लैब शिक्षकों को 51,667 टैबलेट वितरण, 503 पीएम श्री विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान में स्थापित, एजुकेशनल ब्रॉडकास्टिंग स्टूडियो कक्षा 3 से 12 के छात्र-छात्राओं के स्पॉट एसेसमेंट हेतु निपुण प्लस एप, समस्त परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प नवाचार का शुभारंभ व निपुण आकलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का सम्मान, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा सृजित पुस्तकों 'सारथी' एवं 'अनुरूपण' का विमोचन किया गया।

इस अवसर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने जनपद के परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालन हेतु नितेश पाण्डेय, बबिता विष्ट, एंग्रेवल हेमाली, नीति छावड़ा, सरिता शुक्ला तथा डिजिटल लाइबेरी संचालन हेतु सुरेश कुमार, झांझन लाल, ओमेन्द्र पाल सिंह, बैजनाथ, शशिरेखा चौधरी और समर कैम्प संचालन हेतु कुसुम मौर्य, सोम प्यारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षक कमलेश यादव, प्रत्यूष प्रसून उपाध्याय, गायत्री यादव, नीरज वर्मा, चन्द्रकांता माथुर को टैबलेट वितरण किया गया।

इस अवसर पर सीबीएस बोर्ड में ऑल इण्डिया में तृतीय रैंक, उत्तर प्रदेश में द्वितीय रैंक एवं जोन में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाली छात्रा स्तुति वर्मा को जिलाधिकारी की ओर से ई-स्कूटी प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालय से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2024 में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी केशव व माधव प्रजापति को टैबलेट प्रदान किया गया। हाई स्कूल-2025 में जनपद स्तर पर टॉप फाइव रैंक के प्रतिभागियों में प्रशंसा, कृष्ण कुमार, शेखर राठौर, आर्यन शाक्य, आयुष गुप्ता तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा-2025 में जनपद स्तर पर टॉप फाइव रैंक के प्रतिभागियों तूबा खान, डिम्पल मौर्य, रिया सोमवंशी, अनन्या मौर्य, निम्मी पून, शादिया खान को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री सहकारिता विभाग एवं प्रभारी मंत्री जनपद बरेली जेपीएस राठौर ने कहा कि बच्चियों के बेहतर भविष्य और शिक्षा के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को कक्षा 12 तक उच्चीकृत किया गया है। विद्यालयों में बच्चों को स्मार्ट क्लॉस के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। यह प्रदेश का बदलता स्वरूप है। इस अवसर पर सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार ने कहा कि प्रदेश शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए प्रदेश सरकार सदैव कार्यरत है, ऑपरेशन कायाकल्प योजना के अंतर्गत विद्यालयों में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। स्कूली बच्चों को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा रुपए 1,200 की धनराशि उनके अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा रही है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप समाज की आधारशिला हैं। आप द्वारा बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य किया जाता है। इस कार्य को आप पूरे मनोयोग समर्पण के साथ करें यही हम सभी की आशा है।

## एक नजर

### मिशन ग्लोबल एकेडमी में समर कैंप का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा (रिछा) में पांच दिवसीय समर कैंप का समारोह पूर्वक शुभारंभ किया गया। विद्यालय के संरक्षक आरके सक्सेना और क्रिकेट कोच सौरभ पूनिया ने समर कैंप का उद्घाटन किया।

समर कैंप के पहले दिन, छात्रों को क्रिकेट के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद, उन्होंने लूडो, कैरम और चेस जैसे इंडोर गेम्स का आनंद लिया।

कार्यक्रम के अंतिम सत्र में, प्रतिभागियों ने रेन डांस और जुमबा डांस पर जमकर धमाल मचाया। विद्यालय के प्रबंधक जितेन सक्सेना ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बी के कश्यप, निर्देशक अमित देओल, उपप्रधानाचार्य मोबिन मलिक और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### रानी अहिल्याबाई होलकर से प्रेरणा लेने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** महारानी अहिल्यावाई होलकर कि 3 सौ वीं पुण्य तिथि पर रविवार को क्षेत्र के आर्य पैरा मेडिकल कॉलेज में आयोजित विधान सभा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तार से रोशनी डालते हुए उनके साहस की जमकर प्रशंसा की। साथ ही उनसे प्रेरणा लेने का आवाहन किया गया।



सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा की प्रदेश मंत्री डी पी भारती ने उन्हें याद करते हुए उनके जीवन पर विस्तार से जानकारी दी। सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉक्टर एम पी आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अहिल्यावाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेने का आवाहन किया। देर तक चले इस सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्वाति कुमार, जिला महामंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, मीरा गंगवार, पूजा गंगवार, शैलेन्द्र विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, नीरू सागर, युवा नेता भुजेंद्र गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद दिवाकर, राममोहन गंगवार, नत्थू लाल आर्य, नीतीश उपाध्याय, रामप्रकाश गंगवार, मनोज दिवाकर, सचिन रस्तोगी, सागर, प्रधानो नाजिम अली, शमशुल मंसूरी, चारों मंडल अध्यक्षों के साथ ही बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने भाग लिया। आयोजन में पहुंचे अतिथियों का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार और भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार ने पटका पहनाकर स्वागत किया।

### हजरत सैयद शेर शाह बाबा का तीन रोजा उर्स सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सिटी स्टेशन रोड, रेलवे कॉलोनी स्थित पवित्र दरगाह हजरत सैयद शेर शाह बाबा पर तीन दिवसीय उर्स मुबारक बड़े एहतराम और सलीके से मनाया गया। अकीदतमंदों की बड़ी तादाद ने दरगाह पर हाजिरी दी और दुआओं में शरीक होकर अपने दिलों को सुकून बख्शा। उर्स की शुरुआत गुरूवार की सुबह नमाज-ए-फज्र के बाद कुरानख्वानी से हुई। शाम को नमाज-ए-इशा के बाद मिलाद शरीफ की रूहानी महफिल सजाई गई, जिसमें उलमा-ए-किराम और नातख्वानों ने नात-ए-पाक पेश की। महफिल में हजरत मोहम्मद मुस्तफा और हजरत शेर शाह बाबा के तजकीरे से माहौल खुशनुमा हो गया। वही दूसरे दिन इशा के बाद सूफियाना कलाम की रंगारंग कव्वाली महफिल हुई, जिसमें मशहूर कव्वालों ने अपने कलामों से महफिल में बैठे अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हर लफ्ज में अकीदत और मोहब्बत की खुशबू महसूस की गई। उर्स के आखिरी दिन सुबह 10:38 बजे कुल की रस्म अदा की गई। नात और मनकबत के साथ माहौल रूहानी हो गया और अकीदतमंदों ने फातेहा ख्वानी कर अमन, सलामती और बरकत की दुआएं मांगी। उर्स के बेहतर इंतजामात में सुल्तान खघन, शफीक बेग, फैजान खघन, दानिश बेग, मुदस्सिर बेग, मोहम्मद हाशिम मंसूरी, मोहम्मद आलम मंसूरी, मोहम्मद मेहताब मंसूरी और ओवैस मंसूरी का विशेष योगदान रहा। उनकी मेहनत और खिदमत से पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ।



### रानी अहिल्याबाई होलकर की जीवन यात्रा पर प्रदर्शनी का भूपेंद्र चौधरी ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा आईएमए हॉल में आयोजित माता रानी अहिल्याबाई होलकर की जीवन यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, सांसद छत्रपाल गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना सहित तमाम गणमान्य उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा 1988 से ही राम मंदिर निर्माण के संकल्प पर कार्य कर रही है और आज मंदिर बन चुका है। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होलकर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया, बल्कि रामेश्वरम से लेकर कई तीर्थों का जीर्णोद्धार कर सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की। जेपीएस राठौर ने अहिल्याबाई को भारतीय नारी शक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# घर में घुसकर महिला और उसक पुत्र को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की नीमगढ़ बस्ती के रहने वाले दुर्गेश कुमार गुप्ता की पत्नी ममता गुप्ता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में नेहा मिश्रा उनके पति विकाश मिश्रा और दोनों बच्चों पर घर में घुसकर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

आरोप है कि ममता गुप्ता के पति दुर्गेश कुमार गुप्ता रविवार को अपनी दुकान पर थे घर पर वह और उसका पुत्र और पुत्री थे, इसी दौरान नेहा मिश्रा अपने बच्चों के साथ उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी, उसे बचाने आए उसके पुत्र श्रेष्ठ गुप्ता के भी सर में लोहे की रॉड से वार कर दिया जिससे उसकी आंख वाल वाल बच गई।

ममता गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

# बिजली विभाग ने बहेड़ी में चलाया ऑपरेशन सुबह



**28 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में बिजली चोरी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए ऑपरेशन सुबह चलाया। इस अभियान का नेतृत्व अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने किया।

इस अभियान में एसडीओ अमित गंगवार, एसडीओ प्रेम चंद यादव, जेई रमेश सैनी, जेई संतोष शर्मा ने शाहगढ़, अब्बास नगर, शाहनगर और मौलाशाह गंज में गली-गली जाकर बिजली चोरी करने वालों को पकड़ा। इस दौरान 28 लोग बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए। अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने कहा कि बिजली चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, और लोगों को समय से बिजली बिल जमा करने और इमानदारी से बिजली जलाने की अपील की।

बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि बिजली चोरी से बचें, और समय से बिजली बिल जमा करें। इससे विभाग को राजस्व की हानि नहीं होगी, और बिजली की आपूर्ति सुचारु रूप से चलती रहेगी।

# नाबालिग किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर प्रेमी फरार

**चाचा की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना हाफिजगंज का एक युवक अपनी ननिहाल में रहता था। पड़ोस की एक नाबालिग किशोरी को अपने प्रेम जाल में फसा लिया, और मौका पाकर आज अपनी ननिहाल से किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवक की नानी का घर किशोरी के घर के पास में है। थाना हाफिजगंज के युवक हिमांशु की ननिहाल बहेड़ी कोतवाली के एक गांव में है। वह नानी के यहां अक्सर आता था। इसी बीच उसका इसी गांव की एक नाबालिग किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था, और वह उसे भगा ले गया। आज जब किशोरी के चाचा को पता चला तो बहेड़ी कोतवाली में तहरीर दी, पुलिस ने किशोरी के चाचा की तहरीर के आधार पर हिमांशु निवासी रिठौरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि टीम गठित कर दी गई है। किशोरी को जल्द बरामद कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# संगठन को मजबूत करने का आवाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे में सम्पन्न हुई कांग्रेस पार्टी की बैठक में संगठन सृजन अभियान पर चर्चा की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक भदपुरा और ब्लॉक नवाबगंज के साथ ही नगर नवाबगंज में संगठन सृजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संगठन को सुदृढ़ बनाने और कांग्रेस के संदेश को जनता तक पहुंचाने की नीति बनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कांत शर्मा की गरिमामय उपस्थिति भी रही।सभी अतिथियों और पदाधिकारीगण ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अलग-अलग सुझाव रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने की और संचालन ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद मंसूरी और नवाबगंज में नगर अध्यक्ष अरशद अली ने संचालन किया। दोनों 'कोर्डिनेटर (प्रभारी) ने बताया कि पूरे भारत में कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन अभियान चला रही है, अभियान के तहत नए संगठन का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेश में पांच स्तरीय संगठन का सृजन किया जाएगा, पार्टी की आगामी 100 दिन की कार्य योजना तैयार हो चुकी है। 100 दिन के अंतर्गत हम सब लोग मिलकर कांग्रेस पार्टी का बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करेंगे. जिला अध्यक्ष अशफाक सकलैनी ने कहा कि जिले का संगठन तैयार है और बहुत जल्द ब्लाक ,से न्याय पंचायत ब मंडल अध्यक्ष तक हम बहुत जल्द सभी को साथ लेकर पूर्ण कर लिया जाएगा किसी भी संगठन में जब तक अनुशासन नहीं होगा, जब तक संगठन मजबूत और सशक्त नहीं होगा, तथा हमें बूथ लेवल से संगठन को मजबूत कर, आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को विजय श्री दिलाएंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉक्टर समसुल हसन अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज प्रदीप शर्मा को बनाया गया । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष दिनेश दादा, जिला कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा महानगर कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा गौरव, जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा, नगर अध्यक्ष अरशद अली, जिला महासचिव डॉक्टर समसुल हसन अंसारी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप शर्मा नगर महासचिव मुमताज अहमद, डॉक्टर मो यूनुस ट्रेलर नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सलीम अंसारी, आरिफ रोशन उनवान, मोहम्मद अंसारी, मुख्तियार अहमद, कामिल, अली हसन, सभासद जुबेदा बेगम, पूर्व सभासद रजिया बेगम आदि थे।



# समर कैम्प में बच्चों ने की मस्ती

- दमखोदा ब्लाक के अभयपुर कम्पोजिट विद्यालय में समर कैम्प का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक दमखोदा के कंपोजिट विद्यालय अभयपुर में गर्मियों की छुट्टियों में समर कैम्प का शुभारंभ जिसमें छात्रों ने उत्साह और जोश के साथ समर कैम्प में बढ़ चढ़ कर रुचि ले रहे हैं । इसका संचालन अयोध्या प्रसाद और शिखा गंगवार कर रहे है ।

समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों को गर्मियों की छुट्टियों में नए कौशल सीखने और मित्रता बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। इसमें प्रतिदिन समय सारणी के अनुसार योग, जीरो इन्वेस्टमेंट से रंगोली , पर्यायवरण ,जीवन कौशल से जुडी चीजे , संगीत आदि गतिविधियां कराई जा रही है । साथ ही बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी दिया जा रहा है । अभिभावक गण का और समाज से सहयोग प्राप्त हो रहा है।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाया जा रहा है । समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है । जैसे कि खेल,योगा, कला और नृत्य। छात्रों ने इन गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्राप्त किया। छात्रों ने समर कैंप के शुभारंभ पर उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर नए मित्र बनाए और अपने कौशल को विकसित करने का अवसर प्राप्त किया।



विद्यालय की यह पहल छात्रों को गर्मियों की छुट्टियों में व्यस्त और सक्रिय रखने के लिए की गई है। समर कैंप के माध्यम से छात्रों को नए कौशल सीखने और मित्रता बढ़ाने का अवसर मिलेगा

विद्यालय के प्रधानाचार्य अध्यापक विनोद कुमार वर्मा ने छात्रों से अपील की है, कि वह समर कैम्प का भरपूर आनंद लें, और नए कौशल सीखने के साथ-साथ मित्रता भी बढ़ाएं। और इसमें बच्चों का बौद्धिक, शरीरिक , विकास व अच्छे से होगा, साथ ही इससे नामांकन और ठहराव भी बढ़ेगा । समर कैंप का आयोजन विद्यालय द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जा रहा है। यह समर कैम्प पन्द्रह जून तक चलेगा।

# मुरादाबाद एवं बरेली मण्डल की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

- भारत सरकार द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकास कृषि संकल्प अभियान चलाये जाने के दिये गये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आज (कृषि विभाग के स्थापना का 150वीं वर्ष, एफपीओ का 5वीं वर्ष, पीएम किसान सम्मान निधि का 6वीं वर्ष) बरेली एवं मुरादाबाद मण्डल की "मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2025" का आयोजन जीआईसी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकारी की नीतियों के कारण पिछले 08 वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है, साथ ही वर्तमान वर्ष में पूरे प्रदेश में लगभग 85 प्रतिशत गन्ना भुगतान किया जा चुका है। बरेली मण्डल की 10 चीनी मिलें ऐसी हैं जिनके द्वारा शत-प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। जनपद बरेली में 01 नई चीनी मिल की स्थापना का प्रस्ताव है। बरेली मण्डल में धान की खेती का क्षेत्रफल कम हुआ है। सरसों के उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई है। कृषकों को संतुलित मात्रा में उर्वरक व रसायनों का प्रयोग करना चाहिए, जिससे अधिक उत्पादन के साथ लागत में कभी आयें। हर वर्ष उचित न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार द्वारा दिया जा रहा है। जिन जिलों की फसल उत्पादकता कम है उनके कारणों पर कृषि विभाग एवं मुख्य विकास अधिकारी, आयुक्त महोदय भी विशेष रूप से अपना ध्यान आकृष्ट करें। भारत सरकार द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकास कृषि संकल्प अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक न्याय पंचायत पर एक गोष्ठी आयोजित की जायेगी, जिसमें एक टीम के रूप में कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय कर्मचारी/ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस अभियान का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना है।





कृषि निदेशक द्वारा उक्त कृषकों की समस्याओं का समाधान करते हुए कृषकों से अपील की गयी कि किसान भाई खरीफ में फसल बीमा से आच्छादित फसलों का फसल बीमा अवश्य करायें। साथ ही जो कृषक भाई जैविक/प्राकृतिक खेती कर रहे हैं वह कृषक बीज प्रमाणीकरण संस्था से अपना पंजीकरण करा सकते हैं तथा जैविक उत्पाद के परीक्षण के परीक्षण के लिए लैब की स्थापना हेतु शासन स्तर पर वार्ता की जायेगी।

प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर कृषकों की मांग के अनुरूप अधिक से अधिक प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। हमारे पास आपके क्षेत्र में उत्पादित प्रजातियों का बीज पर्याप्त मात्रा में बुवाई हेतु उपलब्ध है।

प्रमुख सचिव (कृषि) द्वारा अवगत कराया गया कि मूँगफली एवं मूंग की खरीद हेतु 01 जून से क्रय केन्द्र खोलने की अनुमति केन्द्र सरकार से मांगी गयी है। मेल पशु का खेती में इस्तेमाल न होने व दूध ने देने वाली गायों को छोड़ देने से छुट्टा पशुओं की समस्या बढ़ रही है। इस समस्या के निदान हेतु सरकार लगातार प्रयासरत है। जिसमें कृषकों का सहयोग जरूरी है। गन्ना की 038 प्रजाति में रोग लगने की समस्या पिछले वर्षों से आ रही है जिसपर अवगत कराया गया कि एक साथ पूरे क्षेत्रफल से प्रजाति को नहीं बदल सकते। अभी तक हमने अन्य उपज देने वाली प्रजातियों से लगभग 36 प्रतिशत क्षेत्रफल को प्रतिस्थापित कर लिया है।

विधान परिषद सदस्य बरेली द्वारा अवगत कराया गया कि किसान सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया जा रहा है जिसका लाभ कृषक भाई ले रहे हैं। सरकारी की जो भी नीतियाँ व योजनाएं चलायी जा रही हैं। उनका पूरा लाभ कृषक भाईयों को मिल रहा है। मण्डलायुक्त बरेली मण्डल एवं मण्डलायुक्त मुरादाबाद मण्डल द्वारा गोष्ठी में खरीफ-2025 की रणनीति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी, जिसमें धान का क्षेत्रफल घटाकर दलहन, तिलहन एवं मक्का का क्षेत्रफल बढ़ाया गया है। साथ ही यह भी अवगत कराया कि मण्डल में कृषि निवेशों की कोई कमी है। बरेली मण्डल में धान का क्षेत्रफल 12.50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत 30 करोड़ रूपए धनराशि का कृषकों को वितरण कराया गया है। कृषि एक जीवका का साधन है। आय बढ़ाने हेतु मार्केटिंग की व्यवस्था का होना आश्यक है। आर्गेनिक खेती हेतु लैब की आवश्यकता है। बासमती धान रिसर्च सेंटर जनपद पीलीभीत में करा रहे है। मंत्री, राज्य कृषि मंत्री एवं उच्चाधिकारियों द्वारा गोष्ठी स्थल पर विभिन्न विभागों एवं कम्पनियों के द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र आईवीआरआई, गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र, पीलीभीत के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषि की उन्नत तकनीकी धान की सीधे बुवाई, गन्ना की फसल के साथ सहफसली फसल, बागवानी एवं तिलहनी/दलहनी की खेती से सम्बन्धित, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी दी गयी। कृषक भाईयों को सुझाव दिया गया कि वह खेती के साथ-साथ उद्यान, कृषि वानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन आदि अपनायें।

जनपद सम्भल के कृषक फूल कुमार द्वारा उर्द के क्षेत्रीय प्रजाति अलंकार की राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध कराने की माँग की गयी। जनपद मुरादाबाद के कृषक राजेश कुमार द्वारा तहसील कॉठ में मृदा परीक्षण लैब स्थापित कराने की माँग की गयी। जनपद रामपुर के कृषक हरदीप सिंह ने अवगत कराया कि वह ड्रैगन फ्रूट, एवाकाडो के भण्डारण एवं मार्केटिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए।

जनपद बदायूँ के कृषक दयाराम राजपूत द्वारा मक्का की हार्वेस्टिंग/धेसिंग के बाद अनाज को सुखाने हेतु छोटे ड्रायर कृषि यंत्र अनुदान पर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। जनपद पीलीभीत के कृषक हरिओम सिंह द्वारा छुट्टा पशुओं से फसल को बचाने हेतु सोलर फेंसिंग को अनुदान पर उपलब्ध कराने की मांग की गयी। जनपद बरेली के कृषक ओमप्रकाश व अन्य कृषकों के द्वारा जैविक उत्पाद के परीक्षण हेतु एक प्रयोगशाला की स्थापना की मांग की गयी। इस अवसर पर राज्य मंत्री/प्रभारी मंत्री (पीलीभीत) कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग बलदेव सिंह औलख, उ०प्र० विधान परिषद बरेली सदस्य कुंवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष बरेली रश्मि पटेल, प्रमुख सचिव (कृषि), कृषि निदेशक, प्रबन्ध निदेशक उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम, संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक, मण्डलायुक्त बरेली सौम्या अग्रवाल, मण्डलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह, दोनों मण्डलों के संयुक्त विकास आयुक्त, संयुक्त कृषि निदेशक बरेली/ मुरादाबाद, जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी एवं बरेली/मुरादाबाद मण्डल के जनपदों के कृषकगण सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ की राजस्व कार्यों की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को समय से अपने कार्यालय में उपस्थित रहने और ससमय जनसुनवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने एन्टी भू-माफिया पोर्टल को अपडेट करने के भी निर्देश दिये गये और साथ ही पुराने राजस्व वादों का निस्तारण मेरिट के आधार पर करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी एसडीएम राजस्व वादों का निस्तारण लेखपालों की संयुक्त टीम बनाकर करायें और धारा-34, 24 एवं धारा 80 के समस्त वादों का निस्तारण गुणदोष के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित याचिकाओं में समय से प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के साथ ही प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम मुख्यमन्त्री आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदनों की समय से जांच कर आख्या उपलब्ध करायें और कर्मचारियों के लंबित देयकों व उनकी सेवा संबंधित प्रकरणों का समय से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने लंबित कृषि गणना, आय, जाति आदि का भुगतान समस्त लेखपालों को समय से करने के निर्देश दिये। बैठक में समस्त अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त उप जिलाधिकारी व तहसीलदार मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछितों को गिरफ्तार कर की कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन कराए जाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल में सोमवार को थाना सैफनी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल अभियुक्त गिरीश पाण्डेय पुत्र बसपति निवासी ग्राम घारमपुर थाना शाहबाद जनपद रामपुर 38 वर्ष बताया व दूसरे ने अपना नाम सलमान पुत्र हफीज निवासी ग्राम रीठ थाना कुढफतेहगढ़ जनपद सम्भल उम्र 30 वर्ष की गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

# दूल्हे के मामा के सिर में डंडा मारकर मौत के घाट उतारने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई क्षेत्र में बारात चढ़ने के दौरान दूल्हे के मामा के सर में डंडा मारकर हत्या कर देने वाले आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर हत्या के आरोपी सहित चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की थी। 23 मई को क्षेत्र के घनश्यामपुर गांव में शादी समारोह में मारपीट की घटना हुई थी। गांव में अजीमनगर क्षेत्र के खेड़ा गांव से बारात आई हुई थी। बारात में दूल्हे के मामा राजेंद्र भी अपने परिवार के साथ शामिल हुए थे। बारात चढ़ने के बाद दूल्हे के मामा राजेंद्र की किसी बात को लेकर कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। इसके बाद मारपीट में राजेंद्र के सर में डंडा मार दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने राजेंद्र के बेटे सुभाष की तहरीर के आधार पर घनश्यामपुर निवासी सोनू और बारात के साथ आए राजेश, भजनलाल और राकेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार को पुलिस ने हत्या के आरोपी घनश्यामपुर निवासी सोनू को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय पेश कर दिया है, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# जिले को मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का मिला तोहफा

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, अनुदेशकों व शिक्षामित्रों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर कमलों द्वारा लोक भवन में बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण योजनाओं के लोकार्पण, शिलान्यास व शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का रामपुर स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी व जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की उपस्थिति में सजीव प्रसारण कराया गया साथ ही सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक, शिक्षा मित्र एवं अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा में व्यापक सुधार किए हैं आज परिषदीय स्कूल किसी कान्वेंट स्कूल की तुलना में कम नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में गुणात्मक सुधार हुआ है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षण कार्य करायें। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का आईना होता है, पूरा समाज शिक्षा पर ही निर्भर है। बच्चों को जैसी शिक्षा मिलेगी वैसे ही समाज का निर्माण होगा। जिलाधिकारी ने शिक्षकों से समर्पित भाव से शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष भाजपा हरीश गंगवार ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश शिक्षा के साथ अन्य विकास कार्यों में रोजाना नए आयाम स्थापित कर रहा है। परिषदीय स्कूलों और उसमें तैनात शिक्षक अपने गुणवत्तापूर्ण शिक्षण से जिले का नाम देश भर में रौशन कर रहे हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने जिलाधिकारी को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह स्वयं व उनकी टीम और शिक्षक जिले की प्राथमिक शिक्षा को उच्च स्तर तक ले जाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे।




### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक किये गये सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों मीनू रानी, अनुसेंद्र सिंह, इंद्रजीत कौर, सुनील कुमार, शेफाली शर्मा, सुभाष चंद्र पांडे, शिक्षामित्र जयवीर सिंह, राजेश पाल, जुबेर खान, सना अकील, कमल सिंह और अनुद. ेशक वीरपाल सिंह, प्रीति पांडे, राजीव कुमार, सुधा वर्मा व नीरज को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि./रा. अमरीश कुमार बिन्द, डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा, जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, डीसी राहुल सक्सेना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

■ बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यक्रम का जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया आयोजन, लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

### जिले को मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का तोहफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद रामपुर में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय और मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय का तोहफा दिया है। पहले चरण में जिले में 88401 अभिभावकों के खाते में ड्रेस, स्वेटर, जूता, मोजा आदि खरीदने के लिए डीबीटी के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में 3300 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। प्रदेश के स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की ड्रेस आदि के लिए डीबीटी के माध्यम से 487 करोड़ रुपए सीधे अभिभावकों के खाते में भेजे। उन्होंने 43 मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालयों का शिलान्यास किया और 149 कस्तूरबा गांधी विद्यालय का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा विद्यालयों के प्रधानाचार्य को टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

## एक नजर

### बरसात से पहले नगर पंचायत विभाग ने ली नालों की सुध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** सोमवार को नगर पंचायत टीम के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष पति वसीम खा ने खुद खड़े होकर नालों की सफाई कराई। अगले महीने से बरसात शुरू हो जाएगी जिसके मद्देनजर नगर पंचायत के द्वारा नालों की सफाई शुरू कर दी गई है। बरसात के मौसम में अक्सर बरसात का पानी नालों ऊपर होकर बहने लगता है इसके जरिए नालो में मौजूद गंदगी भी नालों की बहार आ जाती है। इसी को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पति वसीम खान ने नगर में स्थित नालों का निरीक्षण किया उसके बाद नगर पंचायत कर्मियों के साथ खुद मौके पर पहुंच कर अपनी मौजूदगी में नालों की सफाई कराई। वही नगर वासियों का कहना है कि अगर नालों की तली झाड़ सफाई हो जाए तब जल भराव की समस्या से निदान मिल सकता है। इस मौके पर सभासद प्रति. निधि इकरार खान, शराफत हुसैन, शीशपाल व सफाई नायक प्रमोद मौजूद रहे।

### पांच बच्चों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिलक/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल निर्देशन में थाना ।भ्ज्न जनपद रामपुर पुलिस द्वारा थाना मिलक क्षेत्रान्तर्गत होटल, ढाबा, मोटरसाइकिल दुकान, कपड़ा शोरूम आदि से 05 बच्चो को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। जिसमें चाइल्ड ट्रैफिकिंग, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बच्चों में नशे की लत एवं बाल विवाह के संबंध में आम जनमानस को जागरूक किया गया तथा टोल फ्री नंबर 1090/1098/1076/112/108/181/102 के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया स बालश्रम रोकथाम के सम्बन्ध मे मेडिकल स्टोर, मुख्य चौराहों, होटल, ढाबा मालिकों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए, ऐसा करना दंडनीय अपराध है ।

### पुलिस ने किया आधा दर्जन का शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अलग अलग स्थानो पर हुई मारपीट की घटनाओं में कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार पर शांति भंग में चालान किया पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा आज मारपीट पर आमदा आधा दर्जन नफर अभियुक्त संजय पुत्र नत्थूलाल निवासी मोह. पटेलनगर थाना मिलक जनपद रामपुर उम्र 32 वर्ष, शन्नू पुत्र इकबाल उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम खाता नगरिया थाना मिलक जनपद रामपुर,शेर सिह पुत्र रामचरन निवासी ग्राम करीमंगंज थाना मिलक जनपद रामपुर उम्र करीब 50 वर्ष,रामभगत पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम कलकत्ता थाना मिलक जनपद रामपुर उम्र 40 वर्ष,सतीश पुत्र धनीराम निवासी ग्राम करीमंगज थाना मिलक जनपद रामपुर उम्र 35 वर्ष और राजीव पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम कलकत्ता थाना मिलक जनपद रामपुर को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भा.ना.सु.सं. के गिरफ्तार कर मा. न्या. एसडीएम कोर्ट मिलक भेजा गया।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन, नाम परिवर्तन, सम्बंध विच्छेद, खोया-पाया आदि सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

### कुछ असामाजिक तत्व किसानों से सरकारी योजनाओं के नाम पर कर रहे हैं धोखाधड़ी

## लघु सिंचाई विभाग की ओर से किसानों को कराया जा रहा अवगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** लघु सिंचाई विभाग की ओर से यह अवगत कराया गया है कि हाल ही में यह जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ असामाजिक तत्व विभिन्न सरकारी लघु सिंचाई योजनाओं (उथले नलकूप, मध्यम गहरे नलकूप, गहरे नलकूप आदि) के नाम पर किसानों एवं ग्रामीण नागरिकों को फोन कर रहे हैं और आवेदन शुल्क, पंजीकरण शुल्क या दस्तावेज सत्यापन के नाम पर धोखाधड़ी से पैसे मांग रहे हैं। सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा कभी भी फोन कॉल के माध्यम से किसी लाभार्थी से सीधे पैसों की मांग नहीं की जाती है और न ही यूपीआई/गुगल पे आदि के माध्यम से कोई धनराशि स्वीकृत की जाती है। विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए कृषक अंश आदि केवल डिमांड ड्राफ्ट अथवा चेक के माध्यम से ही स्वीकृत किया जाता है। सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया विभाग की अधिकृत वेबसाइट https://miuponline.in, कार्यालय नोटिस बोर्ड या ग्राम पंचायत/ब्लॉक स्तर पर अधिकृत माध्यमों से ही दी जाती है। किसी भी अज्ञात कॉल, संदेश या व्हाट्सएप पर मांगी गई जानक. ारी/धनराशि की मांग पर विश्वास न करें। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की कोई संदिग्ध कॉल प्राप्त होती है, तो कृपया उसकी सूचना तुरन्त अपने नजदीकी लघु सिंचाई विभाग कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय अथवा विकास भवन के कमरा संख्या-40 प्रथम तल पर या स्थानीय पुलिस स्टेशन में दें। लघु सिंचाई विभाग जनता से अपील करता है कि किसी भी फर्जी कॉल या व्यक्ति के झांसे में न आएं। सरकारी योजनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए केवल अधिकृत माध्यमों पर ही भरोसा करें।



### अलग अलग सड़क हादसे में तीन घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शनिवार को अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां घायलों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम ढकिया निवासी 24 वर्षीय जेम्स बेकर पुत्र बुद्धा और अर्पण सिंह पुत्र मुनेंद्र सिंह अपने किसी काम से ग्राम रवाना पट्टी जा रहे थे।

सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से बचने के चक्कर मे जेम्स बेकर की बाइक अनियंत्रित हो गई ओर गिर गई। जिससे जेम्स बेकर और अर्पण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके परपहुंची एंबुलेंस न्च32 ठळ 9235 पायलट नरेश कुमार और ईएमटी विपिन कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया।

दूसरी ओर ग्राम करेली चंदौसी के रहने वाले 21 वर्षीय पप्पू पुत्र मित्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर पर पप्पू को भी बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# किसानों ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन तोमर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष संजोर अली पाशा रामपुर के जिला अस्पताल पहुंचे। अपनी टीम के साथ उनके साथ रेहान खान एडवोकेट साथ मे कार्यकर्ता जिला चिकित्सा में पहुंचकर निरीक्षण किया। मरीज को देखने वाले डॉक्टर के यहां देखने को मिला बेहाल मरीजों से हाल-चाल पूछा तो दो रोज तक डॉक्टर नहीं देख पा रहे हैं। कोई सही सुविधा नहीं मिल पा रही है ना सही उपचार हो रहा है इसीलिए संजोर अली पाशा सीएमएस डीके वर्मा से मिले और बात की अस्पताल में अनदेखी उत्पीड़न मरीज के साथ बर्बरता हो रही। सबका हाल-चाल बताया सीएमएस सब ने कहा हम सुधारने के पूरे प्रयास कर रहे हैं कुछ व्यवस्थाचारी डॉक्टर ऐसे हैं की पब्लिक का काम नहीं कर पाते हैं। प्राइवेट तरीके से पीस लेकर कमरे पर देख रहे हैं या प्राइवेट अस्पतालों में बैठकर देख रहे हैं जिनकी शिकायत लंबे समय से हो रही है। हम चाहते हैं इमरजेंसी वार्ड में कई मरीजों से हमने पूछा तो मरीज ने बताया सही उपचार नहीं हो रहा है इमरजेंसी ठीक नहीं है। इसी तरह से ऑपरेशन सर्जन जो डॉक्टर हैं उनके रवैया इस तरह के हैं आए दिन शिकायत मिल रही है वह मिलती रहती है यदि सुधार नहीं हुआ किसान यूनियन धरना प्रदर्शन करेगी। सभी लोगों को साथ में संजोर पाशा, रेहान एडवोकेट, नासिर मियां, सोहेल पाशा, साबेज मियां, रामचंद्र, सियाराम, पप्पू, भूरा आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में निर्माण कार्य एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड में सम्मिलित विभिन्न विभागों के विकास कार्यों से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, यूपी सिडको, जल निगम, राजकीय निर्माण निगम, यूपीपीसीएल सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जनपद में कराये जा रहे निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनपद में चल रहे सभी निर्माण कार्यों को कार्यदाई संस्था द्वारा अनुबंध की शर्तों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाये और संबंधित विभाग को यथाशीघ्र हस्तांतरित करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये।



जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों से कहा कि जिन परियोजनाओं का कार्य धीमी गति से चल रहा है, उन परियोजनाओं को युद्धस्तर पर कार्य कराकर ससमय पूर्ण करायें। निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रही रैंकिंग की समीक्षा के दौरान खराब रैंकिंग वाले विभाग के अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार लाने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि अपनी विभागीय प्रगति की रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पर माह के अंतिम दिवस के पूर्व ही अनिवार्य रूप से फीड कराना सुनिश्चित करें एवं अधिकारी स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करते रहें। समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सूर्य प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# खाद्य निरीक्षक ने कोल्ड ड्रिंक बेच रहे दुकानदारों के ठिकानों पर की छापेमारी

## टीम ने एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक का लिया नमूना



( मो. फारूख अंसारी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** खाद्य निरीक्षक ने नगर समेत आसपास के क्षेत्र में छापेमार कार्रवाई की और कोल्ड ड्रिंक का नमूना लेकर सील किया है इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया और तमाम दुकानदार दुकान बंद कर फरार हो गए। सोमवार की शाम खाद्य निरीक्षक अजरा बी मोहम्मद ने मसवासी चौराहे पर एस के ट्रेडर्स पर के गोदाम पर छापेमार कार्रवाई की कोल्ड ड्रिंक के इस गोदाम पर छापेमार कार्रवाई से आसपास के दुकानों पर हड़कंप मच गया खाद्य विभाग की टीम ने कोल्ड ड्रिंक के गोदाम से मैंगो ड्रिंक का सैंपल लेकर सील कार्रवाई की है और नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य निरीक्षक की इस कार्रवाई से मसवासी बिजार खाता समेत आसपास के गांव में हड़कंप मच गया और पेय पदार्थ के नाम पर जहर बेचने वाले लोगों में हड़कंप मच गया और अपनी दुकानों को बंद कर फरार होने में कामयाब हो गए लगभग 2 घंटे तक क्षेत्र के दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा सैंपल कार्रवाई के बाद खाद्य निरीक्षक के यहां से चले जाने के बाद दुकानदारों ने राहत की सांस ली है।

# राजमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवनकाल पर डाला गया प्रकाश

( सुहैल मियाँ )
शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** सोमवार को भाजपा के कार्यक्रम में नगर मंडल के ब्लाक सभागार में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई त्रि शताब्दी स्मृति अभियान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि वर्तमान जिला अध्यक्ष मुरादाबाद राजपाल चौहान व पूर्व विधायक अली यूसुफ अली रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने किया। इस दौरान वक्ताओ ने बोलते हुए राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर परिचय के बारे में जानकारी दी गई और कहा कि महिलाओं का



योगदान हर स्तर पर रहा है। इस दौरान डोली रंधावा, अम्रता रंधावा, राजकुमार चौहान, मुकुट लाल, मदन लाल मौर्य, हरि सिंह लोधी, इंद्रपाल दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।

# मथुरा के एक निजी अस्पताल में प्रैक्टिस कर रहे मसवासी के युवक का शव कमरे के कुंडे में लटका मिला

( मो. फारूख अंसारी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** नगर के एक युवक का शव मथुरा के एक अस्पताल के नजदीक कमरे में कुंडी से लटका हुआ मिला है जिससे अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस ने अस्पताल कर्मियों के सहयोग से शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और परिजन लाश को लेने के लिए मथुरा रवाना हो गए हैं। मसवासी के मोहल्ला मेन बाजार निवासी विशाल उम्र 20 वर्ष पुत्र शिब्बू दिवाकर मथुरा के एक अस्पताल में प्रैक्टिस करता था। रविवार की शाम अस्पताल पर काम



मृतक विशाल का फाइल फोटो

करने के पश्चात वह शाम को अस्पताल के नजदीक अपने कमरे पर चला गया। सोमवार की सुबह काफी समय बाद जब वह अस्पताल पर ड्यूटी करने नहीं पहुंचा तो साथी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने उसके कमरे पर जाकर जानकारी हासिल करनी चाहिए तो उसका शव कुंडे में रस्सी से लटका हुआ था। यह मजरा देखकर साथी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अन्य लोगों की मदद से नीचे उतारा और उसके फोन से उसके परिवार वालों को मसवासी सूचना दी गई जिससे उनमें हड़कंप मच गया है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय मथुरा भेज दिया है हत्या या आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है परिजन उसकी शव लेने के लिए मथुरा रवाना हो गए हैं।

## एक नजर

### ई-रिक्शा चालक युवक का शव खेत में मिला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता



**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के चंद्रपुर खुर्द में एक ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 18 वर्षीय जितेंद्र पुत्र जसबीर के रूप में हुई है। रविवार शाम को जितेंद्र अपना ई-रिक्शा घर पर चार्जिंग के लिए लगाकर बाहर गया था। रात करीब 9:30 बजे उसकी मां क्रांति को फोन पर सूचना मिली कि उनके बेटे ने जहर खा लिया है।परिजनों को जितेंद्र का शव घर से लगभग 500 मीटर दूर रामगोपाल के खेत में मिला। शव नग्न अवस्था में था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।परिजनों का आरोप है कि यह हत्या का मामला है। उनका कहना है कि पहले जितेंद्र का गला दबाया गया। इसका प्रमाण यह है कि मृतक की लघुशंका निकली हुई थी। शव को कुछ दूर तक घसीटा भी गया। परिजनों का यह भी कहना है कि हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए जेब में जहर की पुड़िया रखी गई।जितेंद्र अपने परिवार का मुख्य सहारा था। वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके माता-पिता मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### गुरु नानक एकेडमी में चल रहे समर कैंप का हुआ समापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगर के गुरु नानक अकेडमी मे चल रहे है पांच दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ कैंप के आखिरी दिन जिला आयुष विभाग रामपुर के योग प्रशिक्षक रामू मौर्या तथा भूपराम ने विद्यार्थियों को योग अभ्यास कराया। जिसमें उन्होंने अनुलोम विलोम आदि एक्सरसाइजों का अभ्यास कराया 5 दिन के समर कैंप में बच्चों को स्टोन पेंटिंग स्प्रे पेंटिंग स्टैसलिगं सिखाई गई। क्राफ्ट में बच्चों को पेपर द्वारा फ्लावर अंब्रेला आदि बनाना सिखाया गया। डांस आदि सिखाने के साथ-साथ बच्चों को फायरलैस कुकिंग सिखाई गई जिसमें बच्चों ने खूब इंजॉय किया। विद्यालय के चौयरमैन विशेष शर्मा व उपाध्यक्ष रिजवान खान ने सभी शिक्षकों तथा बच्चों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास रहने के लिए संकल्प किया। इस अवसर पर नाजिया, आयुषी, मंतशा, अंजलि, खुशी, अंशु, वैशाली, विकास, आकांक्षा, रिचा, बबीता कुमारी, मान्या, उर्वशी, पुनीत, मानसी आदि रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों का उद्घाटन एवं लोकार्पण के अवसर पर कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के दौरान बेसिक शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार के द्वारा ब्लॉक मिलक के शिक्षकों को ब्लॉक संसाधन केंद्र मिलक पर उपस्थित होकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, शुभांक प्रकाश, समस्त संकुल शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र व अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# शाह शेरी जमली कादरी का 34 वां उर्स मुबारक का हुआ आगाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** रविवार को मौहल्ला पुराना गंज मंगल की पैठ में स्थित हाफिज अहमद हसन शाह शेरी जमाली कादरी का 34 वां दो दिन का सालाना उर्से मुबारक का आगाज हाफिज महफूज हुसैन शेरी जमाली की कुरआने करीम की तिलावत से हुआ।

बाद तिलावते कुरआने करीम के हाफिज मेराजुल हसन शेरी ने नाते पाक व मनकबत पेश की। इस मौके पर हजरत मौलाना शाह खालिद खाँ साहब कादरी ने मौजूद लोगों को खिताब करते हुए फरमाया के हिन्दुस्तान औलियाए किराम, पीराने इजाम बुर्जुगानेदीन का मस्कन ओर तवज्जोह का मर्कज रहा है और रामपुर औलिया-ए-किराम से आबाद है। मौलाना ने कहा के यह रामपुर की खुशनसीबी है कि इस सर जमीन पर हजरत सय्येदुना शाहे दरगााही महबूबे इलाही, और हजरत सय्येदुना हाफिज शाह जमालुल्लाह साहब रहमतुल्लाहे अलैह जैसे बाकमाल बुर्जुग मौजूद हैं।



बुर्जगानेदीन ने अपनी खानकाहों के जरिए दीन को फैलाया, और अपनी खानकाहों में रात दिन बैठ कर अल्लाह रब्बुल इज्जत जल्ला शानुहू की इबादत की, अल्लाह और उसके प्यारे रसूल सल्लल्लाहौ अलैही वसल्लम का पैगाम लोगों तक पहुँचाया। अल्लाह वालों के आस्तान क्यामत तक मखलूके खुदा के लिये फैज का जरिया हैं, जहाँ हर वक्त दिन हो या रात अल्लाह की रहमत का नुजूल रहता है। अल्लाह वालों के यहाँ आने से बिगड़े हुए काम बनते हैं, अल्लाह का जिक करने से दिल को सुकून मिलता है। और फायदा पहुँचता है, मौलाना ने कहा के अपने माँ-बाप की खिदमत करते रहो, और वालिदेन को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को अच्छी तालीम व तलीम व तरबियत दिलाऐं। कुरआन कहता है और हदीसे मुबारका के अन्दर भी है के जो अल्लाह का जिक करे, और जो न करे वह ऐसा हे जेसे जिन्दा या मुर्दा। यानी अल्लाह का जिक करने वाला जिन्दा बताया गया, और जिक न करने वाला मुर्दा कार दिया गया है। जिके रसूल (सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम) से सुकून हासिल होता है। यह बुर्जुगाने दीन, औलियाए कामेलीन अल्लाह के दीन और रसूले करीम (सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम) की सुन्नतों पर अमल कराने के लिये हमेशा मसरूफ रहै। यहाँ जो भी अकीदत व एहतेराम के साथ आता है और अपनी मुरादों के लिये दुआ मांगता है, तो अल्लाह तआला इनके वसीले से दुआएं कुबूल करता है। और खाली दामनों को गौहरे मुराद से भर देता है। अल्लाह वालों ने कभी किसी चीज की ख्वाहिश जाहिर नही की।

हुजूर सल्लल्लाहो अलैही वसललम ने फरमाया के अल्लाह के रास्ते पर चलना और अमल करना हर इन्सान पर फर्ज है। अल्लाह अपने नेक बन्दों से तभी खुश होता जब वह पंजवकघ्ता नमाज पढ़ते हैं और गरीबों की मदद करते हैं और रोजे रखते हैं। और जो लोग बुर्जुगानेदीन के बताए हुऐ रास्ते पर चलते हैं वह लोग दुनियों में रोशन होते हैं।

आखिर में कुल शरीफ के बाद षिजरा ख्वानी हुई। और तमाम आलमे इस्लाम के मुसलमानों के लिए अमन व आफियत की दुआ के साथ महफिल का इख्तेताम हुआ।

शाह दरगाही के सज्जादनशीन शाहिद मियाँ इस मौके पर हाफिज मेराजुल हसन शेरी, हाफिज महबूब हुसैन शेरी, महफूज हुसैन शेरी जमाली, अनवारूल हसन शेरी, हाफिज महफूज हुसैन शेरी जमाली, मसरूर हुसैन शेरी, हाजी अन्जारूल हसन शेरी, हाफिज साकिब शेरी, वकार उल हसन, मौहम्मद अरसलान, आदि शरीक ए महफिल रहे।

# किसानों ने प्रदर्शन कर सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानू की मासिक पंचायत अंबेडकर पार्क में संपन्न हुई पंचायत में राणा शुगर फैक्ट्री गन्ना किसानों का बकाया आवारा पशुओं को गौशाला पहचाने स्वार पिपली वन में अवैध कटान का मुद्दा उठाया गया।

जिसको लेकर सात सूत्रीय ज्ञापन बनाकर अंबेडकर पार्क से रैली लेकर प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे कलेक्ट्रेट में आधा घंटा तक नारेबाजी की घूमती रही अनाज हमारा दम तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा। वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा किसानों को कर्ज मुक्ति करो पिपली में अवैध कटान बंद करो राणा शुगर मिल में किसानों का भुगतान दिलाया जाए। तहसील में भ्रष्टाचार बंद किया जाए आवारा पशुओं को गौशाला भेजा जाए ताकि किसानों की फैसले बच सके आवारा पशुओं ने किसानों की



फसलों को बर्बाद कर रखा है ज्ञापन लेने आए एक्स्ट्रा में कलेक्ट्रेट में तैनात उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया और एक सप्ताह के अंदर सभी बिंदुओं पर कार्यवाही की मांग की।

कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी। शराब कच्ची तोड़ी जा रही पिपली वन में मिलक विचोले में नई जगह शराब की दुकान स्थापित कर दी है ग्राम वासियों को आपत्ति है पुरानी ही दुकान पर उसको स्थापित किया जाए अगर नहीं किया गया तो आंदोलन होगा। वन विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है शीघ्र डीएफओ कार्यालय पर आंदोलन किया जाएगा।

कार्यकर्ता तैयार रहे बरेली के कार्यालय पर पूरे मंडल की समस्याओं को लेकर वन विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर आंदोलन होगा। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने वालों में दानिश अली पाशा, जावेद वारसी, मक्खन सिंह चौहान, मुराद खान, नजराना बेगम, रेखा रानी, सतनाम सिंह, जसवीर सिंह, आकिल खान, आरिफ अली , सलीम वारसी, मोहम्मद अहमद, सफीक अहमद, गुड्डू, इस्लाम नवी, संजीव, मक्खन सिंह, मोहम्मद अहमद, झंडू सिंह, फैजान, अमन, रेहान, वकील, नवाज, विद्याराम, सफदर अली, सतीश, फैजी, वीरेंद्र सिंह, रईस अहमद, फरहत अली खान, जमाल , हरिचंद, गोरे सिंह, शकील अहमद, मोहम्मद आरिफ, साबिर अली, मुनव्वर आदि शामिल रहे।

### मारपीट कर धमकी देने में एक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** मारपीट गाली गलौज और जान से मारने की धमकी को लेकर पुलिस ने के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुलीचंदपुर निवासी मानसिंह ने कोतवाली मे तहरीर देते हुए कहा कि कल लगभग रात्रि के 11:30 बजे गांव के लालाराम मुझे देखकर गाली गलौज करने लगा जब मैने इसका विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गया लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देता हुआ लालाराम फरार हो गए मानसिंह की तहरीर पर गाली गलौज मारपीट धमकी देने में एक के खिलाफ हुई रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# इकाना में आरसीबी से भिड़ेगी लखनऊ

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मंगलवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के अंतिम लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स पर जीत हासिल करने के लिए शीर्ष दो में जगह बनाने मैदान में उतरेगी। वहीं लखनऊ सम्मानजक विदाई के लिए पुरजोर कोशिश करेगी। रजत पाटीदार की अगुआई वाली आरसीबी ने सीजन के आखिरी चरण में अपने पिछले पांच मैचों में से चार में जीत दर्ज करके शीर्ष पर है, जबकि लखनऊ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। आरसीबी यहां जीत हासिल कर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकती है और प्लेऑफ में उसे अतिरिक्त जीवनदान मिल सकता है। एलएसजी टूर्नामेंट में सम्मान के साथ विदाई के लिए अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल करनी होगी। आरसीबी के जीत के अभियान को विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी से बल मिला है। विराट ने इस सत्र में 548 रन बना लिए हैं और विस्फोटक बल्लेबाज फिलिप साल्ट के साथ शीर्ष पर हैं। मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा और पावर-हिटर टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड की मौजूदगी वाली उनका बल्लेबाजी क्रम लखनऊ की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाने मैदान में उतरेगी। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने बहुत देर से फॉर्म हासिल किया। हालांकि पिछले हफ्ते मिशेल मार्श की 117 रनों की तूफानी पारी और विलियम ओ'रुरके के शानदार स्पेल ने उन्हें गुजरात टाइटन्स पर 33 रनों की जीत दिलाई, लेकिन टीम के बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष ने पूरे अभियान में उन्हें भारी कीमत चुक. ानी पड़ी। स्पिनरों की मदद करने वाली इकाना पिच मध्यम स्कोर बनने के आसार है। पिछले पांच मैचों में से चार में टीमों ने सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा किया है, इसलिए टॉस फिर से महत्वपूर्ण होगा और दोनों कप्तान पहले गेंदबाजी करने का फैसला कर सकते हैं।

## पर्पल कैप की दौड़ में प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ नूर हुए आगे

● चेन्नई के नूर अहमद ने खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट लिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद कल खेले गए अंतिम लीग मैच में 21 रन देकर तीन विकेट झटकर गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा को पछाड़ते हुए पर्पल कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। टूर्नामेंट में नूर के पास अब और मौका नहीं जबकि प्लेऑफ में पहुंची गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध के पास आगे मैचों में फिर से बेहतर प्रदर्शन कर आगे निकलने का अवसर है। प्रसिद्ध कृष्णा ने अब तक 14 पारियों में 23 विकेट हैं। हालांकि जीटी के प्लेऑफ में पहुंचने के कारण प्रसिद्ध के पास आगे और भी मैच हैं, जबकि सीएसके का सफर समाप्त हो चुका है। मुबई इंडियंस के ट्रेंट बोल्ट 19 विकेटों के साथ तीसरे और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जॉश हेजलवुड 18 विकेटों के साथ चौथे स्थान पर हैं। जीटी के साई किशोर भी 14 मैचों में 17 विकेट लिए है। कोलकाता नाइट राइडर्स के वरुण चक्रवर्ती भी टूर्नामेंट की 13 पारियों में 17 विकेट ले चुके है। क्रमश: पांचवें और छठे स्थान पर है।



## बृजभूषण शरण के खिलाफ यौन शोषण केस खत्म

■ नाबालिग पहलवान ने कहा था: बहकावे में आ गई, पूर्व सांसद बोले-दूसरा मामला भी क्लोज होगा

**गोंडा, वार्ता।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह को नाबालिग पहलवान से यौन शोषण मामले में बरी कर, केस क्लोज कर दिया। पिछली सुनवाई में नाबालिग अपने बयान से पलट गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने ये निर्णय लिया। यौन शोषण का मामला क्लोज होने के बाद गोंडा में जश्न का माहौल है। नाबा. लिग ने 1 अगस्त, 2023 को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान कहा था कि उसने किसी राजनीतिक या भावनात्मक दबाव में आकर ये आरोप लगाए थे। ऐसी कोई घटना नहीं घटी थी।



जिसमें वह खुद को पीड़िता मानती हो। इस बयान के बाद कोर्ट ने इसे श्गंभीर परिवर्तनीय साक्ष्यश माना था। बृजभूषण बोले कि मामले में सच्चाई नहीं कोर्ट के निर्णय पर दैनिक भास्कर ने पूर्व सांसद बृजभूषण से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह बजरंगबली और प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद है कि मुझे इस मामले में पहली बड़ी जीत मिली है। कथित पहलवानों के भड़कने से नाबालिग पहलवान ने मेरे ऊपर आरोप लगाया था। लेकिन जब उसको सच्चाई पता चली, तो उसने सही बयान दिया था। जिसके आधार पर कोर्ट ने उस मुकदमे को खत्म कर दिया है। कल मैं सबसे पहले अयोध्या पहुंच कर बजरंगबली का आशीर्वाद लूंगा। उसके बाद अपने नंदिनी नगर माता मंदिर पहुचूंगा, जहां आशीर्वाद लेकर अपने घर जाऊंगा। जल्द ही जो अन्य महिला पहलवानों के मामले चल रहे हैं, उसको लेकर हम हाईकोर्ट गए हुए हैं, वह मुकदमा भी जल्द खत्म होगा। उनमें कोई सच्चाई नहीं है।

### खेल विशेष

## मुंबई ने पंजाब को 185 रन का टारगेट दिया

**जयपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2025 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 185 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने 39 बाल पर 57 रनों की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और दो छक्के लगाए। कप्तान हार्दिक पंड्या 26, रोहित शर्मा 24 और रायन रिकलटन 27 रन बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह, मार्को यानसन और विजयकुमार वैशाख ने 2-2 विकेट झटके। हरप्रीत बरार को 1 विकेट मिला। जवाबी पारी में पंजाब ने 4 ओवर में बिना नुकसान के 34 रन बना लिए हैं। प्रियांश आर्या और प्रभसिमरन सिंह क्रीज पर हैं। प्रियांश आर्या ने पहले ओवर में ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके मारे। फिर दीपक चाहर ने मेडन ओवर डाला। दीपक चाहर ने पारी का दूसरा ओवर मेडन डाला। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह को ओवर की सभी 6 बाल डाट कराई। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 10 रन रहा। प्रियांश आर्या ने नई बाल से पहला ओवर डाल रहे ट्रेंट बोल्ट की बाल पर दो चौके लगाए। उन्होंने पहली और आखिरी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके हैं। उन्होंने महज 3 रन दिए। अर्शदीप ने पहली बाल पर नमन धीर को प्रियांश आर्या के हाथों कैच कराया। नमन 20 रन ही बना सके। छठी बाल पर सूर्यकुमार यादव को पगबाधा आउफट किया। सूर्या 39 बाल पर 57 रन ही बना सके। 19वां ओवर डाल रहे विजयकुमार वैशाख ने 23 रन दिए। नमन धीर ने उनके ओवर की शुरुआती दो बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर सूर्यकुमार यादव ने चौथी बाल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया।

## आयरलैंड को हरा विंडीज ने सीरीज बराबरी पर रोकी

**डबलिन, वार्ता।** केसी कार्टी (170) की शतकीय, कप्तान शाई होप (75) और जस्टिन ग्रीव्स (50) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद जेडेन सील्स (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत विंडीज ने तीसरे वनडे वर्षा बाधित मुकाबले में आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस स्टर्न पद्धति से 97 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर है। केसी कार्टी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। रविवार रात खेले गए मुक. ाबले में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। ब्रैंडन और एविन (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। केसी कार्टी और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए 147 गेंदों पर 137 रन की साझेदारी की।

## प्रणॉय-लक्ष्य, सिंधु सिंगापुर बैडमिंटन ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती



**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2025 में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।

महिला एकल रैंकिंग में पीवी सिंधु के साथ वह मालविका बंसोड़, अनमोल खरब और उन्नति हुड्डा के टीम का हिस्सा हैं। सिंधु इस जनवरी में इंडियन ओपन के बाद से लय में नहीं दिख रही और उन्हें लगातार संघर्ष करना पड़ा रहा है। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक-चिराग ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी और चिराग की पीठ की चोट के कारण यह दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल पाये थे। टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय पुरुष एकल में खेलेंगे। किदांबी श्रीकांत ने पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद इस टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया है। महिला युगल में काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी खेलेंगी।

■ टूर्नामेंट के पुरुष एकल में लक्ष्य और प्रणॉय खेलेंगे



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को उरुग्वे को 3-2 से हराकर चार देशों के टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम के लिए सोनम ने (21वें) और कनिका सिवाच ने (46वें, 50वें) मिनट में गोल किए। जबकि उरुग्वे के लिए मिलग्रोस सेगल ने (तीसरे) और अगस्टिना मैरी ने (24वें) मिनट में गोल दागे। उरुग्वे की मिलग्रोस सेगल के तीसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दूसरे क्वार्टर में भारत की सोनम ने 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर (1-1) से बराकर कर दिया। हालांकि तीन मिनट बाद ही उरुग्वे ने अगस्टिना मैरी के गोल की बदौलत फिर से बढ़त हासिल कर ली। तीसरे क्वार्टर के कोई गोल नहीं हुआ लेकिन कनिका सिवाच ने अंतिम चरण में दो गोल करके भारत को जीत दिला दी। उन्होंने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया, उसके बाद 50वें मिनट में मैदानी गोल करके भारत की जीत पक्की कर दी। भारत का अगला मुकाबला 28 मई को अर्जेंटीना से होगा।



## लाहौर कलंदर्स ने जीता पीसीएल

कुसल परेरा बने मैच विनर, नाबाद 62 रन की पारी खेली

**कराची, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स ने क्वेटा ग्लैडिएटर्स को 6 विकेट से हरा कर तीसरी बार पाकिस्तान सुपर लीग का खिताब जीता। पीसीएल के 10 वें सीजन का लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में क्वेटा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 201 रन बनाए। लाहौर कलंदर्स ने एक गेंद बाकी रहते हुए 204 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल परेरा (62) और लोकल बल्लेबाज मोहम्मद नईम (46) ने लाहौर की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, शाहीन अफरीदी ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए।

क्वेटा की ओर से हसन नवाज ने 76 रन की पारी खेली क्वेटा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की। क्वेटा की ओर से हसन नवाज टाप स्कोरर रहे। उन्होंने 43 गेंदों में 76 रनों की पारी खेली। शाहीन ने 3 और सलमान- हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए लाहौर कलंदर्स की ओर से कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। सलमान मिर्जा, हारिस रउफ ने 2-2 विकेट लिए। अफरीदी ने 4 ओवर में 24 रन दिए। सलमान ने 51 और रउफ ने 2 विकेट लिए। इसके अलावा सिकंदर रजा ने 1 ओर राशिद हुसैन ने भी एक विकेट लिए। 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स की अच्छी शुरुआत 202 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी लाहौर कलंदर्स को फखर जमान और मोहम्मद नईम ने बेहतर शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी हुई।

## नए टेस्ट कप्तान पर पुजारा की बेबाक प्रतिक्रिया

दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी ने कहा:गिल के पास टैलेंट की कमी नहीं, सिलेक्टर्स के पास ऑप्शन नहीं था



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने एक सवाल पर कहा कि शुभमन गिल के अलावा टीम इंडिया के पास कैप्टन के लिए कोई और आप्शन नहीं था। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भारत की कप्तानी करना शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए एक चुनौती होगी।

उनके पास अपने को साबित करने का अच्छा मौका है। गिल को शनिवार को रोहित शर्मा की जगह नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। रोहि. हत और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत खेल के सबसे लंबे प्रारूप में नए युग की शुरुआत करेगा। रोहित और कोहली ने इस महीने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। पुजारा ने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक श्सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्कश के आयोजित एक आनलाइन बातचीत में भास्कर के शुभमन गिल को कप्तानी सौंपने के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि गिल का विदेशी धरती पर प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

वहीं, इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें खराब प्रदर्शन की वजह से कुछ मैचों में प्लेइंग इलेवन में भी जगह नहीं मिली थी। पर, जसप्रीत बुमराह खुद ही कह चुके हैं कि इंग्लैंड में पांचों मैच नहीं खेल पाएंगे। वहीं उनकी फिटनेस एक बड़ी समस्या है। ऐसे में गिल के अलावा भारत के पास कैप्टन के लिए दूसरा कोई आप्शन नहीं है। वह 24 साल के हैं, ऐसे में टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। अभी यह कहना कि टीम मैनेजमेंट का डिसीजन सही है या नहीं, मुश्किल होगा। हालांकि, गिल के पास अच्छा मौका है, उनके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। गिल में प्रतिभा की कमी नहीं, बतौर बल्लेबाज सफल होंगे पुजारा ने कहा कि बल्लेबाज के तौर पर भी उन पर बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन मुझे यकीन है कि जिस तरह की प्रतिभा उनमें है वह इंग्लैंड में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि जब आप शीर्ष स्तर पर बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे होते हैं तो आप कभी यह नहीं सोचते कि आप कप्तान हैं या खिलाड़ी, आप हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। आपको इसे अलग रखना चाहिए। जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो आपको कप्तानी के बारे में सोचने के बजाय बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहिए। 37 साल के पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट से अभी संन्यास नहीं लिया है। उन्होंने भारत के लिए टेस्ट मैच जून 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में खेला था। उसके बाद वह टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी टेस्ट टीम में वापसी का सपना देखते हैं, लेकिन अपने करियर की दिशा को लेकर उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है (भारत के लिए फिर से खेलने का), तो मुझे बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है। वह सबसे अच्छी बात होगी। लेकिन साथ ही, मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो वर्तमान में जीना पसंद करता है और जो कर रहा हूं, उसमें लगा रहता हूं। अब तक का करियर शानदार रहा है, मुझे कोई पछतावा नहीं है।

## प्रियांक पंचाल ने लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

प्रियांक 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात का हिस्सा रहे

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात क्रिकेट टीम के दाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांक पंचाल ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने सोमवार प्रियांक पंचाल के क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की जानकारी दी। प्रियांक पंचाल सलामी बल्लेबाज के रूप में 17 वर्ष से अधिक समय तक गुजरात की घरेलु टीम का हिस्सा रहे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका शानदार प्रदर्शन रहा और उन्होंने भारत ए टीम के लिए कप्तानी की। उन्होंने गुजरात ओर से 99 रणजी ट्रॉफी मैचों सहित 127 प्रथम श्रेणी मैच खेले। जिसमें उन्होंने 29 शतक और 34 अर्द्धशतक के साथ 45-18 की औसत से 8856 रन बनाए। उनका सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर (नाबाद 314) था। गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रियांक पंचाल को उनके शानदार करियर के लिए बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

## रेबेका को हराकर इगा फ्रेंच ओपन के अगले दौर में पहुंची

● इगा ने रेबेका को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराया

**पेरिस, वार्ता।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को स्लोवाकिया की रेबेका श्रामकोवा को हराकर फ्रेंच ओपन के अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां कोर्ट फिलिप-चैटियर पर खेले गये मुक. ाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन दूसरे दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी स्वियाटेक ने पहले सेट में जल्दी ही ब्रेक लिया। मैच के दौरान उन्होंने सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और मजबूत सर्विस के साथ गेम में अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि इस दौरान श्रामकोवा ने आक्रामक प्रदर्शन किया लेकिन वह मिले अवसरों को भुनाने में किल रही। दूसरे सेट में भी यही कहानी रही, स्विएटेक ने दो बार और ब्रेक लिया। उन्होंने एक घंटे और 31 मिनट में तक चले मुक. ाबले में स्लोवाकिया खिलाड़ी पर जीत दर्ज की। स्विएटेक की फ्रेंच ओपन में यह लगातार 22वीं जीत है। फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में स्विएटेक का मैच ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू से होगा।



# अटकलों को विराम

सोमवार को संसदीय समिति की बैठक में सरकार ने सीमा पार आतंकवाद के मुद्दे पर अपनी रणनीति साझा की। जिसमें उसने कूटनीतिक पहल और अन्य कोशिशों की पूरी जानकारी दी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद की सलाहकार समिति को बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जो आतंकवाद को केंद्र थे। उन्होंने माना कि इससे पाकिस्तानी सेना के मनोबल को भारी चोट लगी, क्योंकि वह आतंकी शिविरों की रक्षा नहीं कर सकी। उन्होंने यह भी साफ किया कि पाकिस्तान को भारतीय सेना द्वारा उनके क्षेत्र में स्थित आतंकी शिविरों पर किए गए हमलों की जानकारी केवल हमले के बाद डीजीएमओ स्तर पर दी गई थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि पाक को यह सूचना हमलों के बाद दी गई थी। उन्होंने डोनाल्ड ट्रम्प के सीजफायर में हस्तक्षेप की बात से भी इन्कार किया और कहा कि अमेरिकी हस्तक्षेप की जो बातें कही जा रही थीं वह निराधार हैं। उन्होंने तमाम अटकलों को विराम देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का निर्णय भारत में पाकिस्तान की ओर से आए अनुरोध के बाद द्विपक्षीय स्तर पर लिया और इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। उनके कहने का मतलब साफ था कि पाक डीजीएमओ द्वारा संघर्ष विराम की मांग के बाद ही यह सैन्य कार्रवाई रोकी गई। साथ ही यह भी साफ किया कि भारत के किसी भी अधिकारी ने पाक से सीधी बातचीत नहीं दी और जो भी बातचीत हुई वह केवल दो देशों के डीजीएमओ के बीच थी। उन्होंने यह जरूर स्वीकार किया कि अमेरिका व अन्य देश भारत पर पाकिस्तान से वार्ता करने का दबाव बना रहे थे, लेकिन भारत किसी तरह के दबाव में नहीं आया भारत का स्टैंड साफ है कि आतंकवाद और वार्ता एकसाथ नहीं चल सकते। विदेश मंत्री ने कांग्रेस द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की सफाई दी। उनका कहना था कि बेईमानी और घटनाओं का गलत चित्रण किया गया। सिंधू जल समझौते को लेकर समिति द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि फिल्हाल सिंधू जल समझौता स्थगित है और भविष्य में जो कदम उठाया जाएगा उसके बारे में संसद को जानकारी दे दी जाएगी। विदेश मंत्री ने संसदीय समिति से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने की अपील भी की और बताया कि इसी के तहत सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर भेजे गए हैं। असल में कांग्रेस के नेता व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लेकर कई सवाल पूछते रहे हैं और कई बातों को लेकर उनको कटघरे में खड़ा करने की कोशिश करते रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि भारतीय विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी पहले ही पाक को दे दी थी। जयशंकर ने इससे इन्कार किया है और सबसे बड़ी बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो सीजफायर का श्रेय लेते नहीं थकते, उनको भी यह कहकर आयना दिखाया है कि उनकी इसमें कोई भूमिका नहीं है।

## सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है कृषि



कृषि सब्सिडी किसानों के बैंक खातों में मिलनी चाहिए, कृषि सिर्फ आर्थिक क्षेत्र नहीं है, बल्कि इसका उद्योग से व्यापक जुड़ाव है, किसानों की हर प्रकार की सहायता सीधे बैंक खाते में जानी चाहिए, इससे किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी, खाद को लेकर सब्सिडी की राशि बहुत बड़ी है और अन्य भी सब्सिडी की राशियां भी बहुत बड़ी हैं, पर ये अप्रत्यक्ष हैं, यदि ये सब सीधी किसानों को दी जाएं, तो मेरा आकलन है कि हर किसान को हर साल कम से कम 35,000 रुपये मिलेंगे, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को इस पर ध्यान देना चाहिए और अध्ययन कराया जाना चाहिए, इससे किसान को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सीधा किसानों के खाते में जाती है, पर अन्य सहायता भी सीधी किसानों के खाते में जानी चाहिए।

**-जगदीप धनखड़, उप राष्ट्रपति**

# विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक

# पंडित जवाहर लाल नेहरू



**पुण्यतिथि पर विशेष**

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते चाचा नेहरू को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है, जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरू का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। उनका विश्वास था कि गुलामी ने देश की आत्मा को कुचल दिया है और उसे फिर से जगाने के लिए केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं होगी बल्कि आवश्यकता होगी सोच की स्वतंत्रता, अवसर की समानता और ज्ञान की पहुंच की। यही कारण था कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद जिस भारत की कल्पना की, वह कारखानों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, बांधों और अनुसंधान संस्थानों से भरा हुआ भारत था।

पंडित नेहरू की राजनीति केवल सत्ता का अभ्यास नहीं थी, वह एक वैचारिक यात्रा थी। वे केवल नेता नहीं थे, वे विचार थे, प्रगति, धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और मानवतावाद के विचार। उनका विश्वास था कि विविधता में ही भारत की शक्ति है। वे बार-बार कहते थे, भारत की आत्मा अनेकता में एकता है। यही कारण था कि उन्होंने भारत के संविधान में धर्मनिरपेक्षता को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे भारतीय पहचान का अभिन्न हिस्सा बना दिया। बच्चों के प्रति नेहरू जी का प्रेम भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखता है। वे मानते थे कि बच्चे देश का भविष्य नहीं बल्कि वर्तमान हैं, जिनकी देखभाल और शिक्षा आज ही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके दिल में बच्चों के लिए अत्यधिक स्नेह था। वे जब भी किसी विद्यालय या बालसभा में जाते तो बच्चों की आंखों में चमक आ जाती। उनके पास बैठकर बच्चे खुद को सहज महसूस करते थे। वह खुद को चाचा कहलवाना पसंद करते थे क्योंकि उन्हें बच्चों के साथ औपचारिकता से परे आत्मीयता चाहिए थी।

उनका यह प्रेम केवल भावनात्मक नहीं था बल्कि व्यावहारिक योजनाओं और नीतियों के माध्यम से भी परिलक्षित होता था। उन्होंने शिक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया और भारतीय शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई क्रांतिकारी कदम उठाए। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) जैसी संस्थाएं उन्हीं की कल्पनाओं का परिणाम थी, जिनकी नींव उन्होंने अपने कार्यकाल में रखी। नेहरू जी की विदेश नीति ने भी भारत को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के संस्थापकों में उनका नाम अग्रणी था। उनका दृष्टिकोण था कि भारत किसी वैश्विक ध्रुव की कठपुतली नहीं बनेगा बल्कि अपनी स्वतंत्र नीति के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को तय करेगा। उन्होंने शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को भारत की कूटनीति की आधारशिला बनाया। इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो केवल व्यक्ति के जाने की सूचना नहीं देते बल्कि एक युग के समाप्त होने की उद्घोषणा करते हैं। 27 मई 1964 की सुबह भी ऐसा ही एक क्षण थी। दिल्ली के तीन मूर्ति भवन से निकली उस दिन की खबर ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया। पंडित नेहरू नहीं रहे यह वाक्य भारत के हर घर में बिजली की तरह गिरा। लाखों लोग सड़कों पर निकल आए, रेडियो की आवाजें धीमी हो गई, विद्यालयों में मौन धारण किया गया, संसद में सन्नाटा छा गया और बच्चों की आंखों में एक ऐसा खालीपन आ गया, जैसे उनके अपने चाचा अचानक कहीं खो गए हों। उनकी मृत्यु केवल एक राजनीतिक नेता की मृत्यु नहीं थी, यह उस स्वप्नदृष्टा की चुप्पी थी, जिसने भारत को केवल भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि वैचारिक रूप से भी गढ़ा था। उनकी अंतिम यात्रा में जो जनसैलाब उमड़ा, वह भारत के उस भावनात्मक जुड़ाव का प्रमाण था, जो एक नेता और उसके देशवासियों के बीच दुर्लभ होता है। नेहरू जी की मृत्यु के बाद देश को कई तरह के सवालों ने घेरा, क्या उनके बिना भारत उस मार्ग पर चल पाएगा, जो उन्होंने तैयार किया? क्या धर्मनिरपेक्षता, वैज्ञानिक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हो पाएगी? क्या भारत का लोकतंत्र उनकी दूरदर्शिता के बिना टिकाऊ रह पाएगा? समय ने इन प्रश्नों का उत्तर संघर्षों और बदलावों के बीच दिया लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि नेहरू का प्रभाव भारत की रगों में आज भी बहता है। नेहरू जी की आलोचनाएं भी हुई, चीन नीति, कश्मीर, समाजवाद की धीमी प्रगति जैसे विषयों पर कई लोगों ने उनके निर्णयों को कटघरे में खड़ा किया परंतु आलोचना के बीच उनकी मूल नीयत, उनके इरादे और उनकी दूरदृष्टि पर कभी कोई बड़ा प्रश्नचिन्ह नहीं लगाया जा सका। उन्होंने कभी अपने विचारों को छिपाया नहीं, न ही अपने विरोधियों को दबाने की कोशिश की। उनके लिए लोकतंत्र केवल शासन का तरीका नहीं बल्कि जीवन का मूल मंत्र था। भारत आज जब 21वीं सदी में वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है तो यह आवश्यक है कि हम उस नींव को न भूलें, जो नेहरू ने रखी थी। आज की तकनीकी, वैज्ञानिक और शैक्षणिक प्रगति उन्हीं नीतियों की फलश्रुति है, जिन्हें उन्होंने स्वतंत्र भारत की शुरुआत में लागू किया था। एक ऐसे दौर में, जब विश्व युद्धों की विभीषिका से देश जूझ रहा था और भारत को नई पहचान चाहिए थी, तब नेहरू जैसे नेता का मिलना किसी वरदान से कम नहीं था। उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि देने का दिन नहीं बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसका सपना नेहरू ने देखा था? क्या हम बच्चों को शिक्षा, पोषण और संस्कार दे पा रहे हैं? क्या हम विज्ञान और विवेक के मार्ग पर हैं? क्या हम विविधता को अपनाकर एकता को सशक्त कर रहे हैं? इन सवालों के उत्तर खोजते समय पंडित नेहरू की पुस्तकें, उनके भाषण और उनका जीवनदर्शन हमारा मार्गदर्शन कर सकते हैं। डिस्कवरी ऑफ इंडिया जैसी रचनाएं हमें बताती हैं कि उन्होंने भारत को केवल शासन के लिए नहीं बल्कि समझने और आत्मसात करने के लिए अपनाया था। उन्होंने भारत को केवल इतिहास की दृष्टि से नहीं बल्कि सांस्कृतिक, दार्शनिक और मानवीय दृष्टिकोण से देखा। आज भी जब किसी बच्चे की मुस्कान में मासूम सपने दिखते हैं, जब किसी छात्र को वैज्ञानिक प्रयोगशाला में नए आविष्कार की प्रेरणा मिलती है, जब किसी युवा को लोकतांत्रिक अधिकारों का अभ्यास करते समय विश्वास होता है कि वह बदलाव ला सकता है, तब नेहरू की आत्मा मुस्कराती है।

**-अतुल गोयल**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनाली घूमने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

गर्मियों का मौसम हो या फिर सर्दियों का, मनाली में हर सीजन में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलती है। गर्मी में ठंडक के अहसास के लिए लोग मनाली जाते हैं। वहीं सर्दियों में स्नो का नजारा देखने के लिए मनाली जाते हैं। यही वजह है कि यहां पर किसी भी मौसम में पर्यटकों की भीड़ कम नहीं होता है। मई-जून के महीने में अक्सर लोग पूरे परिवार के साथ मनाली ट्रिप का प्लान कर रहे हैं, क्योंकि गर्मियों में बच्चों की छुट्टियां पड़ती हैं। ऐसे में अगर आप इस महीने मनाली घूमने जाने का प्लान कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मनाली घूमने जाने के दौरान किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। गर्मियों के मौसम में जा रहे हैं, यह सोचकर ट्रिप देर से न करें। प्रयास करें कि आस यात्रा की शुरूआत सुबह जल्दी करें। इससे आप आधा रास्ता जल्दी और सुकून से कवर कर लेंगे। वरना आप दिन में मनाली की सड़कों पर लगे जाम में घंटों तक फंसे रह सकते हैं। यदि आप सोच रहे हैं कि गर्मियों में आपको मनाली में होटल सस्ते मिल जाएंगे, तो ऐसा नहीं है। क्योंकि इस दौरान पर्यटकों की भीड़ ज्यादा बढ़ जाती है, इसलिए आप भी पहले से होटल आदि बुक कर लें। वहीं आप मनाली घूमने के लिए ट्रैवल एजेंट या फिर ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। बता दें कि शहर में आपको पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए घंटों ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ सकता है। इसलिए प्रयास करें कि आप ट्रैफिक से बचने के लिए सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। वहीं अगर आप अटल टनल, सोलांग वैली या रोहतांग के आसपास की जगहों को एक्सप्लोर करने का प्लान बना रहे हैं, तो सुबह जल्दी होटल से निकल जाएं। ए जगहें सनसेट व्यू प्वॉइंट के लिए जाने जाते हैं। वहीं मनाली में आप दिन में सर्दी लगने के कारण वहीं बल्कि तेज धूप की वजह से परेशान हो सकते हैं। इसलिए छाता और टोपी साथ लेकर चलें। वहीं गर्मी और सर्दी वाले कपड़े भी लेकर जाएं। क्योंकि रात के समय तापमान यहां पर कम हो जाता है। अगर आपको ऑनलाइन पेमेंट करने में समस्या हो सकती है, इसलिए कैश साथ लेकर चलें।



## गुजरात घूमने का बना रहे प्लान तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर, ट्रिप होगी यादगार

### यहां के टूरिस्ट स्पोट्र्स का कोई मुकाबला नहीं

गुजरात घूमने जा रहे लोगों के लिए जरूरी है कि वह वहां के फेमस टूरिस्ट स्पॉट घूमने जरूर जाएं। क्योंकि जब भी आप किसी जगह पर घूमने के लिए जाते हैं। तो सबसे पहले आपके दिमाग में वही लोकेशन आती हैं। जिनके बारे में वह शहर जाना जाता है। गुजरात में कई ऐसी जगहें हैं, जिसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। ऐसे में अगर आप इन फेमस जगहों पर घूमने नहीं जाते हैं, तो आपको यकीनन अफसोस होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गुजरात की कुछ फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आपको गुजरात की इन फेमस जगहों पर घूमने जरूर जाना चाहिए।

**गिर राष्ट्रीय उद्यान**

गिर राष्ट्रीय उद्यान भारत के फेमस उद्यानों में से एक है। इसको देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। गिर राष्ट्रीय उद्यान एशिया में सिंहों का एकमात्र निवास स्थान माना जाता है। यहां पर आप सफारी का भी आनंद ले सकते हैं। वहीं इस उद्यान में आपको कई तरह के प्रजातियों वाले जीव देखने को मिलेंगे। ऐसे में गुजरात आने के बाद आपको यहां जरूर आना चाहिए।

**सोमनाथ मंदिर**

आपको सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन के लिए जाना चाहिए। यह भारत के प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों में से एक है। भगवान शिव के भक्त दूर-दूर से इस मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। यह मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। अरब सागर के तट पर स्थिति यह मंदिर खूबसूरत होने के साथ चमत्कारी भी माना जाता है। बताया जाता है कि सोमनाथ मंदिर में सच्चे मन से दर्शन करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह परिवार के साथ घूमने के लिए अच्छी जगहों में से एक है।

**स्टैच्यू ऑफ यूनिटी**

बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 182 मीटर ऊंची भव्य प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक है। साल 2018 में पीएम मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। यह गुजरात का फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां का सुंदर नजारा काफी आकर्षित करता है।

# अंधड़, बारिश और अलर्ट: बदलता मौसम, बिगड़ता संतुलन






24-25 मई की रात उत्तर भारत के लिए एक बार फिर ऐसी रात बनकर आई, जिसने न केवल दिल्ली-एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर भारत को झकझोरकर रख दिया। इस प्रचंड मौसमीय तांडव ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया बल्कि एक बार फिर यह संकेत दे दिया कि अब मौसम चक्रों में स्थायित्व नहीं रहा और जलवायु परिवर्तन का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से हमारे सिर पर मंडरा रहा है। एक ओर जहां लोगों को चिलचिलाती गर्मी से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर भीषण बारिश और तेज हवाओं ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। मई महीने में जब उत्तर भारत 44-45 डिग्री सेल्सियस की झुलसाने वाली गर्मी के लिए जाना जाता है, ऐसे समय में अचानक ऐसे तूफान, तेज बारिश और ओलावृष्टि जैसे दृश्य आमतौर पर मानसून के चरम काल में भी दुर्लभ होते हैं।

हालांकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने इस तूफान से पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया था परंतु तूफान की तीव्रता और व्यापक प्रभाव ने पारंपरिक मौसमी पूर्वानुमानों को भी पीछे छोड़ दिया। रविवार की देर रात तेज हवाओं ने पूरे दिल्ली-एनसीआर में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। पश्चिम और उत्तर-पश्चिम दिशा से तेजी से बढ़ते तूफानी बादल महज कुछ ही घंटों में दिल्ली-एनसीआर की ओर आ गए। आसमान में अचानक तेज बिजली चमकने लगी, फिर गरज के साथ बारिश शुरू हुई और देखते ही देखते स्थिति एक शक्तिशाली तूफान में बदल गई। हवा की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, ट्रैफिक सिग्नल गिर गए, बिजली के खंभे झुक गए और कई वाहनों को क्षति पहुंची। आईएमडी के अनुसार, इस दौरान हवा की गति 60 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच गई थी और कुछ स्थानों पर तो यह इससे भी अधिक रिकॉर्ड की गई। केवल दिल्ली ही नहीं, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे एनसीआर के प्रमुख शहरों में भी हालात कुछ अलग नहीं थे। गुरुग्राम में तेज हवा के कारण कई जगहों पर निर्माणाधीन साइटों की छतें उड़ गई जबकि नोएडा में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की क्रेन गिरने से दो लोग घायल हो गए। उत्तर भारत के अन्य भागों, जम्मू, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, राजस्थान में भी यह तूफान तबाही लेकर आया। जगह-जगह सैकड़ों पेड़ उखड़ गए, जिससे कई जगहों पर सड़कों का संपर्क टूट गया। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बादल फटने की घटना भी सामने आई, जहां सात वाहन बह गए और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। पंजाब में वर्षाजनित हादसों में कुछ लोगों की मौत की भी पुष्टि हुई। खेतों में काम कर रहे किसान तेज आंधी की चपेट में आ गए। इससे पहले 21 मई को भी शाम के समय अचानक दिल्ली-एनसीआर का मौसम बदल गया था और अचानक बदले मौसम के बीच भीषण आंधी-तूफान और ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई थी। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि नोएडा, गाजियाबाद सहित देश के कई राज्यों में लोगों के लिए मुसीबत बन गया था। उस दौरान हुए हादसों में 7 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि देशभर में करीब 26 लोगों की मौत होने की सूचना मिली थी। इस साल मई महीने की शुरुआत ही इसी प्रकार के अप्रत्याशित मौसमी बदलावों के साथ हुई थी। 2 मई की सुबह दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में तेज आंधी, बारिश और तूफान जैसी स्थिति बनी थी। दिल्ली में उस दिन 78 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चली थी और बारिश के साथ भारी नुकसान हुआ था। पेड़ उखड़ गए थे, बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी और तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई थी। हालांकि उस समय भी लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई थी लेकिन इस बार मई के अंत में आया यह तूफान कहीं अधिक गंभीर और व्यापक प्रभाव वाला था। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब केवल सामान्य मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं हैं बल्कि जलवायु परिवर्तन के गहरे संकेत हैं। दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण, औद्योगीकरण और पर्यावरणीय असंतुलन अब मौसम चक्रों को अस्थिर कर रहा है। शहरी हीट आइलैंड प्रभाव के चलते रात के तापमान में गिरावट नहीं होती और वातावरण की ऊष्मा बढ़ती जाती है। कंक्रीट, एस्फाल्ट और अन्य मानव निर्मित सतहें सूरज की ऊष्मा को अवशोषित कर लेती हैं और धीरे-धीरे उसे छोड़ती हैं, जिससे रात में भी वातावरण गर्म बना रहता है। 2 मई की सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सामान्यत: ऐसी बारिश के बाद तापमान 18.20 डिग्री तक गिर जाता है। मौसम विभाग ने इस बार के तूफान के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से उठने वाली नम हवाओं के संगम को कारण बताया है। आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ नवंबर से अप्रैल के बीच सक्रिय रहता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह मई-जून में भी सक्रिय रहने लगा है, जो वैश्विक तापमान वृद्धि का संकेत है। यह संकेत स्पष्ट करता है कि पारंपरिक मौसम चक्रों में अब स्थायित्व नहीं रहा और मौसम की गतिविधियां अधिक अनियमित और अस्थिर होती जा रही हैं। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं जब पश्चिमी विक्षोभ से टकराती हैं तो वह एक संगठित मौसमी प्रणाली का निर्माण करती हैं, जिससे उत्तर भारत में भारी वर्षा, तेज हवाएं और ओलावृष्टि होती है। यह आमतौर पर मानसून के मध्य चरणों में होता है लेकिन मई की शुरुआत में या मई के अंतिम सप्ताह में इस प्रकार की घटनाएं असामान्य हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि मौसमी प्रवृत्तियों की दिशा अब बदल रही है। कृषि क्षेत्र पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है।

इस समय अधिकांश क्षेत्रों में मूंग, सब्जियां, तरबूज, खरबूजा और अन्य ग्रीष्मकालीन फसलों की खेती होती हैं। तेज हवाएं, ओलावृष्टि और बारिश इन फसलों को नुकसान पहुंचाती हैं। बिहार, हरियाणा और राजस्थान के किसानों ने फलों और सब्जियों के खराब होने की शिकायत की है। इससे न केवल किसानों की आमदनी प्रभावित होती है बल्कि खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और खुदरा बाजारों में कीमतों पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन का असर अब हिमालय क्षेत्र में भी गहराई से महसूस किया जा रहा है। बर्फबारी का स्तर 23 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है, जिससे हिमालय की नदियों पर निर्भर करोड़ों लोगों की जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। आईपीसीसी की छठी आकलन रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपमहाद्वीप में मौसम अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित और अस्थिर हो गया है। असामान्य तूफान, बेमौसम बारिश और अचानक तापमान में बदलाव, यह सभी इस बात के संकेत हैं कि जलवायु अब अपने पुराने स्वरूप से हट चुकी है। वर्तमान स्थिति में सरकार, वैज्ञानिक समुदाय और आम नागरिकों के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है। अब समय आ गया है कि हम जलवायु परिवर्तन को केवल वैज्ञानिक बहस का विषय न मानें बल्कि इसे सार्वजनिक नीति और व्यक्तिगत जीवनशैली में भी प्राथमिकता दें। भारत को अब मौसम विज्ञान, कृषि, जल संरक्षण, ऊर्जा नीति और शहरी नियोजन को आपस में जोड़ते हुए एक समग्र रणनीति बनानी होगी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भी अपनी रणनीतियों को अद्यतन करना होगा। अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों की जलवायु विशेषताओं के अनुसार अलग योजनाएं बनानी होंगी। दिल्ली-एनसीआर जैसे घने शहरी क्षेत्रों के लिए अलग मॉड्यूल हो जबकि हिमालई क्षेत्रों के लिए भूस्खलन, बाढ़ और बर्फबारी पर केंद्रित योजनाएं हों। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए मौसम अनुकूल बीमा योजनाएं, सटीक पूर्वानुमान सेवाएं और प्राकृतिक आपदाओं से पहले सतर्कता की विश्वसनीय प्रणाली विकसित करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ट्रम्प ने मांगे हार्वर्ड के विदेशी छात्रों के 'नाम और पते'

## अंतर्राष्ट्रीय छात्र अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में नामांकित प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय छात्र के नाम और देश जानना चाहते हैं। यह मांग संघीय न्यायाधीश द्वारा ट्रम्प प्रशासन को हार्वर्ड की विदेशी छात्रों को नामांकित करने की क्षमता को रद्द करने से रोकने के कुछ ही दिनों बाद आई है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि हम जानना चाहते हैं कि वे विदेशी छात्र कौन हैं। यह एक उचित अनुरोध है क्योंकि हम हार्वर्ड को अरबों डॉलर देते हैं लेकिन हार्वर्ड बिल्कुल भी आगे नहीं आ रहा है। हम उन नामों और देशों को चाहते हैं।



उन्होंने आगे कहा कि हार्वर्ड यह क्यों नहीं कह रहा है कि उनके लगभग 31 प्रतिशत छात्र विदेशी देशों से हैं, और फिर भी वे देश, जिनमें से कुछ अमेरिका के लिए बिल्कुल भी अनुकूल नहीं हैं, अपने छात्रों की शिक्षा के लिए कुछ भी भुगतान नहीं करते हैं और न ही वे कभी ऐसा करने का इरादा रखते हैं। किसी ने हमें यह नहीं बताया। ट्रम्प ने आइवी लीग संस्थान से आगे संघीय वित्त पोषण के लिए आवेदन करना बंद करने का भी आह्वान किया। गुरुवार को, होमलैंड सुरक्षा विभाग ने घोषणा की कि वह हार्वर्ड के छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम प्रमाणन को रद्द कर देगा, जिससे विश्वविद्यालय को प्रभावी रूप से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने से रोक दिया जाएगा। सभी मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को किसी अन्य विश्वविद्यालय में स्थानांतरित होना होगा या अपनी कानूनी स्थिति खोनी होगी। हार्वर्ड ने तुरंत प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया और मैसाचुसेट्स में एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को एक अस्थाई निरोधक आदेश जारी किया जिससे सरकार को पूर्ण सुनवाई तक प्रतिबंध लागू करने से रोक दिया गया। हार्वर्ड के डेटा से संकेत मिलता है कि 2023 सेमेस्टर की समाप्ति तक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों ने इसके कुल नामांकन का 27 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बनाया। विश्वविद्यालय वर्तमान में 140 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लगभग 6,800 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और विद्वानों को नामांकित करता है, जिनमें से अधिकांश स्नातक स्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय छात्र अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

### ट्रम्प यूरोपीय संघ पर नौ जुलाई तक शुल्क न बढ़ाने पर सहमत

**न्यूयॉर्क/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक स्थगित करने पर सहमत हो गए हैं। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन पर इस संबंध में अनुरोध किया था। इसके बाद, ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि 'ऐसा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने लिखा कि वॉन डेर लेयेन ने उनसे कहा है कि वह इस मुद्दे पर गंभीर बातचीत करना चाहती हैं। सुलेयेन ने भी 'एक्स' पर लिखा कि ट्रम्प के साथ बातचीत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि यूरोप शुल्क पर तेजी से और निर्णायक रूप से बातचीत आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। इससे पहले, शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

### ट्रम्प की रूस-यूक्रेन के नेताओं पर कड़ी टिप्पणी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर काफी तीखी टिप्पणी करते हुए पुतिन के काम से 'नाखुश' होने और जेलेंस्की को उनके 'बड़बोलेपन' के लिए आड़े हाथों लिया है। ट्रम्प ने न्यूजर्सी के मॉरिसटाउन में एयर फोर्स वन से वाशिंगटन डीसी वापस लौटने से पहले संवाददाताओं से कहा कि 'मैं पुतिन के काम से खुश नहीं हूं। मुझे नहीं पता कि पुतिन को क्या हो गया। मैं उन्हें लंबे समय से जानता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह हमेशा से पुतिन के साथ रहे हैं। लेकिन अब वह शहरों में रॉकेट भेज रहे हैं और लोगों को मार रहे हैं जो उन्हें बिल्कुल भी पसंद नहीं है। उन्होंने कहा हम बातचीत कर रहे हैं जबकि रूस यूक्रेन मे कीव और दूसरे शहरों पर रॉकेट दाग रहा हैं। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं है।



मुंबई। बारिश के बीच जलमग्न वाली सड़क से गुजरते यात्री।

## मेलबर्न शॉपिंग सेंटर में चाकूबाजी के बाद लॉकडाउन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शॉपिंग सेंटर में दो गिरोहों के बीच चाकू से हुए झगड़े के कारण वहां लॉकडाउन लगाना पड़ा। विक्टोरिया राज्य की पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अपराह्न 2:30 बजे के बाद आपातकालीन सेवाएं नॉर्थलैंड शॉपिंग सेंटर पहुंचीं, जो सेंट्रल मेलबर्न से 10 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है। यहां करीब 10 लोगों के बीच झगड़े की खबरें आई थीं। इनमें से कुछ लोग चाकू से लैस थे जिसके कारण वहां लॉकडाउन लगाना पड़ा। पुलिस ने घटनास्थल पर दो किशोरों को गिरफ्तार किया जबकि 20 वर्षीय एक युवक को गंभीर रूप से घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में 15 और 16 साल के दो किशोर शामिल हैं। उन पर झगड़ा करने, जानबूझकर चोट पहुंचाने, नियंत्रित हथियार रखने और नियंत्रित हथियार का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। विक्टोरिया की प्रीमियर जैसिटा एलन ने घोषणा की कि प्रांतीय सरकार एक सितम्बर को चाकू रखने पर कानूनी प्रतिबंध लागू होने से पहले बुधवार से चाकू की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए असाधारण शक्तियों का उपयोग करेगी। बिक्री प्रतिबंध के कारण चाकू रखने पर प्रतिबंध लागू होने से पहले चाकू की आपूर्ति कम हो जाएगी।

## इजरायल ने गाजा में नया संघर्ष विराम प्रस्ताव किया खारिज

**यरुशलम।** इजरायल ने गाजा में हमले रोकने और उसके 10 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य वाले एक नए अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। इजरायल के सरकारी 'कान' टीवी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

इस बाबत जारी 'वार्ता' दल में शामिल एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कान टीवी को बताया कि अमेरिकी मध्यस्थों ने कल रात एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें पांच जीवित बंधकों की रिहाई एवं पांच बंधकों के शवों की सुपुर्दगी, गाजा में मानवीय सहायता सामग्री की आवाजाही, 70-दिवसीय युद्धविराम और स्थाई युद्धविराम की दिशा में बातचीत जैसे मुद्दे शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि इजरायल ने इसे 'हमास के सामने आत्मसमर्पण' मानते हुए

**इजरायली सेना की वापसी या फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं**

सिरे से खारिज कर दिया है। इजरायल ने तथाकथित 'विटकॉफ' प्रारूप पर जोर दिया है, जो देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा मार्च की शुरुआत में प्रस्तुत एक प्रस्ताव है। इसमें 50-दिवसीय युद्धविराम के बदले में अतिरिक्त इजरायली बंधकों की रिहाई और लंबे समय तक युद्धविराम पर बातचीत करने का वायदा किया गया है। इसमें हालांकि इजरायली सेना की वापसी या फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का उल्लेख नहीं है, जो हमास की दो प्रमुख मांगें हैं। इस बीच, इज़रायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का एक और दौर पिछले गुरुवार को नेतन्याहू द्वारा देश के प्रतिनिधिमंडल को वापस बुलाये जाने के बाद समाप्त हो गया। इसका उद्देश्य इज़रायल के 19 महीने लंबे सैन्य अभियान को समाप्त करना और गाजा में अभी भी बंधक बनाकर रखे गए 58 लोगों की रिहाई सुनिश्चित करना था। इज़रायल ने दो महीनों के संघर्षविराम के बाद मार्च में तीन चरण के युद्धविराम समझौते को समाप्त कर दिया था, इस दौरान हमास ने 33 इज़रायली बंधकों को रिहा किया। इजरायल ने हालांकि दूसरे चरण में इस बाबत आगे बढ़ने से इनकार कर दिया और गाजा पर अपना हमला फिर से शुरू कर दिया। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद से लेकर अब तक क्षेत्र में 53000 से अधिक फ़लस्तीनी मारे गए हैं।

## अफगानिस्तान के 480 शरणार्थियों की घर वापसी

**काबुल।** पाकिस्तान और ईरान से कुल 480 अफगान शरणार्थी परिवार अफगानिस्तान लौट आए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने सोमवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी पूर्व शरणार्थियों को अपने वतन लौटने के बाद क्रॉसिंग पॉइंट पर आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। पिछले सप्ताह ईरान और पाकिस्तान से 3300 से अधिक अफगान शरणार्थी परिवार अपने वतन लौट आए। उल्लेखनीय है कि लगभग 70 लाख अफगान शरणार्थी विदेश में रह रहे हैं और कथित तौर पर पिछले साल 20 लाख शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश पड़ोसी देश पाकिस्तान और ईरान से हैं, अफगानिस्तान लौट आए हैं क्योंकि मेजबान देशों ने बिना दस्तावेज वाले शरणार्थियों को घर लौटने के लिए कहा है।

## गाजा पर इजरायली हमलों में 34 मरे

**गाजा।** गाजा में ताजा इजरायली हमलों में कम से कम 34 फलस्तीनी मारे गए जिनमें एक पत्रकार और नागरिक सुरक्षा का एक अधिकारी शामिल हैं। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने यह जानकारी दी है।

प्रवक्ता ने बताया कि उत्तरी गाजा के जबालिया और बेत लाहिया में घरों और सभाओं पर इजरायली हवाई हमलों में पत्रकार हसन अबू वर्दा सहित दस लोग मारे गए और दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में घरों, एक सभा और एक मोटरसाइकिल पर इजरायली हमलों में 14 लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि मध्य गाजा में डेयर अल-बलाह शहर में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर इजरायली हमले में पांच लोग मारे गए। नागरिक सुरक्षा में संचालन के निदेशक अशरफ अबू नार और उनकी पत्नी अपने घर पर इजरायली

**2023 से गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है**

बमबारी में मारे गए और नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक तंबू पर इजरायली हमले में एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। बसल ने कहा कि गाजा शहर के उत्तर में अल-करामा पड़ोस में फलस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर इजरायली ड्रोन द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई और शहर के पश्चिम में ताल अल-हवा पड़ोस में एक वाहन पर इजरायली हमले में एक और व्यक्ति मारा गया। इस बीच रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने कहा कि शनिवार को खान यूनिस में उनके घरों पर इजरायली हमलों में उसके दो फलस्तीनी कर्मचारी मारे गए। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने भी कहा कि उसके सदस्यों ने खान यूनिस के पूर्व में अल-क़रारा शहर के पूर्व में एक घर के अंदर शरण लिए हुए एक सैन्य बल को निशाना बनाकर एक जटिल अभियान चलाया। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि उत्तरी गाजा में हमास के साथ संघर्ष के दौरान उसकी 52वीं बटालियन का एक टैंक कमांडर गंभीर रूप से घायल हो गया। इजरायल ने हमास के साथ जनवरी में हुए युद्ध विराम समझौते के पहले चरण की समाप्ति के बाद दो मार्च को गाजा में माल और आपूर्ति के प्रवेश को रोक दिया। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजरायल ने 18 मार्च को गाजा पर हमले फिर से शुरू कर दिए। हमले में अब तक 3785 लोग मारे गए हैं और 10756 घायल हुए हैं। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार अक्टूबर 2023 से गाजा में मारे गए पत्रकारों की संख्या बढ़कर 220 हो गई है।

### गाजा हमले में दो आईसीआरसी कर्मचारियों की मौत

**गाजा सिटी।** अंतर्राष्ट्रीय लाल क्रॉस समिति (आईसीआरसी) के दो कर्मचारी दक्षिणी गाजा पट्टी में उनके घर पर हुए हमले में घायल हो गए। आईसीआरसी ने अपने बयान में कहा कि हम अपने दो प्रिय सहयोगियों इब्राहिम ईद और अहमद अबू हिलाल की मौत से बहुत दुखी हैं, जो शनिवार को खान यूनिस में अपने घर पर हुए हमले में मारे गए। हम उनके परिवारों, मित्रों और सहयोगियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। आईसीआरसी ने संघर्षविराम और नागरिकों, मेडिकल व राहत कर्मियों की सुरक्षा की मांग की है।



## इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने से पहले क्वारंटीन हुए शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाने से पहले क्वारंटीन में चले गए हैं। उनके साथ मिशन के अन्य तीन एस्ट्रोनाट ने भी शनिवार को क्वारंटीन में प्रवेश किया। शुभांशु ने कहा-मुझे पूरा भरोसा है कि एक्सिओम मिशन सफल होगा। यह कमर्शियल स्पेस फ्लाइट के लिए मील का पत्थर साबित होगा। एक्सिओम स्पेस ने एक कार्यक्रम में मिशन पर जाने वाले क्रू को विदाई दी।

दरअसल, अंतरिक्ष में जाने से पहले क्वारंटीन एक जरूरी फेज होता है। इसमें पूरे क्रू को आइसोलेशन में रखा जाता है, ताकि वो पूरी तरह से स्वस्थ्य रहे और मिशन के दौरान उन्हें कोई संक्रमण ना हो। एक्सिओम मिशन

**बोले: पूरा भरोसा कि मिशन सफल होगा, आठ जून को एक्सिओम मिशन के तहत आईएसएस जाएंगे**

4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 8 जून को 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है। एक्सिओम स्पेस ने क्वारंटीन एंट्री से पहले एक स्पेशल इवेंट किया। इसमें साथी कर्मचारियों और वैज्ञानिकों ने ट्रेडिशनल तरीके से क्रू को विदाई दी। शुभांशु के साथ तीन और एस्ट्रोनाट जाएंगे एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल में भारत, पोलैंड और हंगरी के मेंबर शामिल हैं। स्लावोज़ उजनान्स्की 1978 के बाद स्पेस में जाने वाले पोलैंड के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे। टिबोर कापू 1980 के बाद स्पेस में जाने वाले हंगरी के दूसरे एस्ट्रोनाट होंगे।

## चीन, इंडोनेशिया स्थानीय मुद्रा लेन-देन को बढ़ावा देने पर सहमत

**बीजिंग।** चीन और इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोग ढांचा स्थापित करने के लिये समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा कि चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की संयुक्त गवाही के तहत, पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) के गवर्नर पैन गोंगशेंग और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) के गवर्नर पेरी वारजियो ने स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के वास्ते एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

## शराब से सऊदी में हटेगा बैन

### 600 टूरिस्ट प्लेस पर खुलेंगी दुकानें, वर्ल्ड एक्सपो और फुटबाल वर्ल्डकप के चलते तैयारी

**रियाद।** कट्टर इस्लामी नियमों को लेकर मशहूर सऊदी अरब अब शराब पर बैन हटाने की तैयारी में जुट गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी सरकार देश में 600 टूरिस्ट प्लेस पर शराब की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। मेट्रो न्यूज के मुताबिक शराब की अनुमति देने वाले नए लाइसेंसिंग कानून 2026 में लागू होंगे।

ऐसा 2030 में वर्ल्ड एक्सपो और 2034 में शुरू होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सऊदी अरब में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) के हाथों में सत्ता आने के बाद से कई बड़े बदलाव हो चुके हैं। उन्होंने



महिलाओं को गाड़ी चलाने की इजाजत दी, सिनेमाघर फिर से खोले और संगीत समारोहों की भी मंजूरी दी। अब शराब को भी सीमित तौर पर मान्यता देने की तैयारी हो रही है। सऊदी अरब में शराब पर बैन की असली वजह वहां के इस्लामिक कानून (शरिया) हैं। इसके अलावा इस्लाम से जुड़े दो पवित्र शहरों मक्का और मदीना होने की वजह से यहां शराब के खिलाफ बने नियमों को सख्ती से लागू किया जाता रहा है। कुरान में शराब को हराम माना गया है, क्योंकि यह सामाजिक और नैतिक बुराइयों का कारण बन सकती है। यहां पर शराब से संबंधित अपराधों (बिक्री, तस्करी, सेवन) के लिए सजा में कोड़े मारना, जेल, जुर्माना, या विदेशियों के लिए निर्वासन शामिल है। यह शराब सिर्फ कुछ लाइसेंस प्राप्त जगहों जैसे 5-स्टार होटल, लग्जरी रिसार्ट और खास विदेशी इलाकों में ही मिलेगी। यहां सिर्फ बीयर, वाइन जैसे हल्के अल्कोहल वाले पेय ही मिलेंगे। 20 प्रतिशत से ज्यादा अल्कोहल वाले पेय अभी भी बैन रहेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर ने तोड़ी मुनीर सेना की कमर

### बलूचिस्तान से पीओके तक टुकड़े-टुकड़े होने वाला है पाकिस्तान!

**वाशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर ने ना सिर्फ पाकिस्तान सेना को करारी शिकस्त दी है। बल्कि पाकिस्तान को अंदर से तोड़ दिया है। दरअसल आसिम मुनीर की फिसढी फौज का खोखला दम दुनिया के सामने आ चुके हैं।

अब पाकिस्तान के अलग-अलग हिस्सों में आजादी के लिए विद्रोह हो रहा है और इसमें सबसे आगे बलूचिस्तान है। जहां के बलूच लड़ाकों की दहाड़ से पाकिस्तान सेना के पैर उखड़ रहे हैं। शहबाज-मुनीर को अब पाकिस्तान के टुकड़े-टुकड़े होने का डर सता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद पहलगाम आतंकी हमले का बदला था, लेकिन इस ऑपरेशन ने बलूचिस्तान से लेकर पीओके तक नई जान फूंक दी है। पाकिस्तान के

**पाक के अलग-अलग हिस्सों में आजादी के लिए विद्रोह हो रहा है और इसमें सबसे आगे बलूचिस्तान**

हर एक हिस्सा से आजादी की मांग उठ रही है और शहबाज मुनीर की जोड़ी मीटिंगों के सिवा कुछ नहीं कर पा रही। दरअसल पाकिस्तान में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ 3 फ्रंट खुल गए हैं। पहला फ्रंट बलूचिस्तान का है, जहां बलूच नेताओं ने स्वतंत्र बलूचिस्तान का एलान कर डाला है। तो वहीं बलोच लड़ाके लगातार पाकिस्तान सेना पर हमला कर रहे हैं। दूसरी फ्रंट सिंध का है, यहां अलग-अलग जगह आजादी की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतरे हैं। तीसरी फ्रांट पीओके में खुल गया है, जहां मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान सेना के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन जारी है। पाकिस्तान में सबसे बुरा हालात इस वक्त बलूचिस्तान के हैं। जहां हाल ही में बलूच नेता मीर यार ने स्वतंत्र बलूचिस्तान का एलान किया था। जिसके बाद से ही पाकिस्तान सेना पर जगह-जगह बड़े हमले हो रहे हैं। बीते 48 घंटे में बलूचिस्तान में बीएलए ने 3 जगह बड़े हमले किए गए। इन हमलों में बीएलए का टारगेट पाकिस्तान सेना थी। 24 घंटे में बलूचिस्तान के कलात, केच और अवारन में बीएलए ने हमला किया, तीनों जगहों पर कुल 4 आईईडी ब्लास्ट किए गए। सबसे बड़ा हमला कलात में हुआ, जहां पाकिस्तान सेना की 2 गाड़ियों को आईईडी धमाके में उड़ा दिया गया।

## फिलीपींस में गोलीबारी, चार लोगों की मौत

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत कैविटे में सोमवार सुबह गोलीबारी में हमलावर सहित चार लोग मारे गए और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब आठ बजे दासमारिनास शहर में झंडा फहराने समारोह के दौरान गांव के हॉल के सामने गोलीबारी हुई। सूचना मिलने पर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि चार लोग गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। एक महिला भी घायल हुई है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में तीन गांव के अधिकारी थे। मृतक में एक हमलावर भी है। जिसकी पहचान 50 वर्षीय पूर्व चौकीदार के रूप में हुई है।

## तुर्की-पाक बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

### शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से की मुलाकात

**इस्तांबुल।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से यहां मुलाकात की तथा इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का संकल्प लिया।

दोनों नेताओं के बीच यहां हुई बैठक के बाद तुर्की के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में एर्दोगन ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच हर क्षेत्र में, विशेष रूप से ईधन, परिवहन और रक्षा में सहयोग बढ़ाने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष पांच अरब डॉलर के व्यापार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठाना जारी रखेंगे। इसके अलावा इस्तांबुल-तेहरान-इस्लामाबाद रेलवे लाइन की दक्षता में सुधार के महत्व पर जोर दिया। इस बीच शरीफ ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दोनों पक्षों ने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों, विशेष रूप से व्यापार और निवेश में चल रही प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने यह भी लिखा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने के अपने संकल्प की पुष्टि की।



**आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तुर्की और पाकिस्तान के बीच बढ़ती एकजुटता दोनों देशों के हितों की पूर्ति करती है: रेसेप एर्दोगन**

## इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला आया सामने

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में एमपॉक्स का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। इथियोपिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान ने एक संयुक्त बयान में कहा कि केन्या की सीमा के पास मोयाले शहर में 21 दिन के एक शिशु में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। मंत्रालय ने कहा कि बाद में किए गए परीक्षण में भी पुष्टि हुई है कि बच्चे की मां भी वायरस से संक्रमित है। मंत्रालय ने कहा कि बच्चे और उसकी मां को क्वारंटीन में रखा गया है। मंत्रालय के अनुसार बच्चे और उसकी मां दोनों को अब तक कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं हुई है और वे फिलहाल स्थिर स्थिति में हैं।